दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : शनिवार, 10 अक्टूबर, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-229 ■ पृष्ठ-17 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com

कानून-विधि व्यवस्था को हर हाल में बेहतर बनाये रखें : मुख्यमंत्री

सीएम ने की कानून-व्यवस्था की उच्चस्तरीय समीक्षा

पटना (एनएसबी)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में राज्य में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में गृह विभाग के प्रधान सचिव तथा पुलिस मुख्यालय के वरीय अधिकारियों ने कानून-व्यवस्था की स्थिति, संज्ञेय अपराधों, अपराध नियंत्रण, साइबर अपराध, मद्यनिषेध, नशामुक्ति और आर्थिक अपराधों से संबंधित कार्यों की जानकारी दी।

समीक्षा के दौरान सीएम ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। अपराधियों, असामाजिक तत्वों और समाज में अशांति फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। अपराधियों की जिलावार एवं थानावार सूची के आधार पर उनकी पहचान कर उनके विरुद्ध नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई की जाए। अपराध नियंत्रण अधिनियम (सीसीए) के प्रावधानों का आवश्यकतानुसार उपयोग करते हुए आदतन अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर सख्त निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि अपराध के मामलों में त्वरित एवं प्रभावी अनुसंधान के साथ-साथ अभियोजन को मजबूत किया जाए, ताकि दोषियों को कानून के अनुसार जल्द सजा मिल सके। सीएम ने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों और उन स्थानों की पहचान करें, जहां अशांति या आपराधिक गतिविधियों की आशंका रहती है। ऐसे क्षेत्रों में नियमित गश्त, सतत निगरानी और पुलिस की सक्रिय उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। साथ ही, जिला दंगा निरोधी दस्ते के पुनर्गठन तथा विशेष कार्य बल को अधिक सशक्त एवं आधुनिक बनाने पर जोर दिया। सीएम ने डायल-112 की व्यवस्था को और बेहतर बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने साइबर अपराध से जुड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए सभी जिलों में प्रभावी निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली भ्रामक, आपत्तिजनक या कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वाली सामग्री पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं सीएम ने नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने और कार्रवाई तेज करने का निर्देश दिया। आर्थिक अपराधों की समीक्षा के दौरान सीएम ने अवैध तरीके से संपत्ति या आर्थिक लाभ अर्जित करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सीएम ने महिला पुलिसकर्मियों के लिए बेहतर कार्य वातावरण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु उचित व्यवस्था विकसित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सार्वजनिक स्थलों पर अशांति फैलाने वाले तत्वों पर निगरानी बढ़ाने तथा अश्लील एवं द्विअर्थी गीतों के माध्यम से कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका वाले मामलों में नियमानुसार कार्रवाई करने पर भी जोर उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।



अपराधियों और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश

मुख्य बिंदु

- अपराधियों की जिलावार एवं थानावार सूची तैयार कर सख्त कदम उठाने के निर्देश
- डायल-112 की प्रतिक्रिया अवधि को और बेहतर बनाने पर जोर
- नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करें
- प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी करने वालों पर सख्त कार्रवाई हो

शास्त्रीय संगीत हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविंद्र भवन में स्पिक मैके द्वारा आयोजित तीन दिवसीय दुर्गा स्वरोत्सव, 2026 का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर सीएम ने कहा कि आज की तेज रफ्तार जिंदगी में लोगों की कला और संगीत के प्रति रुचि कम होती जा रही है। शास्त्रीय संगीत से भी लोगों की दूरी बढ़ी है। ऐसे में अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोकर रखना और उसे अगली पीढ़ी तक पहुंचाना बेहद जरूरी है। सीएम ने कहा कि शास्त्रीय संगीत हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यदि हमें मानसिक शांति प्राप्त करनी है, तो शास्त्रीय संगीत को अपने जीवन का हिस्सा बनाना होगा।

गोपालगंज SDM के ठिकानों पर निगरानी की छापेमारी

ऑफिस और आवास में 7 घंटे तक चली जांच





पटना सहित अन्य जगहों पर अर्जित संपत्ति की हो रही जांच

गोपालगंज (एनएसबी)। गोपालगंज के अपर जिला दंडाधिकारी (एडीएम) राजेश्वरी पाण्डेय के ठिकानों पर शुक्रवार को विशेष निगरानी इकाई (एसवीयू) की टीम ने छापामारी की।

इस दौरान शहर के ब्लॉक कॉलोनी स्थित उनके सरकारी आवास व कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कार्यालय में तलाशी ली गई। एसवीयू की टीम संपत्ति से जुड़े दस्तावेजों और अन्य महत्वपूर्ण तथ्यों की जांच कर रही है। कार्रवाई के दौरान सरकारी आवास से जमीन से संबंधित कुछ कागजात मिलने की जानकारी सामने आई है। छापामारी में शामिल डीएसपी एके अकेला ने बताया कि राजेश्वरी पाण्डेय के आवास से पटना सहित अन्य स्थानों पर संपत्ति अर्जित करने से संबंधित दस्तावेज मिले हैं। इन कागजातों की जांच कराई जा रही है। जांच के बाद ही संपत्ति से जुड़े मामलों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। कार्रवाई के दौरान एसवीयू के दो इंस्पेक्टर व चार अन्य पुलिस पदाधिकारी भी शामिल रहे। करीब सात घंटे तक यह छापामारी की गई। इस दौरान उनके आवास के बाहर सन्नाटा पसरा रहा। वहीं आवास के गार्ड से भी पूछताछ की गई। राजेश्वरी पाण्डेय बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं।

47वीं बीपीएससी बैच के अधिकारी हैं राजेश्वरी

राजेश्वरी पाण्डेय बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं. वह बिहार लोक सेवा आयोग की 47वीं बैच के पदाधिकारी बताए जा रहे हैं। राजेश्वरी पाण्डेय 2010 में सरकारी सेवा में आए थे।गोपालगंज में अपर जिला दंडाधिकारी के पद पर तैनाती से पहले वह राज्य के अलग-अलग जिलों और विभागों में जिम्मेदारी संभाल चुके हैं. उनके पूर्व पदस्थापनों में पूर्णिया में सीनियर डिप्टी कलेक्टर, योजना एवं विकास विभाग में ओएसडी, धमदाहा में एसडीएम, बारसोई में एडीएम और मोतिहारी में आपदा प्रबंधन से जुड़ी जिम्मेदारी शामिल रही है।

संक्षिप्त खबरें

छात्र ने ऑनलाइन गेम में 1.45 लाख रुपये गंवाए

पटना। ऑनलाइन गेम में पैसे हारने और दोस्तों से लिए गए कर्ज को चुकाने के दबाव में बुद्धा कालोनी इलाके में रहकर पढ़ाई करने वाले छात्र ने अपने ही अपहरण की झूठी कहानी रच दी। उसने परिजनों को फोन कर अपहरण की सूचना दी और छोड़ने के बदले दो लाख रुपए की फिरौती मांगी। पिता ने उसके खाते में 75 हजार रुपए भी भेज दिए। हालांकि, पुलिस ने उसे मुजफ्फरपुर के सराय टोल प्लाजा के पास एक बस से सुरक्षित बरामद कर लिया। पुलिस की शुरूआती जांच में सामने आया कि छात्र ने अपने दोस्तों से रुपए उधार लेकर ऑनलाइन गेम खेला था।

यूपी की 10 राज्यसभा सीटों में भाजपा ने आठ व सपा ने दो जीते

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में राज्यसभा की 10 सीटों के लिए सियासी तस्वीर साफ हो गई है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आठ और समाजवादी पार्टी (सपा) के दो उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए हैं। नामांकन पत्रों की जांच में दो निर्दलीय उम्मीदवारों के पर्चे खारिज होने और नाम वापसी की समयसीमा तक किसी अन्य प्रत्याशी के मैदान में नहीं रहने से सभी सीटों पर निर्विरोध निर्वाचन का रास्ता साफ हो गया।

गुजरात के कच्छ में सड़क हादसे में 7 मरे

कच्छ। गुजरात के कच्छ में शुक्रवार सुबह ट्रक और पिकअप बोलेरो की टक्कर में बोलेरो में सवार सात मजदूरों की मौत हो गई। वहीं, 20 लोग घायल हैं। सभी घायलों को भुज सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बोलेरो का केबिन चकनाचूर हो गया था और ट्रक उसके नीचे दब गया था, जिससे लोग असहनीय दर्द से चीख रहे थे। कच्छ कलेक्टर अनिल राणावासिया ने कहा कि बोलेरो में करीब 30 लोग सवार थे।

सोन नदी में डूबने से सगे भाईयों की मौत

पटना। पटना जिले के मनेर थाना क्षेत्र के सादिकपुर स्थित सोन सोता नदी में डूबने से दो सगे भाइयों की मौत हो गई. घटना के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। हादसे की खबर फैलते ही गांव के लोग घटनास्थल पर जुटने लगे। इस घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है। मृतकों की पहचान चंदन पासवान के पुत्र डब्लू कुमार और बबलू कुमार के रूप में की गई है. दोनों सगे भाई थे. नदी में डूबने की घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

वैशाली की चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कामिनी प्रसाद रिश्वत लेते गिरफ्तार

पटना/हाजीपुर (एनएसबी)। वैशाली में 8600 रुपये घूस लेती पकड़ी गई प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कामिनी प्रसाद के खाते में 99 लाख 61 हजार रुपये जमा मिले हैं। शुक्रवार की दोपहर वैशाली में गिरफ्तारी के बाद निगरानी ने देर शाम महिला डाक्टर के पटना के बहादुरपुर हाउसिंग कालोनी के आवास पर छापेमारी की। इसमें आवास से 15 लाख नकद, फ्लैट एवं बीमा के कागजात और सोने-चांदी के जेवर आदि बरामद हुए हैं। खाते में भी साढ़े 99 लाख से अधिक जमा पाया गया है, जिसे फ्रीज कराने की कार्रवाई की जाएगी।

आय से अधिक संपत्ति मामले की भी जांच : देर रात तक छापेमारी की कार्रवाई जारी थी। इस मामले में निगरानी आय से अधिक संपत्ति मामले के आधार पर भी जांच कर कार्रवाई करेगी। दरअसल, निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने शुक्रवार को वैशाली के पटेड़ी, बेलसर PHC की प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कामिनी प्रसाद और डाटा इंट्री आपरेटर हिमांशु कुमार को 8600 रुपये रिश्वत लेते कार्यालय कक्ष से गिरफ्तार किया था। पटेढ़ी, बेलसर के आयुष्मान आरोग्य मंदिर



के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी जयपाल सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके बकाया बिल के भुगतान के बदले प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक और डाटा इंट्री आपरेटर रिश्वत की मांग कर रहे हैं। उनका 96 हजार रुपये का इंसेंटिव समेत अलग-अलग मदों में कुल एक लाख 29 हजार 800 रुपये बकाया है। दोनों से पूछताछ के बाद उन्हें मुजफ्फरपुर के निगरानी विशेष न्यायालय में पेश किया जाएगा। शिकायतकर्ता जयपाल सिंह मूल रूप से राजस्थान के सिकर जिले के धौद थाना अंतर्गत मांडोला गांव के रहने वाले हैं।

नवरात्र पर पटना और प्रयागराज के बीच चलेगी मेमू स्पेशल ट्रेन

पटना (एनएसबी)। शारदीय नवरात्र मेले में विंध्याचल जाने वाले श्रद्धालुओं की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे ने पटना और प्रयागराज के बीच अनारक्षित मेमू मेला स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। ट्रेन का परिचालन 11 से 26 अक्टूबर तक प्रतिदिन होगा। इससे पटना, आरा, बक्सर, डीडीयू, मिजार्पुर और विंध्याचल समेत रास्ते के अन्य स्टेशनों के यात्रियों को सुविधा मिलेगी। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि ट्रेन संख्या 04182 प्रयागराज-पटना मेमू मेला स्पेशल प्रयागराज से प्रतिदिन सुबह 11:15 बजे चलेगी और रात 8:15 बजे पटना जंक्शन पहुंचेगी। रास्ते में यह नैनी, मेजा रोड, मांडा रोड, विंध्याचल, मिजार्पुर, चुनार, डीडीयू, बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशन पर रुकेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 04181 पटना-प्रयागराज मेमू मेला स्पेशल पटना जंक्शन से रात 9 बजे चेलेगी। यह दानापुर, आरा, बक्सर, डीडीयू, चुनार, मिजार्पुर, विंध्याचल, मांडा रोड, मेजा रोड और नैनी स्टेशन पर रुकते हुए अगले दिन सुबह 6:30 बजे प्रयागराज पहुंचेगी।

विपक्षी दलों ने राष्ट्रपति से की मुलाकात

राष्ट्रपति ने वोट चोरी के सबूत मांगे एक्शन लेने का दिया भरोसा : राहुल

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंडिया ब्लॉक के 10 सांसदों का डेलीगेशन शुक्रवार रात राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिला। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की।मीटिंग से बाहर आकर राहुल ने कहा कि पूरा देश जानता है कि देश में वोट चोरी हो रही है। राष्ट्रपति ने भी इससे इनकार नहीं किया।वहीं खड़गे बोले- हमने वोट चोरी के बारे में राष्ट्रपति जी को बताया है। जहां जहां वोट चोरी हुई है। राष्ट्रपति ने उसके सबूत मांगे हैं, वो हम जुटा रहे हैं।विपक्षी सांसदों ने आज पार्लियामेंट के सेंट्रल हॉल में करीब 30 मिनट मीटिंग की। ममता बनर्जी पहली बार ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जारी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुईं। विपक्षी सांसदों ने पिछले 4 दिनों में ज्ञानेश कुमार के खिलाफ तीसरा मार्च निकाला है। इससे पहले 6 अक्टूबर को सेव डेमोक्रेसी मार्च निकाला था। फिर 7 मार्च को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के लिए गए थे। रास्ते में रोक दिया गया। 8 अक्टूबर को कनॉट प्लेस से राजघाट तक मार्च निकाला था।



आज प्रदर्शन करने उतरेगी सीजेपी किले में तब्दील हुई नई दिल्ली

नई दिल्ली। जंतर मंतर पर प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिलने के बावजूद शनिवार को सीजेपी (कॉकरोच जनता पार्टी) प्रदर्शन करने के लिए सड़कों पर उतरने की तैयारी कर चुकी है। उधर पुलिस ने नई दिल्ली को पूरी तरह से किले में तब्दील कर दिया है। नई दिल्ली में 20 जगहों पर नाकाबंदी की गई है, जहां से कड़ी जांच के बाद ही प्रवेश मिलेगा। वहीं प्रदर्शनकारी अगर यहां पहुंचे तो उन्हें तुरंत हिरासत में ले लिया जाएगा। ऐसे सभी पाइंट पर 300 से 400 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है प्रदर्शनकारी नई दिल्ली न पहुंचे इसके लिए 57 मेट्रो स्टेशन बंद किए गए हैं जबकि तीन दर्जन से ज्यादा रेलगाड़ियों को रद्द कर दिया गया है।

बिहार पुलिस विशेष शाखा सिपाही भर्ती का रिजल्ट जारी

पटना (एनएसबी)। केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) ने बिहार पुलिस की विशेष शाखा में सिपाही (सामान्य बंद संवर्ग) के 83 पदों पर सीधी भर्ती के लिए अंतिम परीक्षा परिणाम शुक्रवार को जारी कर दिया। चयनित कुल 83 अभ्यर्थियों में 52 पुरुष और 31 बिहार मूल की महिलाएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त चयनित अभ्यर्थियों में दो स्वतंत्रता सेनानी के आश्रित भी अपनी जगह बनाने में सफल रहे हैं। इसके लिए कुल दो लाख 33 हजार 479 अभ्यर्थियों ने आनलाइन पंजीकरण कराया था, जिनमें से 64 हजार 408 अभ्यर्थियों ने लिखित परीक्षा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। यह लिखित परीक्षा 24 जून 2026 को एकल पाली में संपन्न हुई थी। लिखित परीक्षा के प्रदर्शन के आधार पर शारीरिक जांच एवं माप परीक्षा के लिए कुल 254 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया था।राजधानी में 12 सितंबर 2026 को आयोजित शारीरिक परीक्षा में 250 अभ्यर्थी भौतिक रूप से शामिल हुए, जिसमें 156 पुरुष और 94 महिला अभ्यर्थी शामिल थीं।

वर्ल्डस्किल्स कॉम्पिटिशन के प्रतिभागियों से प्रधानमंत्री मिले, बातचीत कर अनुभव जाना

6 युवाओं ने सिल्वर मेडल जीते, 10वें स्थान पर रहा भारत

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित अपने आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर वर्ल्डस्किल्स प्रतियोगिता 2026 में हिस्सा लेने वाले भारतीय दल के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। चीन के शंघाई में 22 से 27 सितंबर तक हुई इस प्रतियोगिता में भारत ने 10वां स्थान हासिल किया था। भारत ने 6 सिल्वर मेडल और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 20 मेडल हासिल किए। 2024 में भारत 13वें, अब 10वें स्थान पर है। मोदी ने कहा कि युवाओं के लिए प्रैक्टिकल स्किल्स उतनी ही महत्वपूर्ण हैं, जितनी अकादमिक डिग्रियां। उन्होंने स्किल ट्रेनिंग संस्थानों को क्लब और क्लब के बराबर महत्व का बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि तकनीक तेजी से बदल रही है, इसलिए युवाओं को लगातार नई स्किल सीखने, अपनी क्षमताओं को बेहतर बनाने और उभरती



तकनीकों के अनुरूप खुद को तैयार करने की जरूरत है। पीएम ने प्रतिभागियों से अपने अनुभव और सुझाव सरकार के साथ साझा करने को कहा, ताकि देश की कौशल प्रशिक्षण व्यवस्था को मजबूत किया जा सके।

कॉम्पिटिशन में 1,400 से अधिक प्रतियोगियों ने भाग लिया था : 22-27 सितंबर 2026 तक हुए इस छह दिवसीय अंतरराष्ट्रीय आयोजन में 70 देशों के 1,400 से अधिक युवा प्रतियोगियों ने भाग लिया था। भारत का प्रतिनिधित्व अब तक के सबसे बड़े 70 प्रतियोगियों के दल ने किया, जिन्होंने उभरती टेक्नोलॉजी, प्रोडक्शन, इंजीनियरिंग, क्रिएटीविटी जैसे 63 फील्ड में भाग लिया था।

जेएनयू के प्रोफेसर व कांग्रेस सांसद डॉ. अंगोमचा बिमोल अकोइजाम बर्खास्त

नई दिल्ली (एजेंसी)। जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी ने प्रोफेसर और इनर मणिपुर से कांग्रेस लोकसभा सांसद डॉ. अंगोमचा बिमोल अकोइजाम को बर्खास्त कर दिया है। यूनिवर्सिटी ने उन्हें 11 छात्राओं के यौन उत्पीड़न का दोषी पाया। बर्खास्तगी तत्काल प्रभाव से लागू की गई है। यह कार्रवाई यूनिवर्सिटी की इंटरनल कमेटी की जांच के निष्कर्षों के आधार पर की गई। आईसा ने बिमोल अकोइजाम के खिलाफ बड़ी सजा की सिफारिश की थी। 2023 में मणिपुर हिंसा के बाद उन्होंने सक्रिय राजनीति में कदम रखा। साल 2024 के लोकसभा चुनाव में वे कांग्रेस पार्टी के टिकट पर 'इनर मणिपुर' सीट से लड़े और भाजपा उम्मीदवार को 1 लाख से अधिक वोटों से हराकर सांसद चुने गए। अकोइजाम को हटाने की कार्रवाई से पहले दिल्ली कमीशन फॉर विमेन ने मामले पर जेएनयू प्रशासन से रिपोर्ट मांगी थी। आयोग ने 11 छात्राओं के आरोपों पर सितंबर में यह रिपोर्ट मांगी थी। छात्राओं ने आरोप लगाया था कि उन्होंने मई 2026 में जेएनयू की वाइस चांसलर संतिश्री धुलिपुड़ी पंडित को प्रोफेसर के खिलाफ शिकायत दी थी। छात्राओं का आरोप था कि उस समय उनकी शिकायत पर उचित कार्रवाई नहीं की गई।



भारतवंशी नवनीतम पिल्लै को शांति का नोबेल पुरस्कार

नार्वे (एजेंसी)। नॉर्वे की नोबेल समिति ने 2026 का शांति पुरस्कार भारतवंशी नवनीतम नवी पिल्लै को देने का ऐलान किया है। दक्षिण अफ्रीका में जन्मीं पिल्लै ने रंगभेद के खिलाफ लड़ने वाले नेल्सन मंडेला समेत कई लोगों की मदद की थी।पिल्लै को युद्ध अपराध और नरसंहार के दोषियों को सजा दिलाने और अंतरराष्ट्रीय कानून को मजबूत करने के प्रयासों के लिए यह सम्मान दिया गया है।

नोबेल समिति ने कहा कि दुनिया में युद्ध और संघर्ष बढ़ रहे हैं। ऐसे में शांति बनाए रखने के लिए अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करना और उसे मजबूत करना बेहद जरूरी है। पिल्लै को दिसंबर में स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में सम्मानित किया जाएगा। उन्हें मेडल, डिप्लोमा और पुरस्कार राशि दी जाएगी। 2026 में नोबेल पुरस्कार की राशि करीब 11.5 करोड़ रुपए है। नवनीतम नवी पिल्लै का जन्म 23 सितंबर 1941 को दक्षिण अफ्रीका के डरबन में हुआ था। उनका परिवार भारतीय तमिल मूल का है। उनके दादा 1890 के दशक में भारत से बंधुआ मजदूर बनकर दक्षिण अफ्रीका गए थे। वहां वे चीनी के बागानों में काम करते थे। नवी पिल्लै ने डरबन विश्वविद्यालय से कानून की पढ़ाई की। उन्होंने 1963 में ग्रेजुएशन और 1965 में कानून की डिग्री हासिल की। इसके बाद अमेरिका की हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से मास्टर और डॉक्टरेट की पढ़ाई की।1967 में उन्होंने नेटाल प्रांत में अपनी लॉ फर्म शुरू की। रंगभेद के दौर में कोई भी फर्म उन्हें नौकरी देने को तैयार नहीं थी। ऐसे में उन्होंने खुद की फर्म खोलकर वकालत शुरू की। वह ऐसा करने वाली पहली महिला बनीं।



पेशे से जज, दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद के खिलाफ लड़ने में नेल्सन मंडेला की मदद की

खबरें : एक नजर में



दीदारगंज में एनएच 30 पर युवक को गोली मारी, इलाका छावनी में तब्दील, आगजनी कर सड़क भी जाम किया। वाहनों का काफिला खड़ा।

ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा होना चाहिए : पीके

पटना (दैनिक नवसंदेश)। पीके ने एसआईआर पर हो रहे विरोध पर दिया बड़ा बयान, बोले- 8-10 वर्षों से चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिन्ह लगे हैं, ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा होना चाहिए, बिहार में मतदान से दो दिन पहले तक वोट खरीदे गए और चुनाव आयोग मूकदर्शक रहाय जब तक चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी नहीं होगी, विरोध होगा'। पीके ने चुनाव को खर्चीला बनाने के आरोप पर दिया बड़ा बयान, बोले- प्रशांत किशोर और जन सुराज लोकतंत्र को जिंदा कर रहे हैं, पहले नेता 'लालू जी का जंगलराज आ जाएगा' कह जीतते थे, अब सरकार को 20 हजार करोड़ रुपये खर्च करने पड़े, हमारी वजह से सरकार को थोड़ी मेहनत-पैसा खर्च करना पड़ा, हमने बिहार के लोगों को दिखाया कि आप वोट के लिए 10 हजार रुपये मांगेंगे तो मिलेगा, शिक्षा-रोजगार मांगेंगे तो वो भी मिलेगा'



प्रशांत किशोर ।

पीके ने नीरज कुमार के बयान पर किया पलटवार, बोले- नीरज कुमार अपनी औकात से ऊपर उठकर बोलने लगे थे, इसलिए उनका अंत सुनिश्चित कर दिया है, आज फिर दावा करता हूं, नीतीश कुमार मीडिया के सामने एक मिनट कह दें कि नीरज कुमार हमारे साथ रहे हैं और इन्हें मेरा समर्थन है, तो मैं अपना उम्मीदवार वापस ले लूंगा'।

अपर सचिव सज्जन आर बने बीबोस के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी

संस्कृत-मदरसा शिक्षा बोर्ड के आदेशों के विरुद्ध अपीलीय प्राधिकार का भी संभालेंगे जिम्मा

पटना (दैनिक नवसंदेश)। शिक्षा विभाग में अपर सचिव सज्जन आर. को बिहार मुक्त विद्यालय शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (बीबोस) के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी का प्रभार सौंपा गया है। उन्हें वित्तीय प्रभार की भी जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही उन्हें बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड और बिहार मदरसा शिक्षा बोर्ड के आदेशों के विरुद्ध अपील की सुनवाई करने वाले प्राधिकार का जिम्मा भी सौंपा गया है।

इस संबंध में शिक्षा विभाग ने शुक्रवार को कार्यालय आदेश जारी कर दिया। यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू होगी।अब तक यह जिम्मेदारी अपर सचिव और जन शिक्षा के निदेशक विजय कुमार संभाल रहे थे। नई व्यवस्था के तहत वे उक्त सभी प्रभारों से मुक्त हो जाएंगे।

इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स ने प्रभात कुमार सिन्हा को बनाया बिहार स्टेट काउंसिल का चेयरमैन

पटना (दैनिक नवसंदेश)। इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स ने प्रभात कुमार सिन्हा को आईसीसी बिहार स्टेट काउंसिल का चेयरमैन नियुक्त किया है। इसकी घोषणा आईसीसी के प्रेसिडेंट पार्थिव नियोटिया ने कोलकाता में आयोजित चैंबर की वार्षिक आमसभा के दौरान की। प्रभात कुमार सिन्हा को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए पार्थिव नियोटिया ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में बिहार में औद्योगिक एवं कारोबारी वातावरण, निवेश के अवसरों तथा उद्योग और सरकार के बीच समन्वय को और मजबूती मिलेगी। प्रभात कुमार सिन्हा लंबे समय से बिहार में उद्योग, सरकार और नीतिगत मामलों से जुड़े रहे हैं। उन्हें औद्योगिक विकास, निवेश संवर्धन, आईटी एवं टेक नोलॉजी, एमएसएमई, उद्यमिता तथा ईज अफ डूइंग बिजनेस जैसे क्षेत्रों में कार्य करने का व्यापक अनुभव है। इस अवसर पर प्रभात कुमार सिन्हा ने कहा- बिहार आर्थिक और औद्योगिक परिवर्तन के एक महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहा है। हमारा प्रयास उद्योग और सरकार के बीच सेतु को और मजबूत करना, निवेश को बढ़ावा देना, उद्यमिता एवं स्टार्टअप को प्रोत्साहित करना तथा राज्य में रोजगार और सतत आर्थिक विकास के नए अवसर पैदा करना होगा।



प्रभात कुमार सिन्हा।

फरक्का जल संधि पर नीतीश संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए नीतीश कुमार

बिहार के जल हितों से कोई समझौता नहीं, वर्ष 2050 तक की जरूरतों का रखा जाए ध्यान : संजय कुमार झा

तीन दशकों से फरक्का जल संधि का गंभीर खामियाजा भुगत रहा बिहार : उमेश कुशवाहा

पटना (दैनिक नवसंदेश)। पटना स्थित प्रदेश कार्यालय के कर्पूरी सभागार में जनता दल (यू) द्वारा 'फरक्का जल संधि पर नीतीश संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस कार्यक्रम के तहत पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा एवं प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा का गंगा किनारे बसे बिहार के 12 जिलों - बक्सर, भोजपुर, सारण, पटना, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, लखीसराय, मुंगेर, खगड़िया, भागलपुर और कटिहार - में संवाद निर्धारित है, जो इस संधि के कारण सबसे अधिक प्रभावित हैं। इस जन-जागरुकता अभियान का शुभारंभ 5 सितंबर को बक्सर से हुआ, जबकि समापन कटिहार में होगा क्योंकि बिहार में गंगा बक्सर से प्रवेश करती है और कटिहार से निकलती है।

कार्यक्रम में बिहार विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता ललन कुमार सर्राफ, मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह विधायक श्याम रजक, विधायक एवं कार्यक्रम प्रभारी अरुण मांझी, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष सह विधान पार्षद श्रीमती शिवरानी देवी प्रजापति, विधान पार्षद सह प्रवक्ता डा. भारती मेहता, विधान पार्षद ललन मंडल, डा. नवीन आर्या, डा. अमरदीप, प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी श्रीमती अंजुम आरा, शंभू कुशवाहा, अरुण वर्मा, प्रदेश महासचिव अनिल कुमार, अरुण कुमार सिंह, विनोद सिंह, नंदकिशोर कुशवाहा, लोकप्रकाश सिंह एवं श्रीमती यासमिन खान सहित पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



'फरक्का जल संधि पर नीतीश संवाद' कार्यक्रम में शामिल हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार।

कार्यक्रम के दौरान फरक्का बैराज एवं फरक्का जल संधि से बिहार पर पड़ने वाले प्रभावों पर आधारित पार्टी द्वारा तैयार डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शित की गई। साथ ही, इस विषय से संबंधित विस्तृत जानकारी देने वाला पम्फलेट भी वितरित किया गया।

वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता पटना ग्रामीण के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने की। मंच संचालन पटना महानगर अध्यक्ष राधेश्याम कुशवाहा ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन युवा प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल ने किया। इस मौके पर संजय कुमार झा ने कहा कि फरक्का जल संधि के निर्धारण के दौरान बिहार के हितों की अनदेखी की गई। संधि के प्रावधानों के अनुसार, शुष्क मौसम (1 जनवरी से 31 मई) में जब बक्सर के पास गंगा का प्रवाह महज 400 क्यूमेक (लगभग 14 हजार क्यूसेक) रह जाता है, तब भी फरक्का से बांग्लादेश के लिए 1500 क्यूमेक (लगभग 53 हजार क्यूसेक) पानी छोड़ना पड़ता है। 1100 क्यूमेक पानी बिहार की आंतरिक नदियों का पानी होता है। श्री झा ने कहा कि बिहार और केंद्र की तत्कालीन सरकारों ने इस संधि के दौरान राज्य के हितों की बलि चढ़ाने का काम किया और इसके दूरगामी प्रभावों पर विचार नहीं किया गया कि इससे बिहार के किसानों की सिंचाई, आम लोगों के पेयजल, उद्योगों की जल आवश्यकताओं, लाखों लोगों की आजीविका और युवाओं का भविष्य प्रभावित हो सकता है। आज बिहार में नए उद्योग और कल-कारखाने स्थापित हो रहे हैं, जिससे पानी की आवश्यकता लगातार बढ़ रही है। ऐसे में, यदि संधि का नवीनीकरण होता है, तो वर्ष 2050 तक बिहार की जल आवश्यकताओं को ध्यान में रखा जाना चाहिए।

उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार शुरू से ही कहते रहे हैं कि फरक्का बैराज और फरक्का जल संधि से बिहार को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। यह संधि बिहार और देश के हित में नहीं है। एक ओर, फरक्का बैराज के कारण गंगा में गाद जमा होने से नदी का तल ऊँचा हो गया है, जिससे उत्तर बिहार को हर साल बाढ़ की विभीषिका झेलनी पड़ती है। वहीं, फरक्का जल संधि के कारण शुष्क मौसम में बिहार के हिस्से का पानी बांग्लादेश को देना पड़ता है, जिससे राज्य के कई जिलों में सूखे जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इसका बिहार की अर्थव्यवस्था पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि इस अंतरराष्ट्रीय संधि का 73 प्रतिशत बोझ अकेले बिहार उठा रहा है और पिछले 30 वर्षों से राज्य बाढ़ और सूखे, दोनों का दंश झेल रहा है। श्री कुशवाहा ने कहा कि वे पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा को धन्यवाद देते हैं, जिन्होंने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। उनके प्रयासों से आज बिहार के जल हितों से जुड़ा यह महत्वपूर्ण मुद्दा राष्ट्रीय विमर्श का विषय बन चुका है।

बिहार में केंद्र प्रायोजित पशुपालन एवं डेयरी योजनाओं की समीक्षा, भारत सरकार का चार सदस्यीय राष्ट्रीय स्तरीय मनिटरिंग दल करेगा छह जिलों का स्थल निरीक्षण

पटना (दैनिक नवसंदेश)। भारत सरकार के पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा बिहार में संचालित केंद्र प्रायोजित योजनाओं के क्रियान्वयन, प्रगति एवं जमीनी स्तर पर उनके प्रभावों का आकलन करने के उद्देश्य से चार सदस्यीय राष्ट्रीय स्तरीय मनिटरिंग दल बिहार के भ्रमण पर आया है।

इस दल में भारत सरकार के मुकेश शर्मा, सहायक निदेशक, डा कर्नल अजय कुमार गहलोत, डा अनिल कुमार एवं ए एल निराला शामिल हैं। दल द्वारा राज्य के छह जिलोंपटना, वैशाली, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, पूर्वी चंपारण एवं गोपालगंज में केंद्र सरकार की विभिन्न पशुपालन एवं डेयरी विकास योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया जाएगा। इसी क्रम में शीर्षत कपिल अशोक, सचिव, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार सरकार सह प्रबंध निदेशक, की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्तरीय मनिटरिंग दल के सदस्यों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य में संचालित केंद्र प्रायोजित योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, निर्धारित लक्ष्यों के विरुद्ध उपलब्धियों, योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों तथा पशुपालकों को प्राप्त हो रहे लाभों के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई।



सचिव श्री शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित।

सेवा चित्र और भाषण प्रतियोगिता के विजेता आज होंगे सम्मानित

बापू सभागार में होगा आयोजन, मुख्यमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री रहेंगे मौजूद, शिक्षा मंत्री करेंगे अध्यक्षता

राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक में भी शिरकत करेंगे श्री जोशी

पटना (दैनिक नवसंदेश)। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित राज्यस्तरीय सेवा चित्र एवं भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को शनिवार को सम्मानित किया जाएगा।

राजधानी के बापू सभागार में होने वाले कार्यक्रम का उद्घाटन केन्द्रीय शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी करेंगे। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथि दोनों उप मुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव और विजय कुमार चौधरी होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी करेंगे। श्री जोशी देशरत्न मार्ग स्थित संवाद में राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक में भी भाग लेंगे।

'शुक्रवार की देर रात केन्द्रीय शिक्षा मंत्री और भारत सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अपर सचिव पटना पहुंचे। एयरपोर्ट पर शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी और शिक्षा सचिव राजीव रौशन ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।'



देर रात केन्द्रीय शिक्षा मंत्री पटना पहुंचे, एयरपोर्ट पर शिक्षा मंत्री ने किया स्वागत।

बापू सभागार के कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की भी मौजूदगी रहेगी। कार्यक्रम के दौरान सेवा चित्र और भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही विद्यार्थियों में सेवा, संवेदना, रचनात्मकता और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया जाएगा।

स्वच्छता सेवा अभियान की करेंगे शुरुआत : केन्द्रीय शिक्षा मंत्री शनिवार की सुबह 7 बजे गांधी मैदान स्थित बापू की प्रतिमा के पास स्वच्छता सेवा अभियान की भी शुरुआत करेंगे।

जमाबंदी सुधार अभियान की गति को और तेज करें, पंचायतों प्रतिनिधियों संग बैठक से मिल सकेगी गति : डा. दिलीप जायसवाल

मापी में तेजी लाने के लिए अंचलों को उपलब्ध कराए गए हैं सर्वे अमीन, उनकी मनिटरिंग करें : सचिव

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री डा. दिलीप कुमार जायसवाल ने अधिकारियों को राजस्व संबंधी सभी कार्यों में तेजी लाने, लंबित मामलों का निर्धारित समय-सीमा में निष्पादन सुनिश्चित करने तथा आम लोगों को विभागीय सेवाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

उन्होंने कहा कि राजस्व प्रशासन का उद्देश्य केवल सरकारी कार्यों का निष्पादन नहीं, बल्कि आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना भी है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मंत्री शुक्रवार को पटना के शास्त्रीनगर स्थित राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान में सभी जिलों के अपर समाहर्ता (राजस्व) के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।

समीक्षा के दौरान मंत्री डा. जायसवाल ने जमाबंदी में त्रुटियों के सुधार और मृत जमाबंदी रैयतों के उत्तराधिकार नामांतरण के लिए चलाए जा रहे 45 दिवसीय विशेष अभियान की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि अभियान के उद्देश्यों को समय-सीमा के भीतर पूरा करने के लिए अधिकारी नियमित निगरानी करें। इसकी गति को और बढ़ाएं। इस अभियान की सफलता के लिए जनप्रतिनिधियों का सहयोग अति आवश्यक है। उनके साथ बैठक कर गांव का सही डेटा लें। तभी अभियान को सफलता मिलेगी।



पटना के शास्त्रीनगर स्थित राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान में सभी जिलों के अपर समाहर्ता (राजस्व) के कार्यो की समीक्षा करते मंत्री।

उन्होंने अभियान बसेरा के तहत प्राप्त अधूरे आवेदनों की समस्या के समाधान के लिए विभाग के स्तर से फार्म उपलब्ध कराने और इस कार्य में विकास मित्रों की मदद लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके उपरांत ही उनके आवेदनों को ऑनलाइन किया जाएगा। इससे आवेदनों की भी सही जांच हो सकेगी। राजस्व महा-अभियान के दौरान प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि इस दौरान प्राप्त आवेदनों का निष्पादन अभी चल रहे सुधार अभियान में करें।

खुद ट्रैक्टर थाम अन्नदाताओं के सम्मान में निकलें नित्यानंद राय

पटना (दैनिक नवसंदेश)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत रोहतास के दिनारा स्थित भलूनी भवानी स्थान से मां मुण्डेश्वरी तक 76 किमी की 300 ट्रैक्टरों के साथ भव्य यात्रा निकली ।



ट्रैक्टर की स्टेयरिंग पर नित्यानंद राय।

अन्नदाताओं के सम्मान और किसान हितों के प्रति प्रतिबद्धता का संदेश देने वाली 'अन्नदाता सेवा संकल्प यात्रा एवं किसान संवाद कार्यक्रम' का उद्घाटन केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री मिथलेश तिवारी व कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राम सुमिरन सिंह ने किया।

यात्रा का सबसे भावनात्मक और आकर्षक दृश्य उस समय देखने को मिला, जब केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय स्वयं ट्रैक्टर की स्टीयरिंग संभालकर किसानों के साथ 300 ट्रैक्टर की काफिला को लेकर 76 किलोमीटर की यात्रा की । यात्रा के दौरान श्री राय ने कहा कि यह यात्रा अन्नदाताओं के प्रति सम्मान उनके परिश्रम के प्रति कृतज्ञता और कृषि क्षेत्र की समृद्धि के संकल्प को जन जन तक पहुंचाने का प्रयास है ।

श्री राय ने कहा कि प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के जनसेवा के सफर का संदेश है - सेवा हीं संकल्प, जनकल्याण हीं लक्ष्य और राष्ट्रहीत हीं सर्वोपरि। आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में किसानों की आय बढ़ाने,कृषि को आधुनिक बनाने , ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और किसान परिवारों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

एनडीए में कोई मतभेद नहीं, जदयू और भाजपा के चार-चार प्रत्याशियों के लिए पूरी ताकत से मैदान में गठबंधन : सरावगी

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि बिहार विधान परिषद की आठ सीटों पर होने वाले चुनाव को लेकर एनडीए पूरी तरह एकजुट है। उन्होंने कहा कि एनडीए विधानमंडल दल की बैठक समय-समय पर होती रहती है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री आवास पर एनडीए विधानमंडल दल और उपलब्ध सांसदों की बैठक बुलाई गई है। बैठक में विधान परिषद चुनाव समेत विभिन्न राजनीतिक एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा हुई।



विधान परिषद चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री आवास पर एनडीए विधानमंडल दल की बैठक।

संजय सरावगी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एनडीए विधानमंडल दल के नेता हैं और उन्हीं की अध्यक्षता में बैठक होती है। चुनाव का समय है, इसलिए स्वाभाविक रूप से विधान परिषद चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई। उन्होंने स्पष्ट किया कि एनडीए में किसी तरह का मतभेद नहीं है। पांचों दल मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं और जनता दल यूनाइटेड के चार तथा भाजपा के चार प्रत्याशियों समेत सभी आठ प्रत्याशियों के लिए एनडीए एकजुट होकर मैदान में है। उन्होंने कहा कि कई लोगों की इच्छा होती है कि उन्हें भी चुनाव लड़ने का अवसर मिले या समर्थन मिले, लेकिन व्यक्तिगत स्तर की आकांक्षाओं को एनडीए का मतभेद नहीं कहा जा सकता।

श्रीकृष्णापुरी पुलिस ने नौकरी लगाने के नाम पर शारीरिक संबंध बनाकर यौन शोषण करने वाले को धरा

पटना (दैनिक नवसंदेश)। श्रीकृष्णापुरी पुलिस ने नौकरी लगाने के नाम पर शारीरिक संबंध बनाकर यौन शोषण करना तथा निजी फोटो विडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग करना, जान से मारने की कोशिश करना, मारपीट करना, रंगदारी की मांग, सोशल मीडिया आईडी हैक कर, फर्जी आईडी से फोटो विडियो वायरल करना तथा आत्महत्या करने के लिए उकसाने के संबंध में दिनांक-07-10-26 को वादिनी के द्वारा प्राप्त आवेदन के आधार श्रीकृष्णापुरी थाना सं0-382/26 दिनांक-07-10-26 दर्ज किया गया था। इस घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु नगर पुलिस अधीक्षक मध्य, पटना के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-1, सचिवालय, पटना के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। पूर्ण घटनाक्रम को देखते हुए सुसंगत धाराओं के तहत दर्ज प्राथमिकी अभियुक्त के गिरफ्तारी हेतु लागातार छापामारी की जा रही थी।08।10.26 को सघन छापेमारी के दौरान प्राथमिकी नामजद अभियुक्त कमल सिंह, पिता-प्रेमचन्द्र सिंह, ग्रा डुमरी, प्रखंड सोनपुर, थाना-नयागांव, जिला-सारण को गिरफ्तार किया ।

मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना के तहत 345 नए कलाकारों को पेंशन की स्वीकृति

अब कुल 756 कलाकारों को मिलेगा 3,000 प्रतिमाह पेंशन

वाद्य यंत्र एवं इलाज के लिए भी आर्थिक सहायता मंजूर

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार सरकार राज्य की समृद्ध कला एवं सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण और कलाकारों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना के तहत कुल 345 नए कलाकारों को अक्टूबर 2026 से 3,000 प्रतिमाह पेंशन देने की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इसके साथ ही योजना के अंतर्गत पेंशन प्राप्त करने वाले कलाकारों की कुल संख्या बढ़कर 756 हो गई है। योजना के तहत अब कुल 756 कलाकारों को प्रतिमाह 3,000 की दर से पेंशन दी जाएगी। इस प्रकार कलाकारों को सालाना कुल 2 करोड़ 72 लाख 16 हजार की राशि पेंशन के रूप में प्रदान की जाएगी। यह पहल आर्थिक रूप से जरूरतमंद कलाकारों को सहयोग देने और उनकी कला-साधना को निरंतर बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण है। इसके अतिरिक्त चार कलाकारों को वाद्य यंत्र खरीदने के लिए कुल 1,96,000 की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। वहीं, दो कलाकारों को इलाज के लिए 2,82,082 की सहायता राशि देने की मंजूरी दी गई है। इन निर्णयों का उद्देश्य कलाकारों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उनकी कला-साधना और व्यक्तिगत कल्याण के लिए आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराना है।



मंत्री डा. प्रमोद कुमार।

खबरें — खास-खास

सेलुलस फार्मा में ड्रग कंट्रोलर टीम की छापेमारी, तीन लोग जेल भेजे गए

औषधि प्रतिष्ठान में अनियमितताएँ मिलने पर 10 औषधियों की बिक्री एवं निकासी पर रोक, दो अनधित औषधियाँ जब्त

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राज्य औषधि नियंत्रक बिहार, पटना की टीम ने कंकड़बाग थाना के सहयोग से पटना कंकड़बाग स्थित सेलुलस फार्मा, क-167, पी़सी. कालोनी में संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान के संचालक मृत्युंजय कुमार सिंह उपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान औषधियों के क्रय-विक्रय अभिलेख एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। साथ ही, अनुज्ञप्ति की शर्तो के अनुरूप साइनबोर्ड प्रदर्शित नहीं पाया गया और औषधियों के भंडारण की व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं मिली।



सूचना के आधार पर कंकड़बाग स्थित सेलुलस फार्मा में ड्रग कंट्रोलर टीम द्वारा छापेमारी, तीन लोग जेल भेजे गए'।

जाँच में पाया गया कि प्रतिष्ठान के पास केवल एक कमरे (11.15 वर्ग मीटर) के लिए औषधि अनुज्ञप्ति थी, जबकि औषधियाँ चार कमरों में रखी गई थीं। इस पर विस्तृत जाँच के लिए फ्लैट के मुख्य द्वार को सील कर दिया गया। अनियमितताओं के मद्देनजर 10 औषधियों की बिक्री एवं निकासी पर रोक लगाते हुए प्रपत्र-15 जारी किया गया। दो एक्सपायर औषधियों को प्रपत्र-16 के तहत जब्त किया गया, जबकि सात औषधियों के नमूने जाँच एवं विश्लेषण के लिए संग्रहित किए गए। प्रतिष्ठान को आवश्यक अभिलेख पाँच दिनों के भीतर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। औषधियों के नमूनों की जाँच रिपोर्ट एवं संबंधित अभिलेखों की समीक्षा के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा औषधियों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा नियमों के अनुपालन के लिए निरीक्षण एवं जाँच अभियान जारी है। औषधि नियंत्रक विभाग की औचक निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान परिसर में बड़ी मात्रा में शराब की बोतले मिलने पर पुलिस एवं उत्पाद विभाग को सूचित कर कार्रवाई की गई। शराब की बिक्री से जुड़े आरोपों के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। औषधि नियंत्रक विभाग द्वारा निरीक्षण के दौरान औषधियों के क्रय अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए जाने, अनुज्ञप्ति के निर्धारित क्षेत्र से बाहर औषधियों के भंडारण तथा अन्य अनियमितताओं से संबंधित बिंदुओं को दर्ज किया गया। मामले में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है।

राजद की सदस्यता ग्रहण की भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू के समक्ष भाजपा युवा मोर्चा के अभिषेक सिंह, दीपक कुमार शर्मा सहित दर्जनो समर्थकों ने राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश राजद के वरिष्ठ नेता एजाज अहमद ने बताया कि प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू ने राजद का सदस्यता रसीद देकर भाजपा के दोनों नेताओं के साथ उनके समर्थकों को राजद की सदस्यता ग्रहण करवाई। और पार्टी का प्रतीक चिन्ह हरा गमछा और लालू जी के संघर्ष और योगदान पर लिखी गोपालगंज टू रायसीना पुस्तक देकर सम्मानित किया । इस अवसर पर रणविजय साहू ने कहा कि बिहार को विकास से कोसों दूर रखने वाली पार्टी भाजपा ने सिर्फ आडंबर और जुमलाबाजी की राजनीति की है । धर्म और भ्रम की राजनीति को मजबूती करके नौजवानों को नौकरी और रोजगार वंचित रखा। नफरत की राजनीति के माध्यम से सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता की धारा को कमजोर किया। लालू जी के विचार और तेजस्वी जी के कार्यो से प्रभावित होकर भाजपा युवा मोर्चा के सभी लोगों ने राजद की सदस्यता ग्रहण की।



भाजपा के नेताओं ने राजद की सदस्यता ग्रहण की ।

त्योहारों पर सुरक्षा कड़ी : पटना पुलिस ने की चाक चौबंद व्यवस्था, रावण वध और विसर्जन पर रहेगी विशेष नजर

पटना (दैनिक नवसंदेश)। पटना आईजी जितेंद्र राणा और पटना एसएसपी कार्तिकेय के शर्मा ने जिले के सभी पुलिस अधीक्षकों और पुलिस उपाधीक्षकों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। मुख्यालय के खास निर्देशों पर आयोजित इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी त्योहारों के दौरान विधि-व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण और पुख्ता सुरक्षा तैयारियों की रूपरेखा तैयार करना रहा। त्योहार के मद्देनजर पटना पुलिस ने अपनी सुरक्षा व्यवस्था को बेहद चाक-चौबंद करना शुरू कर दिया है। समीक्षा बैठक के दौरान विशेष रूप से प्रतिमा विसर्जन जुलूस, सुनियोजित भीड़ प्रबंधन और असामाजिक तत्वों तथा हुड़दंगियों पर सख्त कार्रवाई करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशासन यह सुनिश्चित करना चाहता है कि किसी भी स्तर पर सुरक्षा में कोई ढिलाई न बरती जाए।

आईजी जितेंद्र राणा ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहेगा। शहर और ग्रामीण इलाकों के संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के साथ विशेष निगरानी रखी जाएगी। इसके अलावा, सोशल मीडिया प्लेटफर्म्स पर भी साइबर सेल की पैनी नजर रहेगी, ताकि किसी भी तरह की भ्रामक खबरों, अफवाहों या माहौल बिगाड़ने वाली पोस्ट पर तुरंत कानूनी कार्रवाई की जा सके। विजयादशमी के पावन अवसर पर राजधानी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित होने वाले भव्य रावण वध कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था की भी बारीकी से समीक्षा की गई। इस मुख्य कार्यक्रम में उमड़ने वाली भारी भीड़ और जनसैलाब को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम और ट्रैफिक मैनेजमेंट पर विशेष फोकस किया गया है ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रशासन की तरफ से साफ किया गया है कि प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान डीजे के इस्तेमाल पर पूरी तरह प्रतिबंध लागू रहेगा, जिसके उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



पटना आईजी जितेंद्र राणा ।

संक्षिप्त खबरें

जनता दरबार में 67 से अधिक आवेदकों की सुनी गई समस्याएँ

आरा (दैनिक नवसंदेश)। जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा के निदेर्शानुसार वरीय उप समाहर्ता मोइज जिया द्वारा आज ईज ऑफ लिविंग के तहत आयोजित जिला जनता दरबार में 67 से अधिक आवेदकों की समस्याएँ सुनी गई। जनता दरबार में विभिन्न प्रखंडों से आए लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इनमें मुख्य रूप से राजस्व एवं भूमि सुधार, प्रधानमंत्री आवास योजना, एवं खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण से संबंधित मामले शामिल थे। जिला पदाधिकारी ने सभी आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को मामलों की जाँच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध निष्पादन तथा लंबित मामलों की नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने को कहा।

बिहिया रेफरल अस्पताल की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था पर भाई दिनेश ने जताई नाराजगी, एक सप्ताह में सुधार का अल्टीमेटम

बिहिया (दैनिक नवसंदेश)। जिस सरकारी अस्पताल पर हर महीने करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हों, वहां रात के समय इमरजेंसी में मरीजों को जरूरी दवाएं, जांच, सुई और स्लाइन तक उपलब्ध नहीं हों, तो यह बेहद गंभीर, दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय स्थिति है। सरकारी अस्पतालों में इस तरह की लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जा सकती। उक्त बातें पूर्व विधायक भाई दिनेश ने बिहिया रेफरल अस्पताल का निरीक्षण करने के बाद कहीं। बिहिया निवासी हृदयानंद सिंह एवं अन्य ग्रामीणों तथा नगरवासियों से मिली शिकायतों के आधार पर भाई दिनेश आज अस्पताल पहुंचे और अस्पताल प्रभारी, मैनेजर एवं चिकित्सकों से मुलाकात कर स्वास्थ्य व्यवस्था की कमियों को दूर करने की मांग की। भाई दिनेश ने अस्पताल प्रबंधन को एक सप्ताह के भीतर व्यवस्था में सुधार करने का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को आवश्यक दवाएं, जांच, सुई, स्लाइन एवं अन्य जरूरी चिकित्सा सुविधाएं हर हाल में उपलब्ध कराई जाएं। यदि निर्धारित समय के भीतर सुधार नहीं हुआ, तो आम जनता के हित में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

आज तीन घंटे बंद रहेगी शाहपुर फीडर की बिजली

शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। 33 केवी महाराजगंज ग्रिड सब स्टेशन से शाहपुर फीडर की विद्युत आपूर्ति शनिवार 10 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक बाधित रहेगी। इस दौरान महाराजगंज ग्रिड सब स्टेशन के समीप नई 33 केवी विद्युत लाइन में कंडक्टर स्ट्रिंगिंग का कार्य किया जाएगा। इसके चलते निर्धारित अवधि में शाहपुर फीडर से जुड़े क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इसकी जानकारी शाहपुर विधुत उपकेंद्र के कनीय अभियंता नीतीश कुमार ने दी।

बालू लदे ट्रैक्टर ने बाइक सवार मौसेरे भाईयों को रौंदा, एक की मौत



आरा (दैनिक नवसंदेश)। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गोठहुला गांव ईट भट्ठा के समीप शुक्रवार की सुबह बालू लदे ट्रैक्टर ने बाइक सवार मौसेरे भाईयो को रौंद दिया। हादसे बाइक चला रहे एक की मौत हो गई। बाइक पर पीछे बैठा मृतक का मौसेरा भाई जख्मी हो गया। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया। मृतक नवादा थाना क्षेत्र के बंधन टोला मोहल्ला निवासी संतोष गिरी का 17 वर्षीय पुत्र सन्नी कुमार है। जख्मी उसी थाना क्षेत्र के श्री टोला निवासी स्व. मिथिलेश पासवान का 14 वर्षीय पुत्र साहिल कुमार है। दोनों रिश्ते में मौसेरे भाई है। साहिल कुमार ने बताया कि सन्नी कुमार का गोठहुला गांव में घर बन रहा है, जिसको लेकर दोनों बाइक द्वारा गोठहुला जा रहे थे। जैसे ही वे गांव स्थित ईट भट्ठा के पास पहुंचे। विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर उन्हें रौंद दिया। जिससे दोनों जख्मी हो गए। उसने इसकी सूचना परिजन को दी। इलाज के लिए सदर अस्पताल ले आये। जहां चिकित्सक ने सन्नी कुमार को मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने तीन भाई व एक बहन में दूसरे स्थान पर था।

कपड़े पर चटनी गिरने के विवाद में छात्र को मारी गोली

आरा (दैनिक नवसंदेश)। रोहतास जिले के कच्छवां थाना क्षेत्र के जगु टोला के समीप शुक्रवार की सुबह कपड़े पर चटनी गिरने के विवाद में एक छात्र को गोली मार दी गई। जख्मी छात्र को बाएं साइड सीने में गोली लगी है। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए आरा शहर के महावीर टोला स्थित निजी अस्पताल लाया गया। जख्मी छात्र रोहतास जिले के कच्छवां थाना क्षेत्र के कथित टोला गांव निवासी दिनेश सिंह का 15 वर्षीय पुत्र आशीष कुमार है। वह नौवी कक्षा का छात्र है। औरंगाबाद के दाउदनगर स्थित प्राइवेट स्कूल में पड़ता है। उसने बताया लंच टाइम के समय उसके लंच बॉक्स से चटनी एक लड़के के ड्रेस पर गिर गया था। जिसको लेकर उस समय कहासुनी हुई थी। लेकिन बात खत्म हो गई थी। शुक्रवार की सुबह जब स्कूल जाने के लिए जगु टोला के पास स्कूल बस का इंतजार कर रहा था। कुछ लड़के आए और उसे गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सर्जन चिकित्सक डॉ. सौरभ प्रिंस और डॉ. नय्यर जमान ने बताया कि जख्मी छात्र को गोली बाएं साइड सीने में लगी है, जो अंदर फंसी हुई थी। ऑपरेशन कर बुलेट निकाल दिया गया है। उसे 72 घंटे तक ऑब्जर्वेशन में रखा जाएगा।

मारपीट में जख्मी अधेड़ महिला की मौत

तरारी (दैनिक नवसंदेश)। तरारी थाना क्षेत्र के रामनगर गांव में मारपीट के दौरान हुई जख्मी महिला की मौत हो गई। इलाज के दौरान शुक्रवार की सुबह उन्होंने घर पर ही दम तोड़ दिया। परिजन द्वारा पड़ोसी पर ही मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है। मृतका तरारी थाना क्षेत्र के रामनगर गांव निवासी सुरेंद्र राम की 53 हीरामुनी देवी उर्फ पत्नी हारमानो देवी हैं। मृतका के बेटे श्याम कुमार ने बताया उनके पड़ोसी राजेंद्र राम का उनके घर के बगल में ही परती जमीन है, उसपर घास जमा हुआ था। जिस पर उनके घर के बच्चे खेलते हैं। 4 अक्टूबर को उन लोगों ने जमीन से घास को छील दिया था। जिसको लेकर राजेंद्र राम से पहले कहासुनी हुई। जब वे दोनों भाई काम पर चले गए। इस बीच राजेंद्र राम अपने परिवार वालों के साथ शराब की नशे में आया और उसकी मां हीरमुनी देवी उर्फ हारमानो देवी, चाचा ललन राम एवं चचेरी बहन प्रियंका कुमारी की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी गई थी। उन्हें इलाज के लिए तरारी पीएचसी ले जाया गया था। इसी बीच शुक्रवार की सुबह इलाज के दौरान उसकी मां ने घर पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। श्याम कुमार ने अपने पड़ोसी राजेंद्र राम एवं उनके परिवार के अन्य लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

मानसिक स्वास्थ्यः स्व और समाज विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला



आरा (दैनिक नवसंदेश)। वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग द्वारा 'मानसिक स्वास्थ्यः स्व और समाज' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ शुक्रवार को विभाग परिसर में हुआ। कार्यशाला का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अध्यक्षता प्रो. यशवंत कुमार ने किया। डॉ. वाचस्पति दूबे ने अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। प्रथम दिन लाल बहादुर शास्त्री पी.जी. कॉलेज (महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ) के प्राचार्य प्रो. उदयन मिश्र ने 'भगवद्गीता में मानसिक स्वास्थ्य' विषय पर व्याख्यान दिया, उन्होंने बताया कि मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार पर प्रकाश डालते हुए, भागवत गीता में उल्लेखित कर्म योग ज्ञान योग भक्ति योग के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने की बात कही। स्वधर्म में रहते हुए मानसिक स्वास्थ्य को ठीक किया जा सकता है। प्रो. संगीता सिन्हा ने कार्यस्थल में मानसिक स्वास्थ्य को ठीक रखने की बात पर प्रकाश डाला। प्रो. यशवंत कुमार ने अष्टांग योग पर विचार रखा और बताया कि योगिक क्रियाओं के अभ्यास से मानसिक स्वास्थ्य को उतम बनाया जा सकता हैं। व्याख्यान के बाद धन्यवाद ज्ञापन डॉ कुमारी प्रीतिका ने किया। कार्यक्रम में विवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ. लालबाबू, समाजशास्त्र के विभागाध्यक्ष अवध बिहारी सिंह एवं काफी संख्या में शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें।

चांदी में अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर सड़क से हटाया गया अतिक्रमण

कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)। जिले के कोईलवर अंचल अंतर्गत चांदी बाजार में शुक्रवार को अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बुलडोजर चलाया। सड़क किनारे अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रशासन की टीम जेसीबी के साथ बाजार पहुंची और दर्जनों दुकानों व अन्य संरचनाओं को ध्वस्त कर दिया। अचानक शुरू हुई इस कार्रवाई से बाजार में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। वहीं, प्रशासनिक कार्रवाई को देखने के लिए स्थानीय लोगों



और दुकानदारों की भीड़ जुट गई। स्थिति को देखते हुए करीब 15 दिन पहले हालाँकि पहले चेतावनी के बाद कार्रवाई हुई। अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन की ओर से पहले ही दुकानदारों को सचेत किया गया था। अंचलाधिकारी उदय प्रताप सिंह ने बताया कि चांदी बाजार में सड़क के दोनों किनारों पर अतिक्रमण के कारण आवागमन में परेशानी हो रही थी। जाम लगता था।इससे बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। माइकिंग कराकर दुकानदारों और अन्य अतिक्रमणकारियों को कब्जा हटाने की चेतावनी दी गई थी।प्रशासनिक अधिकारियों ने बाजार में घूमकर भी दुकानदारों को अपनी दुकानों के सामने से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था। उन्हें स्वयं अतिक्रमण हटाने का पर्याप्त अवसर दिया गया, लेकिन इसके बावजूद कई लोगों ने निदेर्शों का पालन नहीं किया। इसके बाद शुक्रवार को प्रशासन ने जेसीबी की मदद से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी। अभियान के दौरान सड़क किनारे अतिक्रमण कर बनाई गई दुकानों और अन्य संरचनाओं को तोड़कर हटाया गया। कार्रवाई अंचलाधिकारी उदय प्रताप सिंह और राजस्व पदाधिकारी राजभूषण सिंह के नेतृत्व में की गई। प्रशासन की टीम ने अतिक्रमण वाले हिस्सों को खाली कराने की कार्रवाई की। इस दौरान बाजार में मौजूद दुकानदारों के बीच हलचल बनी रही और लोग प्रशासन की कार्रवाई को देखते नजर आए।

दोबारा अतिक्रमण करने पर होगी कड़ी कार्रवाई : सीओ

भारतीय खेल प्रशासक के रूप में फ्रांस में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

आरा (दैनिक नवसंदेश)। भोजपुर जिले के आरा निवासी चन्दन कुमार पाण्डेय ने एक बार फिर बिहार का मान बढ़ाया है।उन्हें फ्रांस में आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय यूरोपियन साईकिल पोलो चैंपियनशिप (अंतर्राष्ट्रीय और यूरोपीय साइकिल पोलो चैंपियनशिप) 2026 के लिए भारतीय दल का मिशन प्रमुख नियुक्त किया गया है जिसका आयोजन 10 से 11 अक्टूबर 2026 तक सेंट-पियरे-डी-वारेंजविले, फ्रांस में किया जाएगा। चन्दन कुमार पाण्डेय वर्तमान में साइकिल पोलो फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव हैं तथा भारतीय खेल प्रशासक के रूप में वे इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारतीय दल के साथ फ्रांस पहुंच गए हैं। वे उक्त प्रतियोगिता तथा भविष्य में होने वाले आयोजनों एवं



संभावनाओं को लेकर अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ होने वाली प्रस्तावित चचाओं में भारतीय प्रतिनिधि के रूप में शामिल होंगे और भारत का पक्ष रखेंगे। साइकिल पोलो फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सुविन्द्रो मल्लिक ने बताया कि भारतीय टीम की तैयारियों के लिए 3 से 20 सितंबर 2026 तक बेंगलुरु में कोचिंग कैंप आयोजित किया गया था, जिसके बाद भारतीय टीम का अंतिम चयन 26 से 29 सितंबर 2026 तक श्रीनगर में आयोजित मेंस फेडरेशन कप 2026 (पुरुष संघ कप 2026) के दौरान किया गया। फ्रांस में होने वाली उक्त प्रतियोगिता के लिए चयनित भारतीय दल में असरूद्दीन शा को कप्तान बनाया गया है। वहीं विष्णु शशिधरण, जिजीराज, अनफर जाफर और अल्दीन रियास को भारतीय टीम में शामिल किया गया है जबकि भारतीय वायु सेना के पूर्व अधिकारी श्री कमल किशोर सोनी को टीम का प्रशिक्षक नियुक्त किया गया है, जबकि चन्दन कुमार पाण्डेय भारतीय दल के मिशन प्रमुख की जिम्मेदारी संभालेंगे।

वेद का मार्ग ही बना सकता है भारत को विश्व गुरु : आचार्य धर्मेंद्र

जीवन जीने की शैली प्रदान करते हैं वेद : डॉ.अर्चना सिंह



आरा (दैनिक नवसंदेश)। शुभ नारायण नगर मझौंवा स्थित 'शांति स्मृति' संभावना आवासीय उच्च विद्यालय के जुबली हाल में शुक्रवार को सनातनी गंगा फाउंडेशन के तत्वावधान में वैदिक दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता सनातनी गंगा फाउंडेशन भोजपुर की अध्यक्ष सह संभावना आवासीय उवि की प्राचार्या डॉ.अर्चना सिंह ने की। मुख्य अतिथि सनातनी गंगा फाउंडेशन के संरक्षक सह पूर्व कुलपति आचार्य धर्मेन्द्र तिवारी ने कहा कि वेद ज्ञान एवं तत्व का मार्ग है, जो आदमी को आदमी बना सकता है। वेद का मार्ग ही भारत को विश्व गुरु बन सकता है। संसार में जिंदा रहना है, तो ग्राम दर्शन को अपनाना होगा। आदमी का प्राण पर्यावरण है। इसलिए वृक्ष की पूजा की पद्धति वेदों में कही गई है। अध्यक्ष डॉ अर्चना सिंह ने अध्यक्षीय सम्बोधन में कहा कि वेद मानव जीवन के ज्ञान का भंडार है। वेदों में हमारे गौरवशाली संस्कृति, इतिहास का समायोजन है। हमारे चारों वेद जीवन जीने की शैली प्रदान करते हैं। जब आधुनिक युग में विमान नही बना था। तब हमारे यहा पुष्पक विमान हुआ करता था। अंग प्रत्यारोपण का सबसे बडा उदाहरण भगवान गणेश है। मौके पर छात्र-छात्राओं के बीच ह्यह्यवैदिक ज्ञान और आधुनिक विज्ञानह्यह्य विषय पर भाषण प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित किया गया। भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता में अव्वल छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। प्रथम पुरस्कार आराध्या कुमारी, द्वितीय हार्दिक आनंद एवं तृतीय पुरस्कार शिवम कुमार तिवारी को दिया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार वाणी कुमारी, द्वितीय श्रावणी कुमारी एवं तृतीय पुरस्कार राधिका कुमारी को प्रदान किया गया। संचालन आनंद कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. कृष्ण कुमार ने किया। इस अवसर पर संदीप कुमार, विकास कुमार सिंह, राम अनुज सिंह, विष्णु शंकर, प्रतिमा सिंह, रामायण उपाध्याय, डॉ. दिनेश प्रसाद सिन्हा एवं विद्यालय के छात्र-छात्रा उपस्थित रहें।

योजनाओं की समयबद्ध पूर्णता को लेकर डीडीसी ने दिए सख्त निर्देश



आरा (दैनिक नवसंदेश)। उप विकास आयुक्त, भोजपुर की अध्यक्षता में आज विद्या भवन सभागार, आरा में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)/लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण एवं विकसित भारत जी-राम जी से संबंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)/लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत महादलित परिवारों में शौचालय निर्माण, धूसर जल प्रबंधन हेतु हॉरिजॉन्टल फिल्टर तथा सामुदायिक सोकपिट के निर्माण को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने का निर्देश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। उप विकास आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को योजनाओं की नियमित निगरानी करते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य पूर्ण कराने को कहा। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की समीक्षा के दौरान वैसे लाभुक, जिन्हें आवास निर्माण हेतु तीसरी किस्त की राशि प्राप्त हो चुकी है, उनके आवास निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश सभी आवास पर्यवेक्षकों को दिया गया। विकसित भारत जी-राम जी योजना की समीक्षा के क्रम में सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे संबंधित पंचायतों में मुखिया के साथ बैठक आयोजित कर योजना के उद्देश्य, प्रावधान एवं लाभ की जानकारी जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराएं तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक समन्वय सुनिश्चित करें। बैठक में निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरणय निदेशक, एनईपी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, जिला समन्वयक, एलएसबीएय जिला सलाहकार, एमआईएस ऑफिसर सहित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक, कार्यक्रम पदाधिकारी, आवास पर्यवेक्षक एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

संपत्ति विवाद में मां-बेटा समेत तीन को पीटा

आरा (दैनिक नवसंदेश)। भकुरा गांव में संपत्ति विवाद को लेकर मां-बेटे समेत तीन लोगों की पिटाई कर दी गई, उनका इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। जख्मियों में मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के भकुरा गांव निवासी जितेंद्र सिंह की 39 वर्षीया पत्नी मेनका देवी, 17 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार एवं 16 वर्षीय पुत्र अमन कुमार शामिल है।

पूजा समिति को हर हाल में लेना होगा लाइसेंस : सुशील

बिना लाइसेंस के एक जगह भी नहीं स्थापित होगी मूर्ति ● नवादा थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



आरा (दैनिक नवसंदेश)। नवादा थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शुक्रवार की शाम शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता सदर एसडीपीओ-वन सुशील कुमार ने की। बैठक के दौरान शांति समिति की सदस्यों ने अपनी-अपनी बातों को रखा। इस दौरान इस मौके पर सदर एसडीपीओ वन ने कहा कि बिना लाइसेंस की किसी भी पंडाल में मूर्ति स्थापित नहीं होगी। पूजा समिति को हर हाल में लाइसेंस लेना होगा। वही पूजा समिति के पदाधिकारी अपना आधार कार्ड, संपर्क नंबर, मूर्ति विसर्जन की तिथि तथा गाड़ियां की संख्या लिख कर दें। ताकि पुलिस की समुचित व्यवस्था की जा सके। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा को लेकर पूजा समिति के पदाधिकारी, सदस्य व वॉलिंटियर आइडी कार्ड बनवा ले। आई कार्ड बड़ा होना चाहिए ताकि दूर से ही दिखाई दे रहे। पंडाल और सजावट की ऊंचाई अधिक रखने वाले पूजा समिति वायरिंग चुस्त दुरुस्त रखें। पंडाल से सटे दुकान नहीं रहने दे। पंडाल की समीप आगजनी की समस्याओं के मद्देनजर बालू व पानी की व्यवस्था रखें। पंडाल एवं श्रद्धालु के आने जाने वाले रास्ते पर सीसीटीवी लगाएं। एसडीपीओ ने कहा कि पंडाल में सिर्फ धार्मिक गाने ही बजने चाहिए। धार्मिक पोस्ट और कार्टून नहीं लगने चाहिए। अन्यथा पुलिस मजबूरन पूजा समिति पर कार्रवाई करेगी। पूजा समिति के सदस्य अनाउंसमेंट की सही व्यवस्था रखें। ताकि लोगों को सटीक आवाज सुनने को मिल सके। बैठक में नवादा थानाध्यक्ष कुमार रजनीकांत, वार्ड पार्षद, पार्षद पतिनिधि शांति समिति के सदस्य मौजूद रहें।

पेंशन एवं वेतन विसंगतियों के निराकरण को लेकर पेंशन कार्यशाला आयोजित



आरा (दैनिक नवसंदेश)। जिला पदाधिकारी, मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार, आरा में पेंशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रधान महालेखाकार एवं वरीय उप महालेखाकार, बिहार, की उपस्थिति रही। प्रधान महालेखाकार एवं वरीय उप महालेखाकार द्वारा पेंशन एवं लेखा से संबंधित विभिन्न प्रावधानों, प्रक्रियाओं तथा वेतन विसंगतियों के कारण उत्पन्न होने वाली समस्याओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को पेंशन प्रकरणों के निष्पादन में निर्धारित नियमों एवं प्रक्रियाओं का अनुपालन सुनिश्चित करने तथा अभिलेखों एवं लेखा संबंधी विवरणों में आवश्यक शुद्धता बनाए रखने के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस दौरान भोजपुर जिले में पेंशन से संबंधित कुछ विसंगतियाँ एवं त्रुटियाँ चिह्नित की गईं। इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को अविलंब आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई करने तथा त्रुटियों का नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। कार्यशाला में पेंशन संबंधी मामलों के निष्पादन में अनावश्यक विलंब को दूर करने तथा संबंधित अभिलेखों एवं दस्तावेजों की समुचित जाँच पर भी जोर दिया गया। जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने कहा कि पेंशनभोगियों एवं सरकारी कर्मियों को उनके पेंशन तथा वेतन से संबंधित मामलों में किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वेतन विसंगतियों, पेंशन संबंधी त्रुटियों एवं लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए उनका ससमय निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि संबंधित विभाग एवं कार्यालय आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि मामलों के निष्पादन में अनावश्यक विलंब न हो और पात्र कर्मियों एवं पेंशनभोगियों को नियमानुसार देय लाभ समय पर प्राप्त हो सके।

कार्यशाला में पेंशन एवं लेखा संबंधी समस्याओं के निराकरण, वेतन विसंगतियों के सुधार तथा पेंशन मामलों के सुचारु निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

अज्ञात महिला हत्याकांड मामले में आरोपित गिरफ्तार

मझौंवा बांध के किनारे से बरामद हुआ था शव

आरा (दैनिक नवसंदेश)। टाउन थाना पुलिस द्वारा अज्ञात अधेड़ महिला हत्याकांड मामले में पुलिस ने सफल उद्वेदन करते हुए नामजद आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उसकी गिरफ्तारी टाउन थाना क्षेत्र इलाके से की गई। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त दो खून लगा ईट एवं एक बस का फट्टा भी बरामद किया। वह नवादा थाना क्षेत्र के श्री टोला निवासी सुरेंद्र शर्मा का पुत्र सुनील शर्मा है। पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने बताया कि गुरुवार की सुबह टाउन थाना पुलिस को सूचना मिली कि पुरानी पुलिस लाइन रोड में मझौंवा बांध के किनारे एक अज्ञात महिला का शव पड़ा हुआ है। महिला के सिर पर ईट-पत्थर से मारे जाने तथा शरीर पर गहरे चोट का निशान है। पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच शुरू कर दी गई। घटनास्थल पर एफएसएल की टीम को बुलाकर वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य का संकलन कराया गया। इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित के निर्देश पर सदर एसडीपीओ-वन सुशील कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया।

संक्षिप्त खबरें

एकमीघाट में संजय झा व निशांत कुमार का संवाद कार्यक्रम आज

दरभंगा (एनएसबी)। राज रिसॉर्ट एकमीघाट में शनिवार को जदयू के वरिष्ठ नेता सह सूबे के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार के प्रस्तावित आगमन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। जदयू जिलाध्यक्ष सह दरभंगा ग्रामीण विधायक राजेश कुमार मंडल उर्फ ईश्वर मंडल ने बताया कि आगामी दरभंगा स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव के मद्देनजर दरभंगा राज रिसॉर्ट, एकमीघाट में एक विशेष संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा एवं स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार की उपस्थिति रहेगी। इस दौरान स्नातक युवाओं, शिक्षकों, शिक्षाविदों तथा एनडीए के कार्यकताओं के साथ सीधा संवाद किया जाएगा।

ट्रक की चपेट में आया बाइक सवार, डीएमसीएच रेफर

बेनीपुर (एनएसबी)। बहेड़ा-कल्याणपुर पथ में बाराहनाथ मुसहरी के निकट ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी युवक की पहचान कल्याणपुर निवासी राज कुमार मुखिया के पुत्र बाबू साहब मुखिया के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक ट्रक को ओवरटेक करने के क्रम में बाइक सवार का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिर गया। इसी दौरान ट्रक का पिछला चक्का उसके दायें पैर पर चढ़ गया, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटाना के बाद परिजन उसे इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल ले गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद डीएमसीएच रेफर कर दिया गया है।स्थानीय लोगों ने ट्रक चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने पुष्टि करते हुए बताया कि ट्रक को जब्त कर लिया गया है और जख्मी का इलाज चल रहा है।

कोतवाली थाना पर हुई शांति समिति की बैठक

दरभंगा (एनएसबी)। आगामी पर्व दुर्गा पूजा को देखते हुए कोतवाली थाना पर शांति समिति के सदस्यों की बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई।बैठक में पुलिस प्रशासन की ओर से अपर थाना अध्यक्ष विकास मंडल,ए एस आई मुकेश कुमार, एएसआई चतुरानंद मिश्र उपस्थित थे।इन पदाधिकारियों ने कहा कि हम लोगों का मकसद यह होता है कि पर्व त्योहार में शांति कायम रहे। शांति समिति की ओर से शांति समिति के सदस्यों में शशि कुमार नीलू, पत्रकार पुनीत कुमार सिन्हा, उमेश मिश्रा, रोशन झा, शब्बीर अहमद, मोहम्मद अनवर अली लड्डू, सचिन राम सहित कई लोग उपस्थित थे।

मिथिला विवि की महिला कबड्डी टीम बनी चैंपियन

पूर्वी क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक



स्वर्ण पदक के साथ मिथिला विश्वविद्यालय महिला कबड्डी की टीम।

दरभंगा (एनएसबी)। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ में आयोजित पूर्वी क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा की महिला टीम ने अपने शानदार एवं अजेय प्रदर्शन के बल पर चैंपियनशिप अपने नाम करते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया है। इस ऐतिहासिक सफलता के साथ ही टीम ने अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए लगातार छठी बार क्वालीफाई कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों ने अपने बेहतरीन खेल कौशल एवं अदम्य साहस का परिचय देते हुए लीग चरण के सभी मुकाबले जीते। टीम ने बेहद रोमांचक एवं कड़े संघर्ष वाले मुकाबलों में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय की टीम को 35-24 के अंतर से, सी.वी. रमन विश्वविद्यालय की टीम को 31-30 के कड़े अंतर से तथा पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ की टीम को 43-25 के भारी अंतर से पराजित किया।लीग मुकाबलों में प्राप्त जीत के आधार पर निर्धारित रैंकिंग में तीनों मैच जीतकर ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा प्रथम स्थान पर रहते हुए चैंपियन बना। दो मैच जीतकर और एक मैच हारकर अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि एक मैच जीतकर सी.वी. रमन विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ तृतीय स्थान पर रहा। वहीं लीग का एक भी मैच न जीत पाने के कारण पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ को चतुर्थ स्थान से संतोष करना पड़ा। इस ऐतिहासिक अवसर पर छत्तीसगढ़ के माननीय उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव, एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज की एडिशनल सेक्रेटरी डॉ ममता अग्रवाल एवं गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के कुलपति के कर-कमलों से विजेता ट्रॉफी प्राप्त करती हुई एलएनएमयू की जांबाज 'शेरनियाँ' विश्वविद्यालय के लिए गौरव का क्षण बन गईं। इस शानदार विजय के उपरांत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी ने टोली प्रबंधक डॉ प्रियंका राय को दूरभाष पर शुभकामनाएं दीं, जिससे पूरी टीम का उत्साह और बढ़ गया। टोली प्रबंधक डॉ प्रियंका राय ने कहा कि हमारी टीम इस ऐतिहासिक जीत से बेहद उत्साहित है और इसका श्रेय खिलाड़ियों के निरंतर अभ्यास, अनुशासन एवं टीम भावना को जाता है। अब पूरी टीम का ध्यान आगामी 11 से 14 जनवरी, 2027 तक अलगप्पा विश्वविद्यालय, तमिलनाडु में आयोजित होने वाली अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिता पर केन्द्रित है। जिसके लिए अभी से ही पुख्ता योजना एवं उच्चस्तरीय प्रशिक्षण की तैयारी शुरू कर दी जाएगी। ताकि राष्ट्रीय स्तर पर भी विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक के साथ लौट सके। खेल एवं शारीरिक शिक्षा निदेशालय के निदेशक प्रो अजय नाथ झा ने कहा कि लगातार छठी बार अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करना विश्वविद्यालय की महिला कबड्डी टीम की निरंतरता एवं प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता का एक बड़ी उपलब्धि है। खेल प्रभारी अमृत कुमार झा ने कहा कि खिलाड़ियों का यह समर्पण और स्वर्णिम प्रदर्शन आने वाले समय में विश्वविद्यालय के खेल इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। खेल तकनीकी सदस्य मनीष राज एवं सांस्कृतिक तकनीकी सदस्य सुमित कुमार झा ने भी हर्ष व्यक्त किया। इस स्वर्णिम सफलता में डॉ ए.पी.जे. अब्दुल कलाम महिला प्रौद्योगिकी संस्थान, दरभंगा की निक्की, हिन्दी स्नातकोत्तर विभाग, ल.न.मि.वि., दरभंगा की सरिता, मिल्लत टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, मधुबनी की शांभवी झा, जी.डी. कॉलेज, बेगूसराय की रिंसी कुमारी, आर.सी.एस.एस. कॉलेज, बिहट, बेगूसराय की आरती कुमारी, एस.बी.एस.एस. कॉलेज, बेगूसराय की कनिका, अनुष्का, अन्नू, खुशी, भातेरी एवं रिया तथा एम. आर. जे. डी. कॉलेज, बेगूसराय की हिमांशी एवं मोनिका जैसी प्रतिभावान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट योगदान दिया, जिससे विश्वविद्यालय परिवार में भारी हर्ष का माहौल है।

मिथिला विभूति पर्व समारोह के स्वागताध्यक्ष बने समाजसेवी मन्नू चौधरी

■ 54वें मिथिला विभूति पर्व समारोह के आयोजन की हुई बैठक



मन्नू चौधरी का स्वागत करते डॉ. चौधरी व अन्य।

दरभंगा (एनएसबी)। मिथिला के महान विभूतियों को यथोचित सम्मान प्रदान करते हुए आने वाली पीढ़ी को उनके कृतित्व से रूबरू कराने के उद्देश्य से प्रति वर्ष साहित्यिक एवं सांस्कृतिक महाकुंभ के रूप में मिथिला विभूति पर्व समारोह का आयोजन मिथिला-मैथिली के उत्कर्ष का जीवंत प्रतीक है। यह बात विद्यापति सेवा संस्थान के महासचिव डा बैद्यनाथ चौधरी बैजू ने रविवार को 54वें मिथिला विभूति पर्व समारोह के आयोजन समिति की समीक्षा बैठक में कही। इस वर्ष भी मिथिला पेंटिंग व व्यंजन प्रदर्शनी के साथ ही साहित्य अकादमी, दिल्ली व मैथिली अकादमी, पटना के सौजन्य से आकर्षक पुस्तक मेला का आयोजन लगातार तीनों दिनों तक किए जाने पर सहमति बनी।

समारोह के पहले एवं दूसरे दिन विद्यापति गीत-संगीत पर विशेष फोकस रहेगा। बैठक में मीडिया संयोजक डॉ प्रवीण कुमार झा ने बताया कि समारोह में संस्थान की मुख पत्रिका 'अर्पण' के प्रकाशन को लेकर संपादक डॉ महेंद्र नारायण राम व उनके संयुक्त संपादन में आलेख संग्रहण का कार्य चल रहा है। जबकि वरिष्ठ कवि एवं गीतकार डॉ चन्द्रमणि झा के संयोजन एवं डॉ प्रवीण कुमार झा के सह-संयोजन में कवि सम्मेलन को भव्य बनाने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से मैथिली के स्वनामधन्य कवियों एवं कवियित्री की सूची को अंतिम रूप दिया जा रहा है। शोभायात्रा संयोजक विनोद कुमार झा आशीष चौधरी मणिभूषण राजू मैथिली अकादमी के पूर्व अध्यक्ष पं कमला कांत झा ने अपने विचार रखे।अध्यक्षीय संबोधन में संस्थान के अध्यक्ष प्रो शशिनाथ झा ने कहा कि शास्त्रीय भाषा के रूप में मैथिली को दर्जा दिए जाने संबंधी सभी आवश्यक पहलुओं से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट केंद्र सरकार के पटल पर विहित प्रक्रिया के तहत राज्य सरकार द्वारा रखे जाने के बावजूद मैथिली को शास्त्रीय भाषा का दर्जा नहीं दिया जाना आश्चर्यजनक है। इस मामले पर सभी मैथिली सेवी संगठन से एक मंच पर आकर इसके पक्ष में एकजुटता का बेहतर माहौल बनाने का आह्वान किया। बैठक में सर्वसम्मति से युवा समाजसेवी मन्नु चौधरी को इस समारोह का स्वागताध्यक्ष बनाया गया। मौके पर संस्थान परिवार की ओर से मिथिला के पारंपरिक तरीके से उन्हें सम्मानित किया गया। बैठक में डॉ बुचरू पासवान, डॉ दिलीप कुमार झा, प्रो चंद्रशेखर झा बूढ़ाभाई, डॉ उदय कांत मिश्र, डॉ महानंद ठाकुर, प्रो रामसेवक ठाकुर आदि ने भी अपने महत्वपूर्ण विचार रखे।

गुरुकुल लाइब्रेरी सुपौल में सैकड़ों विद्यार्थियों के बीच बांटी गई कॉपी-कलम

■ सेवा, संकल्प व समर्पण महाभियान के तहत डॉ. राजेश झा ने लाइब्रेरी को भेंट की दर्जनों पुस्तकें



कॉपी कलम बाटते डॉ. राजेश झा व अन्य।

बिरौल (एनएसबी)। सेवा संकल्प, समर्पण महाभियान-2026 के तहत शुक्रवार को सुपौल बाजार डुमरी रोड स्थित गुरुकुल लाइब्रेरी में शिक्षा एवं जनसेवा से जुड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर डॉ. राजेश झा ने विभिन्न गांवों से आए सैकड़ों छात्र-छात्राओं के बीच कॉपी-कलम वितरित किए।साथ ही, विद्यार्थियों के अध्ययन एवं ज्ञानवर्धन के लिए लाइब्रेरी को दर्जनों पुस्तकें भेंट कीं।गुरुकुल लाइब्रेरी में बड़ी संख्या में विद्यार्थी एसएससी सीजीएल, बीपीएससी शिक्षक भर्ती, इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। ग्रामीण क्षेत्र में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए उपलब्ध अध्ययन सुविधाएं युवाओं को अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने में मदद कर रही हैं। डॉ. राजेश झा ने कहा कि शिक्षा समाज और राष्ट्र के विकास की मजबूत नींव है। ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। सेवा का वास्तविक अर्थ जरूरतमंद लोगों की सहायता करना और शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है। बीजेपी दरभंगा पूर्वी जिलाध्यक्ष विनय पासवान ने कहा शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे प्रयास युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। गुरुकुल लाइब्रेरी के संस्थापक नटवर चौधरी एवं केशव चौधरी के प्रयासों की सराहना की गई।

शिक्षकों व स्नातकों को अपने फूलप्रूफ योजनाओं से कराया अवगत



लोगों से मिलते सीए आदित्य झ।

दरभंगा (एनएसबी)। समस्तीपुर के प्रमुख शिक्षण संस्थानों का किया दौरा।शिक्षक ही होते हैं सच्ची राह दिखाने वाले।शिक्षकों पर ही टिका है समकालीन पीढी. का भविष्य।सही प्रत्याशी का चुनाव ही वास्तव में मायने रखता है। उक्त बातें दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के युवा एवं जुझारू प्रत्याशी सीए आदित्य झा ने समस्तीपुर जिले के रोसड़ा के प्रमुख शिक्षण संस्थानों में चुनावी भ्रमण के दौरान कहीं। आगे सीए आदित्य झा ने बेरोजगारी को मौलिक रूप से समाप्त करने के लिए अपने सुचिंतित विजन को प्रबुद्ध स्नातक मतदाताओं के बीच रखा। साथ ही वर्षों से लंबित पुरानी पेंशन योजना तथा सप्तम वेतनमान लागू किए जाने के लिए सही दिशा में सकरात्मक उठाये जाने की बात कही।

शिक्षकों को किसी न किसी बहाने गैर-शैक्षणिक कार्यों में निरंतर लगाए रखना बिल्कुल ही न्यायसंगत नहीं है।सीए आदित्य झा ने आज बैद्यनाथपुर हाई स्कूल व मिडिल स्कूल, समस्तीपुर कन्या विद्यालय, रोसड़ा कोर्ट,सिंघिया व हसनपुर के उपस्थित शिक्षकों एवं स्नातकों को अपने फूलप्रूफ योजनाओं से अवगत कराया।

ट्रेन से गिरकर घायल प्रवासी मजदूर की डीएमसीएच में मौत

बहादुरपुर (एनएसबी)। दिल्ली में वर्षों से मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण कर रहे प्रखंड क्षेत्र के छपरार गांव निवासी 26 वर्षीय सुशील गिरी की इलाज के दौरान ट्रेन दुर्घटना में मौत हो गई।जानकारी के अनुसार गुरुवार को शाम स्वतंत्रता सेनानी ट्रेन से लहेरियासराय स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर उतरने के क्रम में अचानक गिर जाने से उसके दोनों पैर कट गए।मौके पर मौजूद जीआरपी ने घायल अवस्था में उसे डीएमसीएच पहुंचाया,जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।मृतक अपने पीछे पत्नी खुशबू कुमारी और 2 माह के पुत्र शिवांश कुमार को छोड़ गया है।घटना की जानकारी मिलते ही प्रवासी श्रमिक अधिकार मंच एवं भाकपा-माले की संयुक्त टीम डीएमसीएच पहुंची और परिजनों से मिलकर सांत्वना दी।नेताओं ने कहा कि रोजगार देने में विफल राज्य और केंद्र सरकार प्रवासी मजदूरों को सुरक्षा और सम्मान की गारंटी भी नहीं दे रही है।इसके खिलाफ प्रवासी मजदूरों को संगठित कर मजदूरों के पक्ष में मजबूत कानून बनाने के लिए आंदोलन तेज किया जाएगा।टीम ने केंद्र सरकार से मृतक की पत्नी के जीवन यापन के लिए 25 लाख रुपये मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी की गारंटी देने की मांग की है।मौके पर भाकपा-माले प्रखंड सचिव बिनोद सिंह,प्रवासी श्रमिक अधिकार मंच के देवेन्द्र कुमार, किसान नेता प्रवीण यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

चाचा की चाकू मार हत्या कर नाबालिक भतीजा हुआ फरार

■ इससे पूर्व भी भतीजा ने टेंपो चालक की चाकू मारकर किया था हत्या

दरभंगा (एनएसबी)। लहेरियासराय थाना क्षेत्र के गुदरी बाजार में बीच बचाव करने आए चाचा की भतीजा के चाकू लगने से मौत हो गया। मृतक की पहचान भगवान बाबू सिंह के 20 वर्षीय पुत्र अंकित सिंह के रूप में हुई है।

थानाध्यक्ष चंद्रकांत गौरी ने बताया कि नाबालिक भतीजा से किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद चल रहा था। शुक्रवार की सुबह भतीजा को किसी दूसरे व्यक्ति से मारपीट हो रहा था इस दौरान आवाज सुनने के बाद चाचा अंकित घर से बाहर आया। दोनों युवक को अलग करने के दौरान नाबालिक भतीजा ने चाचा अंकित सिंह के पेट में दाहिने तरफ चाकू मार दिया। परिजन और स्थानीय लोग इलाज के लिए डीएमसीएच ले जाकर भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घायल अंकित के शरीर से अत्यधिक खून निकल जाने के कारण उसे बचाया नहीं जा सका। नाबालिक भतीजा ने कुछ माह पूर्व ई रिक्शा चालक की भी हत्या कर दी थी। दरभंगा स्टेशन से अहले सुबह नाबालिक भतीजा ई रिक्शा से लहेरियासराय स्वीट होम चौक के पास आया। भाड़ा को लेकर ई रिक्शा चालक से विवाद हो गया था। इस दौरान ई-रिक्शा चालक को पेट में चाकू मार कर हत्या कर दिया था। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गुदरी बाजार के रहने वाले नाबालिक युवक की पहचान हुई थी। जिसे बाल सुधार गृह में भेज दिया गया था। कुछ दिन पहले हीं वह बाल सुधार गृह से छुटकर बाहर आया था। इधर मृतक के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया गया। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। हालांकि स्थानीय लोगों के अनुसार चाचा भतीजा के बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। घटना के बाद से भतीजा फरार हो गया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। जल्द हीं उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मृतक अंकित सिंह को दो छोटी-छोटी बच्ची भी है।

दरभंगा में इसरो के केंद्र निर्माण का रास्ता हुआ साफ : डॉ. गोपाल जी ठाकुर



इसरो के पदाधिकारी के साथ सांसद (फाइल फोटो)।

दरभंगा (एनएसबी)। मिथिला को विज्ञान, नवाचार और उच्च तकनीक से जोड़ने की दिशा में पहल तेजी से आगे बढ़ रही है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो की एक उच्चस्तरीय तकनीकी टीम का शीघ्र ही दरभंगा आगमन होगा तथा टीम के द्वारा संभावित स्थलों का निरीक्षण कर इसरो के केंद्र के निर्माण की औपचारिकताएं पूरी की जाएगी।

■ सांसद ने कहा तकनीकी टीम शीघ्र करेगी स्थलों का निरीक्षण

स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान इसरो के क्षमता निर्माण एवं जनसंपर्क कार्यालय के निदेशक के द्वारा भेजे गए पत्र के आलोक में विस्तार से जानकारी देते हुए शुक्रवार को बताया है कि पिछले माह बेंगलुरु दौरे के दौरान उन्होंने इसरो मुख्यालय व अनुसंधान केंद्रों का विस्तृत भ्रमण किया था। इस क्रम में उन्होंने इसरो के शीर्ष वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर मिथिला क्षेत्र में वैज्ञानिक चेतना और अंतरिक्ष विज्ञान की पहुंच बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग रखी थी तथा वैज्ञानिकों से विशेष आग्रह किया था कि दरभंगा में इसरो से जुड़ा कोई केंद्र, नोडल सेंटर या स्पेस लैबोरेट्री स्थापित करने की संभावनाओं पर विचार किया जाए, जिससे उत्तर बिहार के छात्रों को सीधा लाभ मिल सके तथा यहां के छात्र छात्राओं को डिस्टेंस मैपिंग और बुनियादी ढांचे सघन अध्ययन की सुविधा उपलब्ध हो सके। इसरो केंद्र बेंगलुरु के निदेशक के द्वारा दी गई जानकारी के आलोक में बताया है कि इसरो की उच्चस्तरीय तकनीकी टीम शीघ्र ही दरभंगा पहुंचकर विभिन्न संभावित स्थलों का भौतिक मुआयना करेगी। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य तकनीकी आवश्यकताओं के आधार पर भौगोलिक स्थिति का अध्ययन कर टीम यह देखेगी कि शहर के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों और चिन्हित स्थलों के बीच का डिस्टेंस मैपिंग कितना सुगम है तथा दरभंगा एयरपोर्ट, नेशनल हाईवे और रेलवे नेटवर्क से कनेक्टिविटी के मानक क्या हैं इसके साथ ही वैज्ञानिक उपकरणों व प्रयोगशालाओं के संचालन के लिए आवश्यक पर्यावरण और आधारभूत ढांचे का भी अध्ययन करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा बिहार के सीएम सम्राट चौधरी के नेतृत्व में दरभंगा सहित मिथिला क्षेत्र में हो रहे इस पहल की महत्ता पर चर्चा करते हुए कहा है कि इसरो केंद्र की स्थापना से मिथिला के युवाओं को नए अवसर बढ़ेंगे तथा दरभंगा में अंतरिक्ष विज्ञान और स्पेस टेक्नोलॉजी से जुड़ी गतिविधियों को बड़ी मजबूती मिलेगी।

स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के सभी 40 अभ्यर्थियों के नामांकन स्वीकृत

शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के 13 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में



जानकारी देते प्रमंडलीय आयुक्त।

1,26,951
स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में व शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 9,026 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

दरभंगा (एनएसबी)। बिहार विधान परिषद 05- दरभंगा स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन 2026 के अंतर्गत नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद प्रमंडलीय सभागार, दरभंगा में निवार्ची पदाधिकारी सह आयुक्त, दरभंगा प्रमण्डल, दरभंगा हिमांशु कुमार राय की अध्यक्षता में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन की अद्यतन स्थिति, अभ्यर्थियों के नामांकन, मतदाताओं की संख्या, मतदान केंद्रों की व्यवस्था तथा निर्वाचन तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

आयुक्त हिमांशु कुमार राय ने बताया कि 05 दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए नामांकन दाखिल करने वाले सभी 40 अभ्यर्थियों के नामांकन स्वीकृत किए गए हैं। वहीं, दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 14 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया था, जिनमें से 13 अभ्यर्थियों के नामांकन स्वीकृत किए गए, जबकि एक अभ्यर्थी का नामांकन अस्वीकृत हुआ है। अस्वीकृत नामांकन वाले अभ्यर्थी मधुबनी जिले के हैं।आयुक्त ने बताया कि स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में कुल 1,26,951 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें मधुबनी जिले में 29,316, दरभंगा जिले में 34,001, समस्तीपुर जिले में 34,429 तथा बेगूसराय जिले में 29,205 मतदाता शामिल हैं। वहीं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में कुल 9,026 मतदाता पंजीकृत हैं। जिलेवार मतदाताओं की संख्या मधुबनी में 1,829, दरभंगा में 2,800, समस्तीपुर में 2,350 तथा बेगूसराय में 2,047 है।

निर्वाचन को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत चारों जिलों में कुल 138 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इनमें मधुबनी में 32, दरभंगा में 43, समस्तीपुर में 34 तथा बेगूसराय में 29 मतदान केंद्र शामिल हैं।इसी प्रकार, शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 99 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इनमें मधुबनी में 23, दरभंगा में 32, समस्तीपुर में 24 तथा बेगूसराय में 20 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।आयुक्त ने बताया कि निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त कर्मियों को तीन चरणों में प्रशिक्षण दिया जाना निर्धारित है। प्रथम चरण का प्रशिक्षण संपन्न हो चुका है। शेष प्रशिक्षण निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कराया जाएगा, ताकि सभी कर्मी निर्वाचन संबंधी प्रक्रियाओं का समुचित ढंग से निर्वहन कर सकें।प्रेस कॉन्फ्रेंस में आयुक्त के सचिव सुशील कुमार मिश्रा, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, अविनाश चंद्र, प्रभारी उपनिदेशक जन-सम्पर्क, आशीष अमन सहित संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

■ स्नातक निर्वाचन के लिए 138 व शिक्षक निर्वाचन के लिए 99 मतदान केंद्र निर्धारित

नागरिक विकास परिषद की बैठक में 50 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य

बेनीपुर (एनएसबी)। नागरिक विकास परिषद कार्यकारिणी की बैठक शुक्रवार को अध्यक्ष डॉ. समीर कुमार झा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में नवरात्र-दीपावली की शुभकामनाओं के साथ जनहित मुद्दों पर समीक्षा की गई। कार्यकारी अध्यक्ष राज किशोर चौधरी ने कहा कि एसडीओ के पत्रांक 1500 / 25 सितंबर 26 के निर्देश के बावजूद मांगों का अनुपालन नहीं होने पर परिषद उग्र जनआंदोलन करेगी और प्रधानमंत्री आवास योजना में वंचित योग्य लाभार्थियों का नाम जोड़ने का प्रस्ताव भेजने पर सहमति बनी।बैठक में संगठन विस्तार को लेकर 25 नवंबर को अनुमंडल मुख्यालय में कार्यालय खोलने और 1 दिसंबर से सदस्यता अभियान शुरू कर 50 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया गया। संरक्षक रामकुमार झा बबलू ने कहा कि परिषद बेनीपुर को आदर्श क्षेत्र बनाने के लिए समर्पित है। देवराम अमैठी के पूर्व मुखिया गयासुदीन ने प्रशासनिक भ्रष्टाचार के विरुद्ध जनसहयोग से आवाज उठाने की बात कही।कार्यकारिणी के निर्णयानुसार दयाकान्त झा को प्रखंड प्रभारी, राजेश झा को नगर प्रभारी, अशोक झा को नगर अध्यक्ष और मनोज मंडल को प्रखंड युवा अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

दूरनाम अपराधी आनंद किशोर यादव देसी पिस्टल व जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार

लदनियां (एनएसबी)। लदनियां पुनि सह थाना अध्यक्ष मुकुल कुमार सिंह ने पुलिस दलबल के साथ बुधवार को आसूचना संकलन के दौरान बाबूबरही थाना के तिरहोता गांव में छापेकर एक अपराधी को दबोचा है, तलाशी के क्रम में अपराधी के पास से सात जिंदा गोली, एक पिस्टल बरामद हुआ है। जानकारी के अनुसार एक घटना में प्रयुक्त बाइक के साथ गिरफ्तार करने बात बताया जा रहा है। अपराधी की पहचान तिरहुता गांव के आनंद किशोर यादव पिता हरिशचन्द्र यादव के रुप में की गई है।

छापेमारी में उनके पास से लाल रंग की एक अपाची बाइक, एक देसी पिस्टल, 7 जिंदा कारतूस, दो मोबाइल, दो गोली का खोखा,एक गोली का प्लेट बरामद किया गया । बताया जा रहा है कि बाबूबरही थाना में एक अपराधिक घटना में भी नामजद अभियुक्त है। इनके विरुद्ध चिकनोटवा खाजेडीह सड़क पर स्कूटी चालक केशवर सिंह पर जानलेवा गोलीबारी कर घायल करने का आरोप



गिरफ्तार अभियुक्त।

है। लदनियां पुलिस गहन पूछताछ के बाद जो घटना के पिछे जो राज छुपा था उसका भी खुलासा हुआ है। जानकार सूत्रों से मिली सूचना के अनुसार मेले में हुई विवाद के रंजिश में चलाई गयी थी गोली। हालांकि लदनियां पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त का अपराधिक इतिहास भी है, जिसके विरुद्ध बाबूबरही थाना में कांड संख्या 183/20 दर्ज है।

बौरहा गांव में करीब 1 क्विंटल 74 किलोग्राम छापेमारी में गांजा बरामद

लदनियां (एनएसबी)। लदनियां पुनि सह थाना अध्यक्ष मुकुल कुमार सिंह द्वारा बुधवार को दलबल के साथ आसूचना संकलन के दौरान बौरहा गांव में रमेश कामत के भूसा घर के पास गलियारे में छापेमारी कर करीब 1.74 किलोग्राम गांजा बरामद होने की बात प्रकाश में आया है । पुलिस गाड़ी देखते ही सभी अभियुक्त चमप्त हो गए।

पुनि सह थानेदार मुकुल कुमार सिंह ने बताया कि इस बात एस आई शशिभूषण सिंह के आवेदन के अलोक में कांड संख्या - 426 / 26 अंकित किया गया है । उन्होंने बताया कि इस कांड में डिजिटल तराजू, गांजा पैकेट चापने वाला उपकरण सहित अन्य सामग्री जब्त किया गया उन्होंने बताया कि इस केस में सोनवर्षा गांव के बैद्यनाथ कामत उर्फ भानू कामत पिता राजकुमार कामत एवं रमेश कामत पिता नथुनी कामत के अलवा बौरहा गांव के राम बाबू पासवान पिता धनवीर पासवान को



बरामद गांजा के साथ पुलिस।

नामजद बनाया गया है । उन्होंने कहा कि छापेमारी टीम में मेरे आलावा एस आई शशि भूषण सिंह शामिल थे । पुलिस इस कांड के अभियुक्तों को गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दिया है!

उच्चैठ भगवती स्थान में दुर्गा पूजा की तैयारी तेज, सुरक्षा के होंगे पुख्ता इंतजाम



बैठक करते अधिकार।

बेनीपट्टी (एनएसबी)। दुर्गा पूजा 2026 के अवसर पर उच्चैठ भगवती स्थान में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर शुक्रवार को उच्चैठ स्थित पंचायत भवन में बैठक हुई। अनुमंडल पदाधिकारी बेनीपट्टी शारंग पाणि पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पूजा के दौरान भीड़ नियंत्रण, साफ-सफाई, पेयजल, बैरिकेडिंग और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत बेनीपट्टी गौतम आनंद ने पिछले वर्ष की व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए इस वर्ष पूजा आयोजन को बेहतर बनाने के लिए उपस्थित लोगों से सुझाव मांगे। स्थानीय लोगों ने मंदिर परिसर और नालों की समुचित साफ-सफाई तथा पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। इस पर कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि साफ-सफाई का कार्य लगातार कराया जा रहा है और इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी।पंडा प्रतिनिधियों ने बताया कि नवरात्र के पहले दिन से ही सुबह तीन से पांच बजे तक श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ रहती है। इसे देखते हुए पहले दिन से ही इस अवधि में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की मांग की गई। साथ ही रात एक बजे तक मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने का आग्रह किया

■ नवरात्र के पहले दिन से सुबह तीन बजे ही तैनात होंगे पुलिस बल, सीसीटीवी से होगी निगरानी; मंदिर परिसर और मुख्य सड़क पर दुकान लगाने पर रहेगी रोक

गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने आश्वस्त किया कि आवश्यकतानुसार पुलिस बल की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने पंडा समिति को बैरिकेडिंग मजबूत करने और ड्रॉप गेट बनवाने का निर्देश भी दिया।

बिना नाम-पते और फोटो के जारी नहीं होगा वीआईपी पास

दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पंडा समिति ने कुछ वीआईपी पास जारी करने का अनुरोध किया। इस पर एसडीओ ने स्पष्ट किया कि बिना नाम और फोटो के कोई पास जारी नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार संबंधित पंडा को व्यक्तिगत रूप से एक पास निर्गत किया जाएगा, जिसके माध्यम से श्रद्धालुओं को दर्शन कराने में सुविधा मिल सकेगी।एसडीओ ने पंडा, दुकानदारों और आसपास के ग्रामीणों से शांतिपूर्ण ढंग से पूजा संपन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

प्रमंडल स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2026-27 के समापन दिवस पर

खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन विभिन्न स्पर्धाओं ने जीते पदक

मधुबनी (एनएसबी)। प्रमंडल स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2026-27 का आयोजन दरभंगा जिले में किया गया। प्रतियोगिता के समापन दिवस पर मधुबनी जिले के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल विधाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का मान बढ़ाया। अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 बालक-बालिका वर्ग की विभिन्न स्पधाओं में मधुबनी के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, खेल कौशल एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन से कई पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता के दौरान जिले के खिलाड़ियों का उत्साह एवं प्रदर्शन सराहनीय रहा।

वुशू प्रतियोगिता में मधुबनी के खिलाड़ियों ने विशेष उपलब्धि हासिल की। अंडर-19 बालिका वर्ग में मनीषा कुमारी (70 किलोग्राम), लक्ष्मी कुमारी (56 किलोग्राम) एवं कन्या कुमारी (48 किलोग्राम) ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया, जबकि प्रीति कुमारी (45 किलोग्राम) ने रजत पदक हासिल किया। वहीं, अंडर-19 बालक वर्ग में सतीश कुमार (48 किलोग्राम), रूपेश कुमार (52 किलोग्राम) एवं मंजय कुमार (60 किलोग्राम) ने रजत पदक प्राप्त कर जिले



सम्मानित हुआ छात्र।

को गौरवान्वित किया। फुटबॉल प्रतियोगिता के अंडर-14 बालक वर्ग में मधुबनी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया। वहीं, योग प्रतियोगिता के अंडर-17 बालक वर्ग में माधव कुमार ने स्वर्ण पदक तथा अंडर-14 बालिका वर्ग में निशा भारती ने रजत पदक हासिल किया। इसके अतिरिक्त कबड्डी, फुटबॉल, हैंडबॉल सहित अन्य खेल विधाओं में भी मधुबनी जिले के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। इन स्पधाओं में जिले के कई प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता के लिए किया गया है, जो जिले के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी श्री नीतीश कुमार ने कहा कि मधुबनी के खिलाड़ियों द्वारा विभिन्न स्पधाओं में पदक प्राप्त करना जिले के लिए गर्व एवं हर्ष का विषय है। यह उपलब्धि खिलाड़ियों की मेहनत, लगन, अनुशासन एवं निरंतर अभ्यास का परिणाम है। उन्होंने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि जिले में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने तथा उन्हें बेहतर प्रशिक्षण एवं अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे आगामी प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करेंगे। प्रतियोगिता के सफल संचालन एवं खिलाड़ियों के मार्गदर्शन में टीम प्रभारी के रूप में आरती कुमारी, नरेश कुमार, सौरभ कुमार, उत्तम कुमार, मंटू कुमार सहित अन्य प्रभारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रमंडल स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2026-27 में मधुबनी जिले के खिलाड़ियों का यह प्रदर्शन जिले में खेल प्रतिभाओं की समृद्ध संभावनाओं को दशार्ता है। पदक विजेता खिलाड़ियों एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित प्रतिभागियों की उपलब्धि से जिले के खेल जगत में उत्साह का माहौल है।

लदनियां में सौहार्दपूर्ण माहौल में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक

लदनियां (एनएसबी)। आगामी 11 अक्टूबर से शुरू हो रहे दस दिवसीय दुर्गा पूजा महापर्व को शांतिपूर्ण और भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराने को लेकर रविवार को स्थानीय थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी सौरभ कुमार ने की। अंचलाधिकारी सौरभ कुमार एवं इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष मुकुल रंजन कुमार सिंह की मौजूदगी में आयोजित इस बैठक में क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि, पूजा समितियों के सदस्य और गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष मुकुल रंजन कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों से आपसी सौहार्द और शांति के साथ 10 दिनों का दुर्गा पूजा पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने पूजा समितियों को स्पष्ट हिदायत दी कि पूजा पंडालों में किसी भी परिस्थिति में अश्लील या आपत्तिजनक गाने नहीं बजाए जाएं। ऐसा करने वालों और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने आम लोगों से सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से फैलने वाली किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की और कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। बैठक के दौरान अंचलाधिकारी सौरभ कुमार ने पूजा पंडालों में सुरक्षा, रोशनी और भीड़ नियंत्रण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं को दर्शन में कोई असुविधा न हो।

मुख्य चुनाव आयोग ज्ञानेश कुमार का किया पुतला दहन, आयोग के विरुद्ध लगाया नारा



जयनगर (एनएसबी)। डी व्याइ एफ आई एवं एस एफ आइ सदस्यों द्वारा मुख्य चुनाव आयोग ज्ञानेश कुमार का पुतला लेकर नारा लगाते हुए जयनगर शहर के विभिन्न चौक चौराहा होते हुए जयनगर स्टेशन चौक परिसर में सभा में तब्दील होकर वक्तओ ने सरकार की नीति की आवाज बुलंद करते हुए सम्बोधन किये।मुख्य चुनाव आयोग ज्ञानेश कुमार के इस्तीफा की मांग को लेकर भारत की जनवादी नौजवान जयनगर सभा (और भारत का छात्र फेडेरेशन जयनगर ने संयुक्त रूप से ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया 'पुतला दहन कार्यक्रम को के सुनील कुमार सिंह, शंकर बिहारी, रविन्द्र बिहारी उर्फ मोहन यादव एवं के अनीश कुमार, रामबाबू यादव, रोहित कुमार श्रवण कुमार टीटू कुमार बिंदा मुखिया ने किया।

जी राम जी योजना को लेकर किया गया बैठक

बिस्फी (एनएसबी)। प्रखंड मुख्यालय स्थित मनरेगा भवन के सभागार में प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत रोजगार सेवकों, जेई, पीटीए की बैठक आयोजित किया गया. बैठक की अध्यक्षता पीओ मनोरंजन कुमार रंजन ने किया. बैठक में बीबीजी राम जी द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा पंचायत बार की गई. बैठक में मुख्य रूप से आंगनबाड़ी केदो के भवन का निर्माण, ग्रामीण हाट एवं विद्यालयों के चाहर दीवारी, किचन सेड और बर्ग कक्ष



बैठक में उपस्थित पदाधिकारी व कर्मी।

बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई. बैठक में सहयोग शिविर व शंत रविदास शिविर में प्राप्त किए गए आवेदनों की भी समीक्षा की गई. पीओ मनोरंजन कुमार रंजन ने कहा कि विकास आयुक्त के दिशा निर्देश के आलोक में सभी पंचायत के विद्यालयों के भवन, किचन सेड, चहरदीवारी आदि की निर्माण के लिए विद्यालयों का चयन किया जाना है. जिसको लेकर कई दिशा निर्देश दिए गए.

जिला स्तरीय युवा उत्सव 2026 का आयोजन 28 अक्टूबर को

मधुबनी (एनएसबी)। जिले के युवाओं की कला, प्रतिभा, रचनात्मकता एवं सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय युवा उत्सव 2026 का आयोजन आगामी 28 अक्टूबर को नगर भवन एवं आम्रपाली कला प्रशिक्षण केंद्र, मधुबनी में किया जाएगा। उत्सव के अंतर्गत समूह लोकगीत, समूह लोक नृत्य, वक्तृता, चित्रकला एवं कविता लेखन सहित विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रत्येक विधा में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी अथवा दल का चयन आगामी राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय युवा उत्सव में सहभागिता के लिए किया जाएगा।

जिलाधिकारी श्री आनंद शर्मा ने युवा उत्सव के सफल, सुव्यवस्थित एवं व्यापक आयोजन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिले के सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों तथा युवा संगठनों से अधिकाधिक युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि युवा उत्सव युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, रचनात्मक अभिव्यक्ति का अवसर प्राप्त करने तथा जिले की सांस्कृतिक पहचान को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने का महत्वपूर्ण मंच है।

15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा ले सकेंगे भाग

जिला स्तरीय युवा उत्सव में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया है। इसके लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि वे अपने स्तर से जिले के सभी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के प्रधानाध्यापकों / प्राचार्यों को आवश्यक निर्देश जारी करें। शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत पात्र एवं इच्छुक छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिताओं की जानकारी उपलब्ध कराने, उन्हें भाग लेने के लिए प्रेरित करने तथा आवश्यक

■ युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन का सुनहरा अवसर, चयनित युवाओं को राज्य/राष्ट्रीय स्तर पर मिलेगी पहचान एवं अवसर

■ नगर भवन व आम्रपाली कला प्रशिक्षण केंद्र में होंगा आयोजन

■ डीएम ने अधिकाधिक युवाओं की भागीदारी हेतु अधिकारियों को दिया निर्देश

अवसर प्रदान करने को कहा गया है, ताकि अधिक से अधिक युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित हो सके।

इसी क्रम में जिला कल्याण पदाधिकारी को भी अपने अधीनस्थ विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को निर्देशित करने को कहा गया है कि वे अपने-अपने विद्यालयों के 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं को युवा उत्सव की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें। इसका उद्देश्य है कि जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली युवाओं को समान रूप से अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिले।

एनसीसी, एनएसएस एवं माई भारत के स्वयंसेवकों की भी होगी सहभागिता

युवा उत्सव को जनभागीदारी आधारित एवं व्यापक स्वरूप प्रदान करने के लिए एनसीसी, एनएसएस तथा माई भारत के स्वयंसेवकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। समादेशी पदाधिकारी, बिहार बटालियन एनसीसी, जिला युवा पदाधिकारी, मधुबनी तथा एनएसएस के नोडल पदाधिकारी को अपने-अपने स्तर से युवाओं एवं स्वयंसेवकों को कार्यक्रम से जोड़ने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

संबंधित पदाधिकारी प्रखंड स्तर पर भी युवाओं से व्यापक संपर्क स्थापित करेंगे तथा उन्हें विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित करेंगे। इसके साथ ही जिला युवा पदाधिकारी, मधुबनी को माई भारत के स्वयंसेवकों की एक टीम गठित कर जिला स्तरीय युवा उत्सव में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। उत्सव में निबंधित सभी प्रतिभागियों का माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी संबंधित टीम को सौंपी गई है, ताकि प्रतिभागियों का व्यवस्थित पंजीकरण एवं आयोजन संबंधी आवश्यक प्रक्रियाएं समयबद्ध रूप से पूरी की जा सकें।

निर्णायक मंडल का गठन, चयनित प्रतिभागियों को मिलेगा प्रमाण पत्र

युवा उत्सव के अंतर्गत आयोजित होने वाली प्रत्येक विधा के लिए निर्णायक मंडल का गठन किया गया है। प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों के प्रदर्शन के आधार पर चयन प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। विभिन्न विधाओं में प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। प्रत्येक विधा मे जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों अथवा दलों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होगा।

डीएम की युवाओं से अपील

जिलाधिकारी श्री आनंद शर्मा ने जिले के सभी पात्र युवाओं से अपील की है कि वे जिला स्तरीय युवा उत्सव 2026 में उत्साहपूर्वक भाग लें और अपनी कला, कौशल एवं रचनात्मकता का प्रदर्शन करें। उन्होंने विद्यालयों, महाविद्यालयों, एनसीसी, एनएसएस, माई भारत तथा अन्य युवा संगठनों से भी इस आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि युवाओं की प्रतिभा को उचित मंच प्रदान करना, उनकी रचनात्मक क्षमता को विकसित करना तथा उन्हें सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ना आवश्यक है। युवा उत्सव न केवल प्रतिभाओं को पहचानने का अवसर है, बल्कि जिले के युवाओं को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ने का भी महत्वपूर्ण माध्यम है।

सिंचाई कर्मी रहे 87 वर्षीय शिवशंकर गुप्ता नहीं रहे

लदनियां। प्रखंड की खाजेडीह पंचायत के धर्मबन गांव निवासी शिवशंकर गुप्ता (87) का निधन शुक्रवार की अल सुबह हो गया। उनके निधन पर लोगों शोक संवेदना प्रकट की है। वे सिंचाई विभाग के कर्मी रहे थे। संवेदना प्रकट करने वालों में विधायक मीना कुमारी, पूर्व विधायक उमाकांत यादव, पूर्व मंत्री लक्ष्मेश्वर राय, तुलसी गुप्ता, दीपनारायण साह, झमेली राम, शंकर साह, रविन्द्र साह, मुखिया फुलकुमारी देवी, प्रह्लाद राय, गणेश ठाकुर, शोभा राय, गंगाप्रसाद आदि हैं। लोगों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रभु से प्रार्थना की है।

बरदाहा नरसाम, परसौनी व जफरा गांव में शांति समिति की बैठक का आयोजन

बिफी (एनएसबी)। दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर पतौना थाना क्षेत्र के बरदाहा नरसाम, परसौनी और जफरा गांव में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पूजा समिति के सदस्यों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं पुलिस पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान दुर्गा पूजा के अवसर पर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में पतौना थानाध्यक्ष अनुराग कुमार, एसआई उदय रजक, एसआई कंचन कुमारी एवं एसआई विकास कुमार सहित अन्य पुलिस बल उपस्थित रहे।



शांति समिति की बैठक।

पुलिस पदाधिकारियों ने पूजा समिति के सदस्यों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ दुर्गा पूजा के आयोजन को लेकर चर्चा की। बैठक का मुख्य उद्देश्य त्योहार के दौरान क्षेत्र में शांति, सद्भाव और कानून-व्यवस्था बनाए रखना रहा।

इस दौरान पूजा समिति के सदस्यों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी भागीदारी निभाई। बैठक में दुर्गा पूजा को आपसी सहयोग और सामाजिक सौहार्द के साथ मनाने पर जोर दिया गया। त्योहार के दौरान सभी समुदायों के बीच आपसी सम्मान एवं भाईचारा बनाए रखने को लेकर भी चर्चा की गई। पुलिस पदाधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में आयोजित इस बैठक को दुर्गा पूजा के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से स्थानीय लोगों और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में मदद मिलती है। दुर्गा पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की भागीदारी और पूजा समितियों की सक्रियता को देखते हुए आपसी सहयोग एवं जिम्मेदारी की भावना आवश्यक है। बैठक में शांतिपूर्ण माहौल में पूजा संपन्न कराने को लेकर सहमति बनी।स्थानीय स्तर पर आयोजित इस शांति समिति की बैठक का उद्देश्य यही रहा कि बरदाहा नरसाम, परसौनी और जफरा सहित पतौना थाना क्षेत्र में दुर्गा पूजा का त्योहार शांति, सद्भाव और भाईचारे के वातावरण में मनाया जाए।

संक्षिप्त खबरें

जन्मदिन पर मिले अपार स्नेह और बधाई संदेशों के लिए हृदय से आभार : सुरेश शर्मा

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। पूर्व मंत्री बिहार सरकार सह आर डी.जे.एम. मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के अध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा ने शुक्रवार को अपने जन्मदिन के मौके पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से बधाई और शुभकामनाये देने वाले अपने करीबियों, हितचिंतकों, समर्थकों और नगर के तमाम नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मेरे जन्मदिन के अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दलों, व्यवसायिक संघों, अधिवक्ता संघ, पत्रकार बंधुओं, जनप्रतिनिधियों, कार्यकताओं, शुभचिंतकों, मित्रों एवं परिजनों द्वारा प्रत्यक्ष रूप से, फोन कॉल, व्हाट्सएप, फेसबुक, सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से जो बधाई संदेश, शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्राप्त हुए हैं, उसके लिए मैं हृदय की गहराइयों से सभी लोगों का आभार व्यक्त करता हूँ। आप सभी के द्वारा दिया गया यह स्नेह, प्यार और सम्मान ही मेरी सबसे बड़ी पूंजी है। आप लोगों की शुभकामनाओं ने मेरे जन्मदिन को और भी विशेष बना दिया है। आप सभी ने जिस तरह से मुझे याद रखा, इसके लिए मैं सदैव आपका आभारी रहूंगा। उन्होंने कहा कि समस्त मुजफ्फरपुरवासियो का स्नेह, प्यार और आशीर्वाद हमें मिलता रहे, यही ईश्वर से प्रार्थना है। उन्होंने कहा कि मैं भी जीवन भर समाज सेवा और आप सभी के सुख-दुख में साथ रहते हुए मुजफ्फरपुर को विकसित करने के लिए कृत संकल्पित हूँ।



अपने जन्मदिन पर नगर के लोगों के प्रति स्नेह प्यार देने के लिए आभार व्यक्त करते पूर्व मंत्री सुरेश शर्मा।

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में महिंद्रा प्राइड क्लासरूम ट्रेनिंग कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। छात्रों एवं छात्राओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने तथा उनकी दक्षता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में शुक्रवार को महिंद्रा प्राइड क्लासरूम का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। इस कार्यक्रम में कॉमर्स, मैनेजमेंट, भौतिकी एवं एमसीए के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो दिनेश चन्द्र राय ने भौतिकी विभाग में किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो राय ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है। छात्रों को व्यावहारिक कौशल, उद्योग-केंद्रित ज्ञान और रोजगारोन्मुखी दृष्टि से सशक्त बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। महिंद्रा प्राइड क्लासरूम जैसे कार्यक्रम युवाओं के स्वर्णिम भविष्य की मजबूत नींव रखने वाले महत्वपूर्ण कदम हैं। इस सात दिवसीय सत्र से हमारे छात्र-छात्राएँ बहुत लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से छात्राओं की अधिक भागीदारी देखकर मुझे अपार प्रसन्नता हो रही है। जब बेटियाँ सशक्त होती हैं तो पूरा समाज सशक्त होता है। विश्वविद्यालय प्रशासन प्लेसमेंट सेल के माध्यम से निरंतर ऐसे गुणवत्तापूर्ण कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा, जिससे हर छात्र को रोजगार की गारंटी मिल सके। विश्वविद्यालय प्लेसमेंट के चेयरमैन प्रो ललन झा ने कहा कि यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय की उस व्यापक पहल का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत छात्रों को उद्योग जगत की मांग के अनुरूप तैयार किया जा रहा है। कुलपति प्रो दिनेश चन्द्र राय के नेतृत्व में विवि रोजगारपरक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. संगीत सिन्हा, प्रो. प्रदीप कुमार चौधरी, डॉ विनोद बैठा, डॉ पिनाकी लाहा तथा रविन्द्र कुमार उपस्थित रहे।



कुलपति का स्वागत करते बिभाग अध्यक्ष।

नहरों के जीर्णोद्धार को लेकर काँटी के विधायक ने जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी से की मुलाकात

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। कांटी विधायक एवं पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार ने कांटी विधानसभा क्षेत्र की जर्जर नहरों के जीर्णोद्धार और सिंचाई व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर शुक्रवार को जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की प्रमुख नहरों की स्थिति से मंत्री को अवगत कराते हुए वीरपुर वितरनी, रामदयालु नगर उपवितरणी, बड़कागांव उपवितरणी सहित अन्य छोटी नहरों की मरम्मत और सफाई कराने की मांग की। इस पर मंत्री ने एक वर्ष के भीतर किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने का आश्वासन दिया। विधायक ने बताया कि नहरों की स्थिति ठीक नहीं होने के कारण क्षमता के अनुरूप जलप्रवाह नहीं हो पा रहा है। इससे क्षेत्र की सिंचाई व्यवस्था वर्षों से प्रभावित है और किसानों को खेती में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। नहरों के रखरखाव पर खर्च होने के बावजूद किसानों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने वीरपुर, रामदयालु नगर और बड़कागांव उपवितरणी में आरसीसी लाइनिंग के साथ सर्विस रोड का निर्माण कराने तथा अन्य छोटी नहरों की उड़ाही और गाद की सफाई कराने का आग्रह किया। विधायक ने उम्मीद जताई कि मंत्री के आश्वासन के अनुरूप निर्धारित समयसीमा में कार्य पूरा होने से क्षेत्र के किसानों को राहत मिलेगी और खेतों तक पानी पहुंचने की समस्या का समाधान होगा।



होमी जहांगीर भाभा कैंसर अस्पताल में पूर्व सैनिकों के लिए कैंसर जागरूकता अभियान सम्पन्न

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, मुजफ्फरपुर के सौजन्य से होमी जहांगीर भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र में पूर्व सैनिकों के लिए कैंसर जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान का उद्देश्य पूर्व सैनिकों को विभिन्न प्रकार के कैंसर, उनकी समय रहते पहचान, बचाव तथा उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर अस्पताल के प्रिवेंटिव ऑन्कोलॉजी विभाग के चिकित्सक डॉ. निशांत कुमार ने पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए विभिन्न प्रकार के कैंसर, उनके शुरूआती लक्षणों, समय पर जांच कराने के महत्व तथा कैंसर से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समय रहते कैंसर की पहचान होने पर उपचार की संभावनाएं बेहतर हो सकती हैं, इसलिए नियमित स्वास्थ्य जांच और शुरूआती लक्षणों के प्रति सतर्कता अत्यंत आवश्यक है। डॉ. निशांत कुमार ने अस्पताल में पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को ईसीएचएस लाभार्थी कार्ड के माध्यम से उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अस्पताल प्रबंधन जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी विंग कमांडर यू. के. त्रिपाठी के साथ समन्वय स्थापित कर शीघ्र ही विशेष रूप से पूर्व सैनिकों के लिए प्रिवेंटिव कैंसर स्क्रीनिंग जांच शिविर आयोजित करने की दिशा में कार्य करेगा। इस प्रस्तावित शिविर से पूर्व सैनिकों को कैंसर की प्रारंभिक पहचान एवं समय पर चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम में पूर्व सैनिक मनोज कुमार सिंह, बीरेंद्र कुमार, सुजय कुमार सिंह, अरुण सिंह, अवधेश चौधरी, चंद्र भूषण सिंह, अजय सिंह, रणविजय कुमार, नीतीश कुमार सिंह, शंभू बैठा एवं रामबाबू राय उपस्थित रहे।



मुजफ्फरपुर में 15 करोड़ की जमीन की हेराफेरी के मामले में पुलिस ने की कार्रवाई

मुशहरी के निलंबित सीओ महेंद्र शुक्ला व आरओ करुण करण को किया गिरफ्तार

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो

मुजफ्फरपुर। जिले में करीब 15 करोड़ रुपये मूल्य की 70 डिसमिल जमीन से जुड़े कथित फजीर्वाड़े एवं जमीन की हेराफेरी के मामले में पुलिस ने मुशहरी के निलंबित अंचलाधिकारी महेंद्र कुमार शुक्ला और राजस्व अधिकारी करुण करण को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई के बाद राजस्व विभाग में हलचल तेज हो गई है।

मिली जानकारी के अनुसार मामला अहियापुर थाना क्षेत्र में रिटायर्ड अवर सचिव विजय कुमार शाही की जमीन से जुड़ा है। शिकायत के मुताबिक कथित तौर पर फर्जी केवाला के माध्यम से पहले जमीन हाजीपुर निवासी कृष्णनंदन पासवान के नाम कराई गई। इसके बाद उसी जमीन की दूसरी रजिस्ट्री सीतामढ़ी के बेलसंड से लोजपा (आर) विधायक अमित कुमार रानू के भाई अभिनव उर्फ सोनू सिंह समेत तीन लोगों के नाम किए जाने का आरोप है। इस मामले में विजय कुमार शाही की शिकायत पर अहियापुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जिलाधिकारी की जांच रिपोर्ट के आधार पर महेंद्र कुमार शुक्ला को तीन दिन पहले ही निलंबित किया जा चुका था। उन पर दाखिल-खारिज प्रक्रिया में अनियमितता और कथित फर्जी दस्तावेजों के जरिए भू-माफियाओं को लाभ पहुंचाने के आरोप हैं। गिरफ्तारी के बाद महेंद्र शुक्ला को मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल लाया गया। वहां ब्लड प्रेशर बढ़ने पर चिकित्सकों ने उनका उपचार किया। बाद में उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया।

फिलहाल उनकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है। इस दौरान नगर एसडीपीओ-2 हिमांशु कुमार भी अस्पताल में मौजूद रहे। पुलिस अब इस कथित जमीन घोटाले में अन्य लोगों और संभावित सिंडिकेट की भूमिका की भी जांच कर रही है। दोनों आरोपितों को न्यायालय में पेश किए जाने के बाद आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। मुजफ्फरपुर में जमीन से जुड़े इस बड़े मामले में अब जांच की आंच अन्य संदिग्धों तक पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।



मेडिकल जांच के बाद गिरफ्तार निलंबित मुशहरी के निवर्तमान निलंबित सीओ और आरओ को ले जाती पुलिस।

स्कूल में करंट से तीन छात्राएं झुलसीं



घायल छात्राओं को अस्पताल पहुंचाने को लेकर मची अफरा तफरी।

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। अहियापुर थाना क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय शाहबाजपुर में शुक्रवार को लंच के समय बड़ा हादसा हो गया। स्कूल की छत के पास से गुजर रहे 11 हजार वोल्ट के हाईटेंशन तार से सटने के कारण करंट लगने से तीन छात्राएं झुलस गईं। इस हादसे के बाद स्कूल परिसर में अफरा तफरी मच गई। आनन फानन में घायल छात्राओं को इलाज के लिए एसकेएमसीएच में भर्ती कराया गया, जहां एक छात्रा की हालत गंभीर बताई जा रही है।

घटना के संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार लंच के समय छात्राएं खाना खाने के लिए छत पर गई थीं। घायल छात्रा नेहा के मुताबिक, छत के पास की दीवार छूने के दौरान उसे जोरदार करंट लगा और वह नीचे गिर गई। उसके साथ मौजूद दूसरी छात्रा भी चिल्लाने लगी। बताया गया कि श्रुति नाम की छात्रा ने हिम्मत दिखाते हुए घायल छात्राओं को नीचे लाने में मदद की। हादसे के बाद विद्यार्थियों में दहशत फैल गई और कई छात्र-छात्राएं स्कूल परिसर से बाहर निकल गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने स्कूल प्रबंधन पर घायल छात्राओं को अस्पताल पहुंचाने में लापरवाही का आरोप लगाया।

प्रत्यक्षदर्शी वैभव कुमार के अनुसार, करंट लगने से एक छात्रा के हाथ-पैर बुरी तरह झुलस गए थे। इसके बावजूद घायल छात्राओं को अस्पताल पहुंचाने के लिए स्कूल का गेट समय पर नहीं खोला गया। उन्होंने आरोप लगाया कि परिसर में स्कूल की गाड़ी मौजूद थी, लेकिन उसे भी छात्राओं को अस्पताल ले जाने के लिए उपलब्ध नहीं कराया गया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने ऑटो रोककर घायल छात्राओं को एसकेएमसीएच पहुंचाया। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। हालांकि, स्कूल प्रबंधन की ओर से इन आरोपों पर विस्तृत पक्ष सामने नहीं आया है।

घटना में घायल छात्राओं की संख्या को लेकर भी अलग-अलग दावे सामने आए हैं। स्कूल के एक शिक्षक ने दो छात्राओं के घायल होने की बात कही, जबकि प्रत्यक्षदर्शियों और घायल छात्राओं से मिली जानकारी के अनुसार, हादसे में तीन छात्राएं झुलसी हैं। फिलहाल, एक छात्रा की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद स्कूल परिसर के पास से गुजर रहे हाईटेंशन तार से विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोग घटना की जांच कराने और जिम्मेदारी तय करने की मांग कर रहे हैं। हादसे के कारणों और स्कूल प्रबंधन की भूमिका को लेकर संबंधित विभागों का आधिकारिक पक्ष सामने आना बाकी है।

दोस्तों के साथ मिलकर रची अपने अपहरण की साजिश, पिता से मांगी दो लाख रुपये फिरौती

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। ऑनलाइन गेम में 1.45 लाख रुपये हारने के बाद कर्ज चुकाने के दबाव में दसवीं कक्षा के एक छात्र ने अपने ही अपहरण की झूठी कहानी रच दी। पटना के बुद्धा कॉलोनी में रहकर पढ़ाई करने वाले छात्र ने दोस्तों के साथ मिलकर परिजनों से दो लाख रुपये फिरौती की मांग की। बेटे के अपहरण की बात सुनकर घबराए पिता ने उसके खाते में 75 हजार रुपये भी भेज दिए।

हालांकि, पुलिस ने तकनीकी जांच के आधार पर छात्र को मुजफ्फरपुर के सराय टोल प्लाजा के पास एक बस से सुरक्षित बरामद कर लिया। जानकारी के अनुसार, छात्र मूल रूप से पूर्वी चंपारण के रक्सौल बॉर्डर इलाके का रहने वाला है। उसके पिता व्यवसायी हैं। छात्र पटना में रहकर पढ़ाई करता है। बताया गया है कि उसने ऑनलाइन गेम खेलने के लिए दोस्तों से रुपये उधार लिए थे। गेम में करीब 1.45 लाख रुपये हारने के बाद दोस्त उस पर रकम लौटाने का दबाव बनाने लगे। इसके बाद छात्र ने दोस्तों के साथ मिलकर खुद के अपहरण की साजिश रच दी। छात्र अपने कमरे से निकलकर गांधी मैदान बस स्टैंड पहुंचा और वहां से मुजफ्फरपुर जाने वाली बस पकड़ ली। रास्ते में उसने फोन कर पिता को बताया कि चार-पांच लोग उसे स्कॉर्पियो में बंधक बनाकर ले जा रहे हैं और छोड़ने के बदले दो लाख रुपये मांग रहे हैं। बेटे की बात सुनकर पिता ने उसके खाते में 75 हजार रुपये भेज दिए और पुलिस को सूचना दी।

शुरूआत में पुलिस छात्र के बताए अनुसार स्कॉर्पियो की तलाश में जुटी थी। लेकिन तकनीकी जांच और मोबाइल टावर लोकेशन के विश्लेषण से गांधी मैदान बस स्टैंड का सुराग मिला। इसके बाद पुलिस ने बसों की जांच शुरू की और छात्र को मुजफ्फरपुर के सराय टोल प्लाजा के पास सुरक्षित बरामद कर लिया। शुरूआती जांच में मामला खुद के अपहरण की झूठी साजिश का सामने आया है।

रोटरी क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर युगल एवं इनर व्हील क्लब पुष्पांजलि का स्वच्छता अभियान



कार्यक्रम के मौके पर क्लब की अधिकारियो का स्वागत करते वार्ड पार्षद के पी पप्पू।

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को रोटरी क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर युगल एवं इनर व्हील क्लब पुष्पांजलि द्वारा संयुक्त रूप से गरीबनाथ मंदिर के समीप एक सेवा गतिविधि का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत फूल विक्रेताओं के बीच डस्टबिन तथा सफाई कर्मियों के बीच टी-शर्ट, जैकेट, झाड़ू, मास्क एवं ग्लव्स का वितरण किया गया।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य फूल विक्रेताओं को कचरे के उचित निपटान के प्रति जागरूक करना तथा सफाई कर्मियों को आवश्यक सुरक्षा सामग्री उपलब्ध कराना था, ताकि वे सुरक्षित रूप से अपने कार्य का निर्वहन कर सकें। डस्टबिन के उपयोग से मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने और कचरे का उचित प्रबंधन करने में सहायता मिलेगी। रोटरी क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर युगल की अध्यक्ष रोटेरियन मेनका गुप्ता एवं इनर व्हील क्लब पुष्पांजलि की अध्यक्ष नमिता प्रियम के नेतृत्व में आयोजित इस संयुक्त परियोजना के माध्यम से दोनों क्लबों ने स्वच्छ एवं सुंदर शहर बनाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर वार्ड संख्या 21 के वार्ड पार्षद के. पी. पप्पू भी उपस्थित रहे। उन्होंने इस सेवा गतिविधि में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया और स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की इस पहल की सराहना की। उनके सहयोग से कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संपन्न करने में महत्वपूर्ण योगदान मिला। इस अवसर पर पंखुड़ी राज, आत्रेयी गुप्ता, रत्ना सोनी, सुमित गुप्ता, दीपक राज, राजेश कुमार, सौरव गुप्ता सहित क्लब के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

दिल्ली जाम आंदोलन को लेकर सरकार की कार्रवाई बैकफुट जैसा : मजीद

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। मुजफ्फरपुर महानगर विकास फ्रंट के अध्यक्ष अब्दुल मजीद ने दिल्ली जाम आंदोलन को लेकर केंद्र सरकार द्वारा दर्जनों रेल परिचलन बंद किए जाने, 57 रेलवे स्टेशनों को बंद किए जाने पर केंद्र के प्रति तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि अपने पूरी ज़िन्दगी में इतनी डरी हुई सरकार मैंने कभी नहीं देखी, जो एक जाम आंदोलन को लेकर आम जनता को मुश्किल में डालने का प्रयास किया हो। उन्होंने कहा कि दिल्ली जाम आंदोलन का परिणाम चाहे जो भी हो, लेकिन केंद्र सरकार को बैकफुट पर जाते पहली बार देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता मालिक होता है।

छूटे वोटरों का नाम जोड़ने के लिए चलेगा विशेष अभियान, एक माह में होगा सत्यापन



निर्वाचक सूची अभियान की जानकारी देते डीएम।

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद निर्वाचक सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे पात्र मतदाताओं और पहली बार मतदान के योग्य हुए युवाओं के पंजीकरण के लिए मुजफ्फरपुर जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान जिले के सभी 11 विधानसभा क्षेत्रों में संचालित होगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी कुमार गौरव ने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को अभियान सफलतापूर्वक चलाने का निर्देश दिया है। अभियान के प्रथम चरण में मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारी (बीएलओ) पूर्व की निर्वाचक सूची और वर्तमान सूची का मिलान करेंगे। इसके माध्यम से उन पात्र मतदाताओं की पहचान की जाएगी, जिनके नाम पहले की सूची में थे, लेकिन वर्तमान सूची में शामिल नहीं हैं। अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत और दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं की सूची को भी ध्यान में रखा जाएगा।

इसके बाद बीएलओ घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे। इस दौरान संबंधित पते पर निवास और पंजीकरण की पात्रता की जांच की जाएगी। पात्र पाए जाने वाले वैसे नागरिक, जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है, उनका प्रपत्र-6 के माध्यम से पंजीकरण कराया जाएगा। यह प्रक्रिया एक माह के भीतर पूरी करने का लक्ष्य है। जिलाधिकारी ने बताया कि अभियान को पारदर्शी और सहभागी बनाने के लिए सत्यापन में चिह्नित पात्र व्यक्तियों की सूची मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) के साथ साझा की जाएगी। मतदाता पंजीकरण के लिए मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर भी लगाए जाएंगे।

जरूरत के अनुसार रात्रि आश्रय स्थलों, श्रमिक कॉलोनियों, गरीब एवं वंचित बस्तियों में भी शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने युवाओं, छात्र-छात्राओं, महिलाओं और पहली बार मतदान के योग्य नागरिकों से मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पात्र नागरिक निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन कर सकते हैं। अभियान की निगरानी जिला स्तर से की जाएगी। उन्होंने कहा कि समावेशी एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची लोकतांत्रिक निर्वाचन प्रक्रिया का आधार है। सभी संबंधित पक्षों को यह सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रहना चाहिए कि कोई भी पात्र मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे।

मोतीपुर के महवल लेदर पार्क के उद्घाटन की तैयारी तेज

15 अक्टूबर को सीएम सम्राट चौधरी के आने की चर्चा

जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने महवल लेदर फुटवियर एंड एसेसरीज पार्क का किया निरिक्षण

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। जिले के मोतीपुर स्थित महवल लेदर फुटवियर एंड एसेसरीज पार्क के उद्घाटन की तैयारियां तेज हो गई हैं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के 15 अक्टूबर को संभावित दौरे की चर्चा भी हो रही है। इसके मद्देनजर शुक्रवार को जिलाधिकारी कुमार गौरव और एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने अधिकारियों के साथ महवल लेदर फुटवियर एंड एसेसरीज पार्क का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल की व्यवस्था, सुरक्षा, साफ-सफाई, पार्किंग, मंच और आवागमन से संबंधित तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को देखते हुए हेलीपैड बनाने की तैयारी भी की जा रही है।

हालांकि, मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की आधिकारिक घोषणा अभी नहीं हुई है। जिलाधिकारी कुमार गौरव ने बताया कि महवल लेदर पार्क बनकर उद्घाटन के लिए तैयार स्थिति में है। निरीक्षण के दौरान पार्क में उपलब्ध सुविधाओं और कार्यक्रम से जुड़ी व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। पार्क में रिसर्च एंड डेवलपमेंट केंद्र, प्रशासनिक भवन और कॉमन फैसिलिटी सेंटर भी तैयार हैं। मुख्यमंत्री के आगमन की तारीख और उद्घाटन कार्यक्रम का अंतिम स्वरूप आधिकारिक पुष्टि के बाद ही स्पष्ट होगा। वहीं एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने संभावित कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों के साथ आसपास के क्षेत्रों में गश्ती बढ़ाने और आवश्यक सुरक्षा इंतजामों पर चर्चा की।

कार्यक्रम की आधिकारिक पुष्टि होने के बाद पुलिस निर्धारित योजना के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था को अंतिम रूप देगी। महवल लेदर पार्क में चार उत्पादन यूनिट स्थापित करने की योजना है। यहां जूते, अन्य फुटवियर, जैकेट, बेल्ट और दूसरे चमड़े के उत्पाद तैयार किए जाएंगे। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, इस परियोजना से शुरूआती चरण में करीब 1,440 लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। परियोजना में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देने की बात भी कही गई है। महवल लेदर पार्क के शुरू होने से मुजफ्फरपुर और आसपास के क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने तथा स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होने की उम्मीद है।



लेदर फुटवियर पार्क का निरिक्षण करते डीएम एबं एसएसपी।

दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पर सुरक्षा के होंगे पुख्ता इंतजाम, पुलिस उपमहानिरीक्षक ने दिये निर्देश

संवेदनशील इलाकों पर रहेगी विशेष नजर

सीतामढ़ी (एनएसबी)। आगामी दुगार्पूजा, दीपावली एवं छठ पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर शुक्रवार को पुलिस केंद्र, सीतामढ़ी में पुलिस उपमहानिरीक्षक, तिरहुत क्षेत्र, मुजफ्फरपुर एवं पुलिस अधीक्षक, सीतामढ़ी की संयुक्त अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधि-व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, यातायात नियंत्रण और अपराध नियंत्रण की विस्तृत समीक्षा करते हुए पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में जुलूस के लाइसेंस, निर्धारित मार्ग एवं शर्तों का अनुपालन, पूजा-पंडालों की सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता एवं क्रियाशीलता, भीड़ प्रबंधन और नियमित गश्ती पर विशेष जोर दिया गया। असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने के साथ संवेदनशील एवं अति संवेदनशील क्षेत्रों को चिह्नित कर वहां वरीय पुलिस पदाधिकारियों को नियमित भ्रमण और सतत निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।


पर्व-त्योहारों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक करते पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक।

शांति समितियों और पूजा समितियों के साथ होगा समन्वय : सभी थाना क्षेत्रों में शांति समिति एवं पूजा समिति की बैठक आयोजित कर आवश्यक समन्वय स्थापित करने को कहा गया। पर्व-त्योहारों के दौरान शांति भंग करने की आशंका वाले तत्वों के विरुद्ध नियमानुसार निरोधात्मक कार्रवाई करने तथा किसी भी स्थिति में विधि-व्यवस्था प्रभावित नहीं होने देने पर बल दिया गया।

यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश : पर्वों के दौरान आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी न हो, इसके लिए प्रमुख चौक-चौराहों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों और जुलूस मार्गों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। आवश्यकता के अनुसार यातायात मार्ग में बदलाव, वाहनों की पार्किंग की समुचित व्यवस्था और पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने को कहा गया।

लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन पर जोर : बैठक में सांप्रदायिक दंगा एवं तनाव, पुलिस पर हमला, स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) तथा शस्त्र अधिनियम से जुड़े लंबित मामलों की समीक्षा की गई। संबंधित पदाधिकारियों को लंबित अनुसंधान शीघ्र पूरा कर कांडों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

नवनियुक्त सिपाहियों को कर्तव्यनिष्ठा का पाठ : जिले में नवनियुक्त सिपाहियों के चल रहे प्रशिक्षण की गुणवत्ता की भी समीक्षा की गई। इस दौरान मार्गदर्शन बैठक-सह-ब्रीफिंग में सिपाहियों को पुलिस सेवा की जिम्मेदारियों, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और आम नागरिकों के प्रति संवेदनशील व्यवहार की जानकारी दी गई। उन्हें वर्दी की गरिमा बनाए रखने, निर्धारित नियमों एवं पुलिस मैनुअल का पालन करने और अपने आचरण से पुलिस की सकारात्मक छवि स्थापित करने के लिए प्रेरित किया गया। अपराध नियंत्रण, जनसुरक्षा, जवाबदेही और टीम भावना के साथ कार्य करने पर भी विशेष बल दिया गया।

दंगा निरोधक दल की तैयारियों की समीक्षा : बैठक में पुरुष एवं महिला दंगा निरोधक दल की तैयारियों, उपलब्ध वाहनों और दंगा नियंत्रण उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई। पुलिस बल को दंगा एवं अन्य विषम परिस्थितियों से निपटने के लिए सतर्क और तैयार रहने तथा आपसी समन्वय के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में वरीय पुलिस उपाधीक्षक, मुख्यालय-01, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, सार्जेंट मेजर, अंचल निरीक्षक एवं अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

सीतामढ़ी-शिवहर के हजारों एकड़ में फसल की क्षति से गन्ना किसान त्रस्त



संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा ने सीएम को मेल भेजकर क्षति का आंकलन कराकर किसानों की क्षति की भरपाई की मांग

सीतामढ़ी (एनएसबी)। लगातार प्राकृतिक आपदा की मार झेल रहे सीतामढी तथा शिवहर जिला के गन्ना फसल को सितम्बर के अंतिम सप्ताह के तूफानी हवा तथा वर्षा ने भारी नुकसान पंहुचाया है। संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा, उतर बिहार के संयोजक डा. आनन्द किशोर तथा जिलाध्यक्ष जलंधर यदुबंशी ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को मेल भेजकर रीगा चीनी मिल क्षेत्र के सीतामढी तथा शिवहर जिले में गन्ना फसल की व्यापक क्षति का आंकलन कराकर पीडित सभी किसानों को क्षतिपूर्ति का भुगतान कराने की मांग की है।

किसान नेताओं ने भेजे मेल में बताया है कि बंगाल की खाडी में आये चक्रवात से 23 से 28 सितम्बर के बीच आये तूफानी हवा से सीतामढी तथा शिवहर जिले के रीगा, मेजरगंज, सुप्पी, डूमरा, बथनाहा, बेलसंड, पुरनहिया, पिपराही, तरियानी सहित अन्य प्रखंडों के सैकडो गांवों में हजारों किसानों का गन्ना खेतों में गिरकर सूख रहा है।करीब 20465 एकड़ में बोई गई गन्ना खेती में से करीब 5 हजार एकड में भारी तथा 4 हजार एकड में आंशिक क्षति का अनुमान है। गन्ना गिरने तथा सूखने से उसके वजन में कमी आने के साथ-साथ चीनी रिकबरी भी प्रभावित होगा।

भारी लागत से एक-डेढ वर्ष में उत्पादित गन्ना फसल की क्षति से पूर्व धान का फसल सूखा से नष्ट हुआ उससे पूर्व गेंहूं, दलहन-तिलहन तथा आम की फसल ओलावृष्टि, वर्षा आंधी से नष्ट हो गया था।सी एम किसानों को फसल क्षतिपूर्ति, इनपुट अनुदान तथा बीमा का लाभ दिलाकर किसानों का जीवन बचाये।महज यह वयान काफी नही है कि सरकारी कोष पर आपदा पीडितों का पहला हक है, यह जमीन पर दिखना भी चाहिए।

संक्षिप्त खबरें

ड्यूटी में लापरवाही पर मेहसौल थाने का सिपाही निलंबित, एसपी ने की कार्रवाई

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिले में सुरक्षा ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने के मामले में पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ने मेहसौल थाना के एक सिपाही को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबित सिपाही की पहचान पीटीसी-320 मो. ताज अहमद के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मेहसौल थाना क्षेत्र के शांतिनगर स्थित ज्वेलरी प्रतिष्ठानों की सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था संधारण के लिए स्थापित चेकपोस्ट पर मो. ताज अहमद की प्रतिनियुक्ति की गई थी। थाना अध्यक्ष द्वारा समर्पित प्रतिवेदन में बताया गया कि ड्यूटी के दौरान सिपाही कई बार कुर्सी पर बैठकर मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए पाए गए। वहीं, 9 अक्टूबर 2026 को लगभग 11 बजे चेकपोस्ट के निरीक्षण के दौरान थाना अध्यक्ष, मेहसौल ने उक्त सिपाही को अपने प्रतिनियुक्ति स्थल से अनुपस्थित पाया। प्रतिवेदन के आलोक में पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा जैसे संवेदनशील कार्य में कर्तव्य के प्रति लापरवाही, मनमानेपन, स्वेच्छाचारिता एवं अनुशासनहीनता को गंभीरता से लेते हुए संबंधित सिपाही को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश दिया। पुलिस अधीक्षक की इस कार्रवाई को सुरक्षा ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों के प्रति सख्त रुख के रूप में देखा जा रहा है।

शांतिनगर स्थित ज्वेलरी प्रतिष्ठानों की सुरक्षा में लापरवाही बरतने का आरोप

कांग्रेस नेताओं ने जिलाधिकारी से की समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग

सीतामढ़ी (एनएसबी)। पर्व-त्योहारों के मद्देनजर शहर की बदहाल व्यवस्था को लेकर कांग्रेस नेताओं ने जिला प्रशासन एवं नगर निगम पर उदासीनता का आरोप लगाया है। कांग्रेस नेताओं ने जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया से समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की है। नेताओं ने कहा कि स्टेशन रोड में नाला खोदकर छोड़ दिया गया है, जबकि कोट बाजार में नाला निर्माण अब तक पूरा नहीं हुआ है। सड़क पर लगे बिजली के खंभों की शिफ्टिंग भी नहीं हो सकी है। जानकी स्थान एवं कोट बाजार में टेढ़े बिजली के खंभे और जर्जर तार हादसे को आमंत्रित कर रहे हैं। मुख्य बाजार में नालों के स्लैब टूटे हैं, लेकिन बार-बार शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने शहर में महिला शौचालय एवं जनसुविधा केंद्रों की कमी तथा नगर निगमकर्मियों के स्थायीकरण और पूर्ण वेतन से जुड़ी समस्याओं पर भी चिंता जताई। नेताओं ने पर्व-त्योहारों को देखते हुए इन समस्याओं का अविलंब समाधान कराने की मांग की। मांग करने वालों में कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष रकटू प्रसाद, प्रदेश प्रतिनिधि मो. अफाक खान, प्रमोद कुमार नील, संजय कुमार बिरखर, मो. शम्स शाहनवाज, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष रोहन कुमार, एनएसयूआई अध्यक्ष सक्षम कुमार, फौजी सुमन शर्मा एवं महिला नेत्री रितु ठाकुर शामिल हैं।

पर्व-त्योहारों से पहले शहर की बदहाली पर कांग्रेस का हमला, जर्जर सड़क और बिजली पर उठाए सवाल

सीतामढ़ी (एनएसबी)। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सीतामढ़ी पुलिस की मानव तस्करी निरोध इकाई एवं विशेष किशोर पुलिस इकाई ने अदिथी कवच परियोजना के संयुक्त तत्वावधान में 9 से 11 अक्टूबर तक तीन दिवसीय ह्यबाल सुरक्षा संवाद अभियानह्ल शुरू किया है। अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं को बाल अधिकारों, चाइल्ड हेल्पडेस्क से मिलने वाली सहायता एवं सुविधाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही, बाल श्रम, बाल दुव्यार्पार एवं बाल विवाह जैसी कुरीतियों के विरुद्ध जागरूक किया जा रहा है। सीतामढ़ी पुलिस ने इस पहल के माध्यम से बच्चों की सुरक्षा, अधिकारों एवं संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

बाल सुरक्षा को लेकर पुलिस का तीन दिवसीय जागरूकता अभियान शुरू

पुपरी की वैष्णवी रमन का बिहार जूडो टीम में चयन, राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दिखाएगी दम

सीतामढ़ी (एनएसबी)। पुपरी के राजबाग मोहल्ला निवासी रमन कुमार एवं अनुराधा कुमारी की पुत्री वैष्णवी रमन का चयन बिहार जूडो टीम में हुआ है। वह नवंबर में राजस्थान के बीकानेर में आयोजित 70वीं राष्ट्रीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता में बिहार का प्रतिनिधित्व करेगी। वैष्णवी का चयन सात अक्टूबर को समस्तीपुर में आयोजित एसजीएफआई ओपन चयन ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। वह 19 वर्ष से कम आयुवर्ग के 70 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में भाग लेगी। वैष्णवी पटना के संत माइकल हाई स्कूल में आठवीं कक्षा की छात्रा है और पढ़ाई के साथ जूडो का प्रशिक्षण भी ले रही है। उसके पिता रमन कुमार एएन कॉलेज, पटना में शारीरिक शिक्षा के सहायक प्राध्यापक हैं। वह पूर्व में राज्यस्तरीय फुटबॉल खिलाड़ी और प्रशिक्षक भी रह चुके हैं। माता अनुराधा कुमारी शिक्षिका हैं। परिवार के खेलमय माहौल और प्रोत्साहन से वैष्णवी ने जूडो में अपनी पहचान बनाई है। उसकी छोटी बहन ओजस्वी भी राज्यस्तरीय कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत चुकी है। वैष्णवी के चयन पर पुपरी के खिलाड़ियों एवं खेलप्रेमियों में खुशी है। राजबाग युवा संस्थान के संस्थापक अतुल कुमार सहित मो. शाकीर हुसैन, मो. सईद, नागेश्वर कुमार, अनुभव कुमार कर्ण, लखिन्द्र कुमार ठाकुर, विकास कुमार, निलेश कुमार कर्ण एवं प्रीतम कुमार राजा ने उसे बधाई देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं।



'सबका सम्मान-जीवन आसान' कार्यक्रम में 236 आवेदन हुए प्राप्त

जनसमस्याओं के निष्पादन में पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें सभी पदाधिकारी : डीएम

सीतामढ़ी (एनएसबी)। बिहार सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सात निश्चय-3 अंतर्गत सातवें निश्चय सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत शुक्रवार समाहरणालय स्थित अपने विमर्श कक्ष में जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया ने आमजनों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी शिकायतें सीधे जिलाधिकारी के समक्ष रखीं जहां परिवादों को सुना गया एवं उसके समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठाए गए।

विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी शिकायतें सीधे जिलाधिकारी के समक्ष रखीं

जनसुनवाई के दौरान 236 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मामले, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आईसीडीएस, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, सड़क, राशन कार्ड, अतिक्रमण, सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी परिवाद प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने प्रत्येक मामले की बारीकी से समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल एवं प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनसमस्याओं के निष्पादन में जिले के सभी पदाधिकारी पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।

उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का जिले में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल समाधान निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

जिलाधिकारी ने कहा कि सेवा-संवाद-समाधान कार्यक्रम के माध्यम से प्रशासन और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ है। इससे न केवल समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया तेज हुई है, बल्कि प्रशासन के प्रति आम लोगों का भरोसा भी और अधिक मजबूत हुआ है।


विमर्श कक्ष में आमजनों की समस्याओं को सुन कार्रवाई करते जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया।

वहीं जिला पदाधिकारी श्री सुल्तानिया द्वारा कार्यालय कक्ष में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपील के मामलों की सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान बोखड़ा अंचल से संबंधित अतिक्रमणवाद के एक परिवाद में अंचल अधिकारी, बोखड़ा के अनुपस्थित रहने तथा उनके स्थान पर राजस्व अधिकारी अथवा किसी अन्य कर्मी के उपस्थित नहीं रहने को गंभीरता से लेते हुए जिला पदाधिकारी ने अंचल अधिकारी, बोखड़ा पर 1,000 रुपये का आर्थिक दंड लगाने एवं एक दिन का वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान कुल 15 मामलों पर विचार किया गया, जिनमें से 9 मामलों में आदेश पारित किए गए।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने लोगों को मानव तस्करी के प्रति किया जागरूक

सीतामढ़ी (एनएसबी)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार (नालसा), नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सीतामढ़ी की ओर से मानव तस्करी के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। एडीआर भवन, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सीतामढ़ी में आयोजित शिविर का उद्घाटन प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार तथा विद्वान सचिव डालसा संजना गांधी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में मानव तस्करी के विभिन्न पहलुओं, इसके कारणों और इससे बचाव के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई।


जागरूकता शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की विद्वान सचिव डालसा संजना गांधी व उपस्थित अन्य।

वक्ताओं ने कहा कि मानव तस्करी एक गंभीर सामाजिक अपराध है, जो देश के लगभग हर हिस्से में तेजी से फैल रहा है। गरीबी, बेरोजगारी, बेहतर जीवन की चाह, नौकरी पाने की उम्मीद और परिवार का भरण-पोषण करने की मजबूरी भी लोगों को मानव तस्करी के जाल में फंसने के प्रमुख कारण हैं।

शिविर में लोक अदालत की कार्यप्रणाली, मामलों के निष्पादन की प्रक्रिया और इसके महत्व के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही, डालसा के माध्यम से मानव तस्करी के पीड़ितों को मिलने वाली विधिक सहायता तथा मुआवजा उपलब्ध कराने की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में मानव तस्करी से जुड़े आंकड़ों का उल्लेख करते हुए बताया गया कि इसके पीड़ितों में 51 प्रतिशत महिलाएं, 28 प्रतिशत बच्चे और 21 प्रतिशत पुरुष शामिल हैं। वहीं, 43 प्रतिशत पीड़ित अपने ही देश की सीमाओं के भीतर घरेलू स्तर पर मानव तस्करी का शिकार बनते हैं। शिविर के माध्यम से आम लोगों से अपील की गई कि वे मानव तस्करी के प्रति जागरूक रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दें, ताकि इस गंभीर अपराध पर अंकुश लगाया जा सके।

बाइक सवार युवक 9.84 ग्राम कोकीन जैसे पदार्थ के साथ गिरफ्तार

बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)। एसएसबी 20 वी बटालियन के जवानों ने बाइक सवार एक युवक को 9.84 ग्राम कोकीन जैसे पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है जबकि उसके दो साथी भागने में सफल हो गए है। थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार गिरी ने बताया कि एसएसबी निरीक्षक अविनाश कुमार के आवेदन पर कांड दर्ज किया गया है जिसमें उन्होंने जिक्र किया है कि गुप्त सूचना के आलोक में गठित एक टीम ने पचटकी राम से फुलवरिया जाने वाली रोड में आते एक बाइक पर सवार तीन लोगों को रुकने का इशारा देने पर पीछे बैठे दो लोग बाइक से उतर कर भागने में सफल हो गया जबकि चालक पकड़ा गया। पकड़े गए युवक की पहचान बैरगनिया थाना क्षेत्र के पचटकी राम वार्ड-4 निवासी साजन कुमार के रूप में हुई है। बाइक के सीट के नीचे छुपाकर रखे गए एक काला पॉलीथिन में 8 पारदर्शी पुड़िया बरामद हुआ जिसका वजन 9.84 ग्राम था। पकड़े गए युवक ने पूछताछ में बाइक पर बैठे अपने साथी का नाम संतोष सहनी, सुनील कुमार बताया है जो पचटकी राम गांव के वार्ड-4 के रहने वाले है। श्री गिरी ने बताया कि आवेदन के साथ सभी आठ पुड़िया, बाइक बीआर 30 एएन-7613 के साथ साजन को एसएसबी ने सुपुर्द किया है जिसके आलोक में साजन सहित तीन युवकों के विरुद्ध कांड दर्ज की गई है एवं साजन को न्यायिक हिरासत में भेजकर फरार दोनों आरोपित को गिरफ्तार करने के लिए कार्रवाई की जा रही है।

जिला कौशल विकास समिति की बैठक में कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसरों की समीक्षा

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिला कौशल विकास समिति की बैठक उप विकास आयुक्त सुश्री श्वेता भारती की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित कौशल विकास कार्यक्रमों, प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों तथा युवाओं को रोजगार से जोड़ने के प्रयासों पर चर्चा की गई। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों एवं संबंधित संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।


अपने कार्यालय कक्ष में जिला कौशल विकास समिति की बैठक करतीं डीडीसी सुश्री श्वेता भारती।

इस दौरान कौशल विकास प्रशिक्षण की वर्तमान स्थिति, प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे एवं प्रशिक्षित युवाओं का विवरण, रोजगार के अवसरों तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में संबंधित पदाधिकारियों को कौशल विकास एवं रोजगार से संबंधित अद्यतन सूचनाएँ उपलब्ध कराने तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवश्यक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने पर जोर दिया गया, ताकि जिले के युवाओं को उनकी योग्यता एवं रुचि के अनुरूप प्रशिक्षण और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा सकें। जिला प्रशासन ने कौशल विकास कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा युवाओं को रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण से जोड़ने के लिए संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी मुकुंद माधव, वाईपी अमन कुमार, उद्योग महाप्रबंधक सुश्री प्रिया भारती, आईटीआई प्राचार्य निराला सिन्हा, डीपीएम जीविका उमा शंकर भगत, प्रथम संस्था के जिला समन्वयक सुधीर कुमार, सेंटर हेड चयनिका दास, नरेश कुमार, आरसेटी निदेशक अनिल कुमार, जन शिक्षण संस्थान त्रिपुरारी झा, आईसीडीएस के प्रतिनिधि रुपम कुमारी, प्रतिनिधि आत्मा पूजा कुमार, लीड बैंक मैनेजर अनिल कुमार उपस्थित रहे।

कोट बाजार के जलजमाव पर सांसद देवेश चंद्र ठाकुर सख्त

सीतामढ़ी (एनएसबी)। शहर के प्रमुख व्यापारिक केंद्र कोट बाजार में जलजमाव की गंभीर समस्या को लेकर सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने समस्या के स्थायी समाधान के लिए अपनी सांसद निधि से 50 लाख रुपये देने का वादा किया। साथ ही नगर आयुक्त को तत्काल नालों की सफाई कराने और आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

भाजपा नेता विशाल कुमार के आग्रह पर कोट बाजार पहुंचे सांसद ने वार्ड संख्या 9, 15 एवं 17 के विभिन्न मोहल्लों में जलजमाव, गंदगी, कूड़े के ढेर, बदहाल नालों और टूटी सड़कों की स्थिति का जायजा लिया। बदहाल व्यवस्था पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने को कहा।


कोट बाजार इलाके के प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करते सांसद देवेश चंद्र ठाकुर व अन्य।

सांसद ने तीनों वार्डों का समग्र सर्वेक्षण कराने, जलस्तर एवं जलनिकासी व्यवस्था का नक्शा तैयार करने तथा नाला निर्माण, जलनिकासी और सड़कों के विकास के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार करने का निर्देश दिया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों एवं व्यापारियों ने भी अपनी समस्याएं रखीं। वार्ड 18 के नुनियाटोली सहित शहर के अन्य जलजमाव प्रभावित क्षेत्रों की समस्याओं से भी सांसद को अवगत कराया गया।

स्थायी समाधान के लिए सांसद देवेश चंद्र ठाकुर देंगे 50 लाख रुपये

वार्ड 9, 15 और 17 का किया निरीक्षण, नाला निर्माण और जलनिकासी का डीपीआर बनाने का निर्देश

कोट बाजार प्रमुख थोक एवं खुदरा व्यापारिक केंद्र है। जलजमाव के कारण व्यापारियों, दुकानदारों और आम नागरिकों को लंबे समय से परेशानी हो रही है। पूर्व मेयर प्रत्याशी विशाल कुमार ने सांसद की पहल के लिए आभार जताते हुए प्रशासन से निदेर्शों पर शीघ्र कार्रवाई कर स्थायी समाधान सुनिश्चित करने की अपेक्षा की।

निरीक्षण के दौरान राधेश्याम मिश्रा, निर्मल व्याहुत, गणेश सिकारिया, राजा मंडल, जनार्दन भरतिया, कृष्णा शंकर प्रसाद, अंकित कुमार, विशाल बिट्टू, मुरारी कुमार, आलोक कुमार, सुजीत कुमार झा, प्रिंस तिवारी, उज्ज्वल शर्मा, लक्ष्मण कुमार, राजेश कुमार, आशीष व्याहुत, गौतम कुमार, रोहित कुमार, अनिल कुमार सहित अनेक स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

सम्पादकीय

जिस मां-बाप ने घर बनाया, उनके लिए वृद्धाश्रम क्यों

जिस मां ने अपनी गोद में बच्चे को पालकर बड़ा किया, जिसने अपनी नींद त्यागकर उसकी रातें आसान कीं, जिस पिता ने अपनी जरूरतें रोककर बेटे की पढ़ाई और भविष्य के लिए संघर्ष किया, जब वही मां-बाप जीवन के अंतिम पड़ाव पर अपने ही घर में अकेले पड़ जाते हैं और वृद्धाश्रम का सहारा लेने को मजबूर होते हैं, तो सवाल केवल एक परिवार से नहीं, पूरे समाज से पूछा जाना चाहिए।

वृद्धाश्रम होना अपने आप में गलत नहीं है। ऐसे संस्थान उन बुजुर्गो के लिए जरूरी सहारा हो सकते हैं जिनका कोई परिवार नहीं है, जो अकेले हैं या जिन्हें सुरक्षित देखभाल की आवश्यकता है। लेकिन जिस समाज में सक्षम संतानें होते हुए भी माता-पिता को भावनात्मक उपेक्षा, अकेलेपन या असम्मान के कारण वृद्धाश्रम की चौखट तक पहुंचना पड़े, वह स्थिति निश्चित रूप से गंभीर सामाजिक चिंता का विषय है।

आज आधुनिक जीवन की दौड़ ने परिवार की परिभाषा बदल दी है। संयुक्त परिवार छोटे होते गए, नौकरी और बेहतर जीवन की तलाश में बच्चे दूर शहरों और देशों में बस गए। व्यस्तता बढ़ी, लेकिन कई घरों में बुजुर्गो के लिए समय घटता चला गया। कभी जिन माता-पिता की एक आवाज पर पूरा घर दौड़ पड़ता था, वही आज घंटों किसी के फोन का इंतजार करते हैं।

बुजुर्ग केवल उम्रदराज व्यक्ति नहीं होते, वे परिवार की जीवित स्मृति होते हैं। उनके पास अनुभव है, संघर्ष की कहानी है, संस्कार हैं और आने वाली पीढ़ियों को देने के लिए जीवन का वह ज्ञान है, जिसे किसी किताब या इंटरनेट से पूरी तरह हासिल नहीं किया जा सकता।

दुखद स्थिति तब पैदा होती है, जब माता-पिता की जरूरतों को केवल दवा, भोजन और पैसे तक सीमित समझ लिया जाता है। बुजुर्गो को सबसे अधिक आवश्यकता अक्सर सम्मान, अपनापन, बातचीत और अपनेपन की अनुभूति की होती है। उन्हें यह महसूस होना चाहिए कि वे परिवार पर बोझ नहीं, बल्कि परिवार की जड़ों का हिस्सा हैं।

जिस घर में माता-पिता ने वर्षो तक बच्चों के भविष्य के लिए अपना वर्तमान कुर्बान किया, उसी घर में उनके बुढ़ापे को असुविधा समझना संवेदनहीनता की ओर बढ़ता कदम है। बचपन में बच्चे चलना सीखते हैं तो माता-पिता उनका हाथ पकड़ते हैं। बुढ़ापे में जब माता-पिता के कदम लड़खड़ाते हैं, तब उसी हाथ को थामना संतान का नैतिक दायित्व होना चाहिए।

यह भी समझना होगा कि हर वृद्धाश्रम में रहने वाला बुजुर्ग अपने परिवार द्वारा छोड़ा हुआ नहीं होता। परिस्थितियां अलग-अलग होती हैं। कई बुजुर्ग स्वेच्छा से ऐसे संस्थानों में रहते हैं, कई को विशेष चिकित्सा या देखभाल की जरूरत होती है और कुछ के पास परिवार का सहारा ही नहीं होता। इसलिए वृद्धाश्रम में रहने वाले प्रत्येक बुजुर्ग को दोषी ठहराना उचित नहीं। सवाल वृद्धाश्रम से अधिक उस मानसिकता का है, जिसमें जिम्मेदारी से बचने के लिए माता-पिता को परिवार से अलग कर दिया जाता है।

समाज को विकास के साथ संवेदना भी बचानी होगी। बच्चों के लिए अच्छे स्कूल, महंगे मकान और सुविधाजनक जीवन जरूरी हैं, लेकिन माता-पिता के लिए दो मीठे शब्द, कुछ समय और सम्मान भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि परिवार अपने बुजुर्गो को केवल जिम्मेदारी के रूप में नहीं, आशीर्वाद और अनुभव की पूंजी के रूप में देखें। बच्चों को बचपन से यह संस्कार दिया जाए कि माता-पिता की सेवा कोई एहसान नहीं, बल्कि तज्ञता की स्वाभाविक अभिव्यक्ति है।

वृद्धाश्रमों को खत्म करना समाधान नहींय ऐसी परिस्थितियों को कम करना समाधान है, जिनके कारण बुजुर्ग अपने ही घर में पराए महसूस करने लगते हैं।

क्योंकि जिस समाज में बूढ़े माता-पिता सुरक्षित, सम्मानित और अपनेपन के साथ जीते हैं, वही समाज वास्तव में सभ्य कहलाने का अधिकार रखता है।

मां-बाप को जीवन भर घर बनाने की सजा यह नहीं मिलनी चाहिए कि बुढ़ापे में उन्हें उसी घर से अपना स्थान तलाशना पड़े।

चीन की चौखट पर अफगानिस्तान, भारत के लिए नई चुनौती



रत्नेश मिश्र।

अनेक ध्रुवों में बंटती दुनिया में जब अलग-अलग मिजाज और अलग-अलग परिवेश वाले दो देश पहली बार सड़क मार्ग से जुड़ने का फैसला करते हैं तो ये आर्थिक और सामाजिक समीकरणों से अधिक भू-राजनैतिक समीकरणों के बदलने के संकेत होते हैं।

कुछ ऐसे ही भू-राजनैतिक संकेत धार्मिक कट्टरता और कबिलाई स्वाभिमान वाले देश अफगानिस्तान और आर्थिक रूप से आक्रामक और विस्तारवादी प्रति वाले देश चीन के सड़क मार्ग से जुड़ने की खबर के साथ मिलते दिखाई दे रहे हैं।

बरास्ते दुर्गम वाखान कॉरिडोर अफगानिस्तान से चीन की सीमा तक पहुंचने वाली करीब 121 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण इसी लिहाज से काफी महत्वपूर्ण है। सड़क अभी कच्ची है, लेकिन इसका रणनीतिक महत्व इससे कहीं बड़ा है।

अफगानिस्तान ने पहली बार इस दुर्गम इलाके में चीन की सीमा तक अपनी सीधी सड़क पहुंच बनाई है। पाकिस्तान के साथ सैकड़ों करोड़ डॉलर की लागत से बने आर्थिक गलियारे के बावजूद चीन यदि दुर्गम वाखान कॉरिडोर के रास्ते व्यापार करने की सोच रखता है तो बात कुछ 'खास' अवश्य होगी।

हालांकि इसे तत्काल चीन-अफगानिस्तान के बीच बड़े व्यापारिक या सैन्य गलियारे की शुरुआत मानना जल्दबाजी होगी । लेकिन इसे महज सड़क निर्माण की सामान्य परियोजना समझना भी उचित नहीं होगा। असली सवाल यह है कि क्या इसका असर भारत की सुरक्षा तथा क्षेत्रीय रणनीति पर पड़ेगा और यदि पड़ेगा तो कितना।

अफगानिस्तान का एक संकरा और चीन के शिनजियांग प्रांत से लगने वाला अत्यंत दुर्गम भूभाग है। दक्षिण में पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र से सटी यह भौगोलिक स्थिति इस करिडोर को रणनीतिक दृष्टि से असाधारण बनाती है। अफगानिस्तान के लिए यह सड़क आर्थिक और क्षेत्रीय संपर्क का नया रास्ता खोल सकती है।

लंबे समय से काबुल की कोशिश चीन और मध्य एशिया के साथ अपने संपर्क बढ़ाने की रही है। लेकिन सड़क के माध्यम से इस दिशा में भौतिक आधार पहली बार तैयार हुआ है। हालांकि अभी इसे पूर्ण विकसित व्यापारिक गलियारा कहना उचित नहीं होगा, क्योंकि इसके लिए सीमा पर आधुनिक कस्टम व्यवस्था, परिवहन सुविधाएं, सुरक्षा ढांचा और चीन की ओर से औपचारिक सीमा व्यापार व्यवस्था जरूरी होगी लेकिन ठोस शुरुआत की नींव अवश्य पड़ती दिखाई दे रही है।

चीन-अफगानिस्तान सड़क मार्ग के कारण तेजी से बढ़ते भू-राजनैतिक समीकरण पर भारतीय थिंकटैंक की निगाह अवश्य होगी। सरकार के अंदर बैठे नीति-निर्धारकों की चिंता अवश्य ही यह नहीं होगी कि ऐसे दुर्गम इलाके में अफगानिस्तान ने सड़क कैसे बना ली!

वास्तविक चिंतन इस बात पर होनी चाहिए कि ऐसे कौन से घटनाक्रम थे, जिसके कारण चीन ने सीपैक का विकल्प होने के बावजूद अफगानिस्तान से होते हुए व्यापार करने का विचार किया और इस नये घटनाक्रम के कारण ग्लोबल साऊथ के देशों के भू-राजनैतिक समीकरणों में क्या बदलाव आ सकते हैं और उन बदलावों का भारत पर क्या प्रभाव पड़ेगा।

इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि एक तरफ तो चीन जहां काफी समय से अफगानिस्तान के साथ राजनैतिक और आर्थिक संबंध मजबूत करने के प्रयास में जुटा था, वहीं पाकिस्तान के साथ उसने अपनी रणनीतिक साझेदारी को और अधिक पुख्ता करने का काम भी जारी रखा।

इस सूरते हाल चीन-अफगानिस्तान की प्रगाढ़ होती दोस्ती दक्षिण एशिया और मध्य एशिया के बीच शक्ति-संतुलन को एक नई दिशा दे सकती है।

सनद रहे कि वाखान-शिनजियांग गलियारा गिलगिट-बाल्टिस्तान के उन क्षेत्रों के बेहद करीब से गुजरता है जो पाकिस्तान के कब्जे में है। इसलिए, भारत की असल चिंता बन रही नई सड़क नहीं, बल्कि अफगानिस्तान-चीन-पाकिस्तान के बीच तैयार हो रहे त्रिकोणीय संपर्को के कारण पड़ने वाले प्रभावों की व्यापकता से जुड़ी होगी।

चीन के लिए अफगानिस्तान केवल एक पड़ोसी देश नहीं है। चीन के लिये यह मध्य एशिया, दक्षिण एशिया और पश्चिम एशिया के बीच संपर्क स्थापित कराने वाला एक महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक क्षेत्र भी है। चीन की चिंता शिनजियांग की सुरक्षा से भी जुड़ी है। यदि अफगानिस्तान में स्थिरता आती है और चीन के साथ उसका संपर्क बढ़ता है, तो बीजिंग को आर्थिक गतिविधियों के साथ-साथ क्षेत्रीय सुरक्षा मामलों में भी अधिक भूमिका मिल सकती है। वाखान तक सड़क का पहुंचना इसी संभावित बदलाव की शुरुआती कड़ी हो सकता है। लेकिन यहां भी सावधानी जरूरी है। चीन फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है और उसने अभी तक इस रास्ते को किसी बड़े अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक मार्ग में बदलने की स्पष्ट घोषणा नहीं की है। इसलिए भविष्य की संभावनाओं को वर्तमान की वास्तविकता मान लेना उचित नहीं होगा।

एक सवाल बार बार उठता है कि बीजिंग और काबूल के बीच की रोड डिप्लोमेसी क्या भविष्य में चीन के लिये नये सैन्य मार्ग उपलब्ध कराएगी। विशेषज्ञों के अनुसार, दोनों देशों के बीच व्यापार के उद्देश्य से तैयार हुआ सड़क मार्ग चीन को तत्काल कोई नया सैन्य गलियारा उपलब्ध करा देगा, ऐसा मानना वास्तविक तथ्यों की अनदेखी करना होगा।

वास्तविकता यह है कि वाखान के ऊंचे-नीचे रास्ते, दुर्गम पहाड़, कठोर मौसम और सीमित बुनियादी ढांचे किसी बड़े सैन्य या व्यावसायिक मार्ग के विकास की राह में गंभीर चुनौतियां उत्पन्न करते हैं।

उइंगर मुसलमान बहुल शिनजियांग क्षेत्र से लगी सीमा होने के कारण चीन भी इस क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर बेहद सतर्कता से कदम रख रहा है। बीजिंग की प्राथमिकता केवल व्यापार नहीं, बल्कि सीमा सुरक्षा और आतंकवादी गतिविधियों पर नियंत्रण की भी है। इस प्रकार, चीन-अफगान सड़क मार्ग का सबसे महत्वपूर्ण पहलू उसके संभावित रणनीतिक उपयोग में निहित दिखाई पड़ता है, न कि उसके तत्काल सैन्य इस्तेमाल में।

चीन के लिए अफगानिस्तान केवल एक पड़ोसी देश नहीं है। चीन के लिये यह मध्य एशिया, दक्षिण एशिया और पश्चिम एशिया के बीच संपर्क स्थापित कराने वाला एक महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक क्षेत्र भी है। चीन की चिंता शिनजियांग की सुरक्षा से भी जुड़ी है। यदि अफगानिस्तान में स्थिरता आती है और चीन के साथ उसका संपर्क बढ़ता है, तो बीजिंग को आर्थिक गतिविधियों के साथ-साथ क्षेत्रीय सुरक्षा मामलों में भी अधिक भूमिका मिल सकती है।

वाखान तक सड़क का पहुंचना इसी संभावित बदलाव की शुरुआती कड़ी हो सकता है। लेकिन यहां भी सावधानी जरूरी है। चीन फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है और उसने अभी तक इस रास्ते को किसी बड़े अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक मार्ग में बदलने की स्पष्ट घोषणा नहीं की है।

अफगानिस्तान में तेजी से बदलते घटनाक्रम के दौरान भारत के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती अपनी क्षेत्रीय भूमिका की महत्ता को बरकरार रखना है। नई दिल्ली और काबुल के बीच संबंधों का अपना इतिहास रहा है और समय के साथ दोनों देशों के संबंध प्रगाढ़ भी हुए हैं।

हालांकि तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद से परिस्थितियों में थोड़ा बहुत बदलाव देखने को मिला है। इसके बावजूद अफगानिस्तान को पूरी तरह चीन, पाकिस्तान या अन्य क्षेत्रीय शक्तियों के प्रभाव क्षेत्र में जाने देना भारत के हित में नहीं होगा।

भारत को भी तालिबान के साथ टकराव वाले दृष्टिकोण के साथ नहीं, बल्कि कनेक्टिविटी, कूटनीति और क्षेत्रीय साझेदारी को बढ़ाने वाले रवैये के साथ ढूंढना होगा। भारत को ईरान के चाबहार बंदरगाह से लेकर मध्य एशिया के अन्य देशों के साथ संबंध मजबूत करने सहित अपने सभी विकल्पों को और अधिक चाक-चौबंद करना होगा। वाखान गलियारे में निर्मित सड़क भारत को यह याद दिलाती है कि भू-राजनीति में खाली जगह लंबे समय तक खाली नहीं रहती।

हाल-फिलहाल भारत और तालिबान के रिश्तों में जो गर्माहट आई है, उसे देखते हुए यह कहना अतिश्योक्ति होगी। अफगानिस्तान चीन को अपनी जमीन का इस्तेमाल भारत के खिलाफ करने देगा। हालांकि इस क्षेत्र में तेजी से बदलते भू-राजनैतिक समीकरणों के कारण भारत को सचेत रहने की जरूरत है।

भले ही सड़क आज कच्ची है और अभी उसपर यातायात शुरू नहीं हुआ है, व्यापारिक ढांचा भी अभी विकसित नहीं हुआ है। लेकिन बुनियादी ढांचा तैयार हो जाने के बाद उसके बड़े उपयोग की संभावना पैदा होती है।

भारत के समक्ष असली चुनौती यह समझने की है कि अगले पांच-दस वर्षो में वाखान करिडोर किस रूप में विकसित होता है और चीन उसमें कितनी भूमिका निभाता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार हैं।)
(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

साबूदाना खिचड़ी से लेकर राजगीरे की रोटियों तक : सोनी सब के कलाकारों ने साझा किए नवरात्रि व्यंजन और उत्सव की परंपराएँ

मुंबई, (दैनिक नवसंदेश)। नवरात्रि अपने साथ आस्था, परिवार और परंपराओं का उत्सव लेकर आती है और फलाहार इस उत्सव का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। सुकून देने वाली साबूदाना से बनी डिशेज और पौष्टिक राजगीरा व्यंजनों से लेकर घर में बनाए जाने वाले व्रत के पसंदीदा पकवानों तक, यह त्योहार उपवास का पालन करते हुए भी अपने पसंदीदा स्वादों का आनंद लेने के कई अवसर देता है। इस नवरात्रि, सोनी सब के कलाकार तोरल रसपुत्रा, गुलकी जोशी, मनीष वाधवा और करुणा पांडे अपने पसंदीदा वत के व्यंजन और त्यौहार के दौरान निभाई जाने वाली खास खानपान की परंपराएँ साझा कर रहे हैं।

तोरल रसपुत्रा, जो हस्तिनापुर के वीर में कुंती का किरदार निभा रही हैं, ने साझा किया, मेरे लिए नवरात्रि, साबूदाना खिचड़ी के बिना अधूरी है। यह सरल, सुकून देने वाली डिश है और व्रत के दिनों में मैं इसका बेसब्री से इंतजार करती हूँ। मुझे इसे भुनी हुई मूँगफली और थोड़े से दही के साथ खाना पसंद है, जिससे यह स्वादिष्ट होने के साथ-साथ पेट भरने वाली भी बन जाती है। वत के पकवानों की जो बात मुझे सबसे अच्छी लगती है, वह यह है कि साधारण सामग्री से भी इतने स्वादिष्ट व्यंजन बन जाते हैं। यह मुझे नवरात्रि के दौरान बचपन से खाए जाने वाले खाने की याद भी दिलाता है, इसलिए इससे एक खूबसूरत अपनापन जुड़ा हुआ है।



गुलकी जोशी, जो यादें में डा. सृष्टि अग्रवाल का किरदार निभा रही हैं, ने साझा किया, राजगीरा नवरात्रि के दौरान मेरे सबसे पसंदीदा व्यंजनों में से एक है, खासकर तब, जब उससे रोटियाँ या साधारण थालीपीठ बनाया जाता है। मुझे इसकी सबसे अच्छी बात यह लगती है कि यह कितना बहुउपयोगी है और उपवास के दौरान इससे कितनी आसानी से पौष्टिक भोजन तैयार किया जा सकता है। हमारे घर में नवरात्रि का भोजन हमेशा भव्य व्यंजन बनाने के बजाय सरल और ताजा चीजों पर आधारित रहा है। यही छोटी-छोटी परंपराएँ इस त्यौहार को खास बनाती हैं और मैं हर साल इन्हें निभाना पसंद करती हूँ।

मनीष वाधवा, जो हस्तिनापुर के वीर में भीष्म पितामह का किरदार निभा रहे हैं, ने साझा किया, नवरात्रि के दौरान मुझे कुट्टू की रोटी और वत वाले आलू खाना सबसे ज्यादा पसंद है। खासकर जब ये घर पर ताजा-ताजा बनते हैं। दिनभर मैं फल और थोड़े से मेवे खाना भी पसंद करता हूँ। इन परिचित स्वादों में एक अलग ही सुकून होता है और मेरे लिए इन खानपान की परंपराओं का पालन करना त्यौहार के मौसम को और भी खास बना देता है।

करुणा पांडे, जो पुष्पा इम्पसिबल में पुष्पा का किरदार निभा रही हैं, ने साझा किया, मुझे वत वाले आलू बहुत पसंद हैं, खासकर उनका वह सादा रूप, जो सेंधा नमक, हरी मिर्च और थोड़े से जीरे के साथ बनाया जाता है। यह उन व्यंजनों में से एक है, जिन्हें स्वादिष्ट बनने के लिए बहुत ज्यादा चीजों की जरूरत नहीं होती। नवरात्रि के दौरान मैं ऐसा भोजन पसंद करती हूँ, जो हल्का, पौष्टिक और घर जैसा महसूस हो। मुझे यह बात भी बहुत अच्छी लगती है कि वत की परंपराएँ हमें अपने खानपान के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित करती हैं, साथ ही उन स्वादों और रस्मों का आनंद लेने का अवसर भी देती हैं जो इस त्यौहार को इतना खास बनाती हैं।

युवाओं में उद्यमिता का अलख जगाने आया शुरुकर : श्रद्धा शर्मा

पटना **(दैनिक नवसंदेश)।** बिहार की रहनेवाली नये विचारों की प्रेरक श्रद्धा शर्मा ने पनाश कौटिल्य में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बेहद खुशी और गर्व का विषय है कि बिहार की धरती से एक ऐसी पहल की शुरुआत होने जा रही है, जिसका उद्देश्य युवाओं के भीतर उद्यमिता की अलख जगाना, उनके विचारों को सही दिशा देना और उन्हें नौकरी तलाशने वाले के बजाय नौकरी देने वाला बनाना है।

'शुरूकर' केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि युवाओं के सपनों को हकीकत में बदलने की एक नई उम्मीद है।

पहल की शुरुआत सुश्री श्रद्धा शर्मा के नेतृत्व में बिहार से हो रही है। इसका उद्देश्य युवाओं के भीतर छिपी प्रतिभा, रचनात्मकता और उद्यमशीलता की भावना को पहचानना और उनके व्यावसायिक विचारों को एक सफल स्टार्टअप या व्यवसाय में बदलने की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करना है।

बिहार से ही क्यों : बिहार प्रतिभा, मेहनत और संभावनाओं से भरी हुई भूमि है। यहां के युवाओं में क्षमता की कोई कमी नहीं है। जरूरत है तो बस सही मार्गदर्शन, उचित अवसर, मेंटरशिप और अपने विचारों पर काम करने के लिए एक मजबूत मंच की।



आज बिहार के हजारों युवा बेहतर अवसरों की तलाश में दूसरे राज्यों की ओर पलायन करते हैं। हमारा मानना है कि बिहार का भविष्य तभी बदलेगा, जब यहां के युवा केवल रोजगार खोजने वाले नहीं, बल्कि रोजगार सृजित करने वाले बनेंगे। अगर बिहार का युवा अपने गांव, अपने शहर और अपने राज्य में रहकर एक सफल उद्यम खड़ा कर सके, दूसरों को रोजगार दे सके और स्थानीय समस्याओं का समाधान कर सके, तो यह बिहार के आर्थिक और सामाजिक विकास में एक महत्वपूर्ण योगदान होगा।

शुरूकर की भूमिका क्या होगी : शुरूकर का प्रयास है कि युवाओं के नए विचारों को सही दिशा मिले और उन्हें आगे बढ़ने के लिए आवश्यक सहयोग प्राप्त हो। इसके अंतर्गत युवाओं को मेंटरशिप, विशेषज्ञों का मार्गदर्शन, उद्यमिता संबंधी समझ और संभावित निवेश के अवसरों से जोड़ने की दिशा में काम किया जाएगा। हम चाहते हैं कि बिहार का कोई भी प्रतिभाशाली युवा केवल संसाधनों या मार्गदर्शन की कमी के कारण अपने विचार को अधूरा छोड़ने के लिए मजबूर न हो। हमारा विश्वास है कि आज का एक छोटा-सा विचार कल एक बड़ा व्यवसाय बन सकता है, सैकड़ों लोगों को रोजगार दे सकता है और समाज की किसी गंभीर समस्या का समाधान भी बन सकता है।

हम ऐसा बिहार बनाना चाहते हैं, जहां युवाओं को अपने सपनों को पूरा करने के लिए केवल राज्य से बाहर जाने का विकल्प न चुनना पड़े। जहां छोटे शहरों और गांवों से भी बड़े विचार जन्म लें। जहां युवा समस्याओं को अवसर में बदलें ।

अच्छेजा में गुर्जर महासभा का अभिनंदन समारोह

केसर सिंह नागर बने प्रदेश उपाध्यक्ष, 27 अक्टूबर की रैली सफल बनाने का संकल्प



दैनिक नवसंदेश

ग्रेटर नोएडा। अच्छेजा में केसर सिंह नागर को प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल भारतीय गुर्जर महासभा बनाए जाने पर अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता चौधरी वेदपाल मुखिया ने की तथा संचालन चमन नागर ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिश्चंद्र भाटी उपस्थित रहे।

समारोह में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सविंदर भाटी सहित केपी सिंह कसाना, रामकेश चपराना, जगबीर दौला, सुनील भाटी, गौतम बुद्ध नगर जिलाध्यक्ष अशोक भाटी, शशांक भाटी, मनवीर नागर एवं अरुण भाटी सहित अनेक प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

वक्ताओं ने शिक्षा, संस्कार, व्यवसाय एवं राजनीति में समाज की भागीदारी और प्रगति पर विचार-विमर्श किया। साथ ही, 27 अक्टूबर को पटेल जयंती के अवसर पर दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित होने वाली गुर्जर स्वाभिमान रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुँचने का आह्वान किया। उपस्थित जनसमूह ने रैली को समाज की प्रतिष्ठा से जुड़ा आयोजन मानते हुए इसे सफल बनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर जयसिंह प्रधान, होतेराम भगतजी, महावीर सिंह, ओमकार नागर, सरजीत नागर, राजवीर नागर, सुखबीर नागर, टीकम नागर, सतपाल प्रधान, हरेंद्र प्रधान, जसवीर नागर, देवेंद्र नागर, संजय नागर, राधे गुर्जर, जगमोहन नागर, अनिल नागर, कविन्दर गुर्जर, रविंद्र नागर, अधिवक्ता गजराज, सतीश प्रधान, वीरेंद्र प्रधान, जगत खारी, ज्ञान प्रधान, गजेंद्र रेक्सवाल एवं सतीश नागर सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

सिंटेक्स ने लॉन्च किया भारत में पहली बार 50 साल की वारंटी वाला एटर्नो वॉटर टैंक

पूर्णिया, (दैनिक नवसंदेश)। वाटर स्टोरेज सॉल्यूशंस के क्षेत्र में भारत के सबसे भरोसेमंद ब्रांडों में से एक सिंटेक्स ने सिंटेक्स एटर्नो को लॉन्च किया। यह बेहतर मजबूती, स्वच्छता और लंबे समय तक उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैयार किया गया अगली पीढ़ी का वॉटर टैंक है। इंडस्ट्री में पहली बार 50 साल की वारंटी जो भारत में अपनी तरह की एकमात्र वारंटी है, सिंटेक्स एटर्नो भारतीय उपभोक्ताओं के लिए विश्वसनीयता, सुरक्षा और निश्चिंतता का एक नया मानक स्थापित करता है। 100 प्रतिशत फूड-ग्रेड वर्जिन प्लास्टिक से बना सिंटेक्स एटर्नो पानी का सुरक्षित और स्वच्छ स्टोरेज सुनिश्चित करता है। यह संदूषण या पानी में हानिकारक रसायनों के घुलने के जोखिम से पूरी तरह मुक्त है। भारत की विभिन्न जलवायविक स्थितियों में भरोसेमंद प्रदर्शन के लिए बना यह टैंक वातावरण की कठोर स्थितियों और लंबे समय तक धूप में रहने के बावजूद टिकाऊ बना रहता है। इसलिए इसका घरों, व्यावसायिक परिसरों और संस्थानों में हर जगह उपयोग किया जा सकता है। सिंटेक्स एटर्नो की सबसे बड़ी खूबी इसकी एक्टिव सिल्वर टेक्नोलजी है, जो सूक्ष्म जीवों से बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है। यह तकनीक शैवाल, फंगस, बैक्टीरिया और वायरस की वृद्धि रोकती है, जिससे टैंक का पानी रोजमर्रा के उपयोग के लिए अधिक स्वच्छ और सुरक्षित बना रहता है।



ऑडिगो हियरिंग सॉल्यूशंस और डब्ल्यूएसए ने पटना में बेस्टसाउंड सेंटर 3.0 की शुरुआत की, बिहार में विश्वस्तरीय हियरिंग केयर उपलब्ध कराई

पटना (दैनिक नवसंदेश)। ऑडिगो हियरिंग सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड ने हियरिंग केयर क्षेत्र की वैश्विक अग्रणी कंपनी डब्ल्यूएस ऑडियोलॉजी के सहयोग से पटना, बिहार में अपने नए बेस्टसाउंड सेंटर 3.0 के शुभारंभ की घोषणा की।

बीएससी 3.0, डब्ल्यूएसए की बेस्टसाउंड अवधारणा का नवीनतम रूप है, जो बिहार के लोगों के लिए उपभोक्ता-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ हियरिंग केयर लेकर आया है। यह भारत में हियरिंग केयर के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो इसे केवल चिकित्सीय (क्लिनिकल) न रखकर अधिक व्यक्तिगत अनुभव बनाता है।

बीएससी 3.0 के उद्घाटन के साथ ही, एक सामुदायिक पहल के तहत डब्ल्यूएसए और सूर्योदय फाउंडेशन ने पटना के 75 जरूरतमंद निवासियों को 150 हियरिंग एड्स (कान की मशीनें) दान कीं। यह पहल जरूरतमंदों तक हियरिंग केयर की पहुंच को आसान बनाने की उनकी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

हियरिंग केयर में बदलाव, जीवन में खुशहाली : पिलर संख्या 34, अशोक राजपथ, पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (पीएमसीएच) के सामने, पटना - 800004 पर स्थित बीएससी 3.0 को वैश्विक परीक्षण और प्रोटोटाइपिंग प्रक्रियाओं के माध्यम से विकसित और उन्नत किया गया है। इसे क्लिनिकल विशेषज्ञता और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के बीच के अंतर को समाप्त करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस साल के अंत में बेंगलुरु में बेस्टसाउंड सेंटर खोलने के बाद, पटना में इसकी शुरुआत पूर्वी भारत में वैश्विक मानकों को लाती है।

इसकी आवश्यकता अत्यंत महत्वपूर्ण है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, भारत में लगभग 6.3 करोड़ लोग गंभीर श्रवण क्षमता की कमी (सुनने में समस्या) के साथ जी रहे हैं। वैश्विक स्तर पर 15 अरब से अधिक लोग किसी न किसी स्तर की श्रवण हानि का सामना कर रहे हैं, जिनमें से 43 करोड़ लोगों में गंभीर श्रवण हानि है। वर्ष 2050 तक यह संख्या बढ़कर 70 करोड़ होने का अनुमान है। चुनौती के इस बड़े स्तर के बावजूद, देखभाल तक पहुंच सीमित बनी हुई है। सामाजिक हिचकिचाहट, कम जागरूकता, लागत और हियरिंग एड्स को अंतिम उपाय मानने की सोच लोगों को सहायता लेने से रोकती है। बड़े महानगरों के बाहर, विशेषज्ञ हियरिंग केयर प्राप्त करना और भी कठिन है।

डब्ल्यूएस ऑडियोलॉजी और सूर्योदय फाउंडेशन ने पटना के 75 जरूरतमंद निवासियों को 150 हियरिंग एड्स दान कर इस शुरुआत को यादगार बनाया

बीएससी 3.0 को पटना से इस दृष्टिकोण में बदलाव लाने के लिए डिजाइन किया गया है: डब्ल्यूएसए इंडिया के प्रबंध निदेशक और सीईओ अविनाश पवार ने कहा, हियरिंग केयर इस बात पर निर्भर नहीं होनी चाहिए कि आप कहां रहते हैं या आप कितना खर्च कर सकते हैं। बीएससी 3.0 के साथ, बिहार के लोगों के पास अब देखभाल, तकनीक और अनुभव के वही मानक उपलब्ध हैं जो हम पूरी दुनिया में प्रदान करते हैं। इसका उद्देश्य लोगों को उनके परिवारों, काम और समुदायों से पुनः जोड़ना है।

इस केंद्र में डायग्नोस्टिक्स, परामर्श (काउंसलिंग), प्रोडक्ट ट्रॉयल और आफ्टरकेयर के लिए समर्पित जोन के साथ एक ओपन, इंटरैक्टिव लेआउट है, जहाँ आगंतुक बिना किसी चिकित्सीय औपचारिक दबाव के अपनी गति से हियरिंग सॉल्यूशंस की जानकारी ले सकते हैं। यह केंद्र अत्याधुनिक श्रवण मूल्यांकन उपकरणों, डिजिटल हियरिंग एड फिटिंग सूट्स और इमर्सिव साउंड जोन से लैस है, जो लोगों को वास्तविक जीवन के सुनने वाले माहौल में हियरिंग सल्यूशंस का अनुभव करने की अनुमति देता है।

दैनिक नवसंदेश

वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश (डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

बाल श्रम के खिलाफ सरागढ़ में निकली प्रभात फेरी

ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर जागरूकता अभियान रवाना

मोतिहारी(एनएसबी)। बाल श्रम उन्मूलन को लेकर शुक्रवार को श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग, चिरैया की ओर से सरागढ़ पंचायत में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी संतोष कुमार ने उपस्थित लोगों एवं बच्चों को बाल श्रम उन्मूलन की शपथ दिलाई। इसके बाद बाल श्रम निषेध से संबंधित संदेशों के प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।इससे पूर्व उच्च माध्यमिक विद्यालय सरागढ़ एवं राजकीय मध्य विद्यालय सरागढ़ के शिक्षकों और छात्रों ने प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी के माध्यम से ग्रामीणों से बच्चों से मजदूरी नहीं कराने तथा बाल श्रम के खिलाफ समाज में जागरूकता फैलाने की अपील की गई।मुखिया प्रतिनिधि सचिन कुमार ने पंचायत में बाल श्रम की रोकथाम और बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए पंचायत टास्क फोर्स के गठन की बात कही। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक दयाशंकर पंडित, चंद्रभूषण पंडित, शिक्षक, कैलाश सत्यार्थी फाउंडेशन के सदस्य, श्रमिक संगठन के प्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

सर्प संरक्षण के साथ सर्पदंश की रोकथाम पर लोगों में जागरूकता जरूरी : डॉ. नीरज

मोतिहारी(एनएसबी)। वन्यजीव सप्ताह 2026 के अवसर पर पीक़े विश्वविद्यालय, शिवपुरी (मध्य प्रदेश) के प्राणीशास्त्र विभाग की ओर से मानव-वन्यजीव संघर्ष शमन एवं वन्यजीव संरक्षण विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। आठ अक्टूबर को आयोजित वेबिनार में लक्ष्मी नारायण दुबे महाविद्यालय, मोतिहारी के प्राणीशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक एवं प्रसिद्ध जीवविज्ञानी-संरक्षणवादी ड् नीरज कुमार ने मुख्य वक्ता के रूप में व्याख्यान दिया।ड् नीरज कुमार ने 'संघर्ष से सह-अस्तित्व की ओर रू मानव-सर्प संघर्ष शमन और सर्पदंश की रोकथाम' विषय पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सर्पो के वर्गीकरण, भारतीय पौराणिक कथाओं, धर्म, लोककथाओं एवं प्राचीन साहित्य में सर्पो के उल्लेख के साथ भारत की प्रमुख विषैली सर्प प्रजातियों के बारे में बताया।उन्होंने कहा कि सर्प सबसे अधिक गलत समझे जाने वाले जीवों में शामिल हैं। ये चूहों की संख्या नियंत्रित कर पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भारत में 320 से अधिक सर्प प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें अधिकांश मनुष्य के लिए हानिरहित हैं।ड. कुमार ने भारतीय नाग, करैत, रसेल वाइपर एवं स-स्केल्ड वाइपर के सर्पदंश के लक्षण, बचाव के उपाय, प्राथमिक उपचार, प्रेशर इमोबिलाइजेशन तकनीक तथा सर्पदंश के उपचार पर प्रकाश डाला। उन्होंने सर्पो से जुड़े अंधविश्वास और मिथकों को दूर करने तथा सर्पदंश के बाद समय पर चिकित्सा सहायता लेने पर जोर दियास वेबिनार के संयोजक एवं प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष ड् आशीष विश्वकर्मा ने कहा कि सर्प संरक्षण का अर्थ उन्हें घर में रखना नहीं, बल्कि उनके प्रातिक आवास में सुरक्षित रहने देना है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (ड्) मुकेश चंसौरिया का विशेष ओधन हुआ। गूगल मीट के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी शामिल हुए। अंत में प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों ने सर्प पहचान, सर्पदंश प्रबंधन एवं मानव-सर्प संघर्ष से जुड़े सवाल पूछे, जिनका ड् नीरज कुमार ने जवाब दिया।



वन्यजीव संरक्षण विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन।

संक्षिप्त खबरें

पहाड़पुर में 33 लीटर चुलाई शराब बरामद, दो महिलाएं गिरफ्तार

दोनों आरोपित महिलाओं को न्यायिक हिरासत में भेजा गया

पहाड़पुर(एनएसबी)। पूर्वी चंपारण जिले के पहाड़पुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ननेया गांव में शुक्रवार की सुबह पुलिस ने छापेमारी कर 33 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद की। इस दौरान शराब से जुड़े मामले में दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।इस संबंध में थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब सात से आठ बजे के बीच ननेया गांव में छापेमारी की गई। इस दौरान निर्मा देवी, पिता स्वर्गीय नंदू मांझी तथा बबीता देवी, पिता स्वर्गीय भगीरथी मांझी को गिरफ्तार किया गया। दोनों महिलाएं ननेया गांव, थाना पहाड़पुर, जिला पूर्वी चंपारण की निवासी हैं।थानाध्यक्ष ने बताया कि छापेमारी के दौरान कुल 33 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद की गई। गिरफ्तार दोनों महिलाओं के विरुद्ध आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पेंशनर समाज की बैठक में कम्युटेशन कटौती पर चर्चा

मधुबन(एनएसबी)। बिहार पेंशनर समाज, मधुबन शाखा की बैठक शुक्रवार को राजकीय मध्य विद्यालय मधुबन बालक परिसर में सभापति चंद्रिका प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पेंशन कम्युटेशन की कटौती सहित पेंशनरों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। सभापति ने बताया कि पेंशन कम्युटेशन की कटौती बंद करने को लेकर उच्च न्यायालय में दायर याचिका ब्ँश्र छव्-12976ध्2025 की सुनवाई अब सुप्रीम कोर्ट में होगी। उन्होंने आठवें वेतन आयोग में पेंशनरों से जुड़े विभिन्न मांगों को शामिल करने की आवश्यकता बताई। बैठक में कम्युटेशन की कटौती अवधि 15 वर्ष के बजाय 10 से 12 वर्ष करने, 30 वर्ष की सेवा पर तीन की जगह पांच प्रोन्नति देने, महंगाई भत्ता 25 प्रतिशत होने पर उसे मूल वेतन में शामिल करने तथा अंतिम वेतन के 50 प्रतिशत के बजाय 67 प्रतिशत पेंशन निर्धारित करने की मांगों पर चर्चा हुई। साथ ही 80 वर्ष की उम्र से मिलने वाले अतिरिक्तपेंशन लाभ को 65 वर्ष की उम्र से लागू करने की मांग भी रखी गई। बैठक में कर्नाटक हाई कोर्ट के एक फैसले की जानकारी भी सदस्यों को दी गई। सदस्यता अभियान को गति देने पर भी जोर दिया गया। मौके पर सचिव बैद्यनाथ प्रसाद समेत बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित थे।

पोषण मेला में 25 आंगनबाड़ी सेविकाएं सम्मानित

पहाड़पुर(एनएसबी)। राष्ट्रीय पोषण माह के तहत शुक्रवार को प्रखंड परिसर में बाल विकास परियोजना के तत्वावधान में पोषण मेले का आयोजन किया गया। मेले में गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बच्चों को संतुलित आहार, स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। मेले में पौष्टिक व्यंजन, फल, हरी साग-सब्जियां और मोटे अनाज प्रदर्शित कर संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व की जानकारी दी गई। इस दौरान दो बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया, जबकि दो महिलाओं की गोद भराई की रस्म पूरी की गई।पोषण अभियान के तहत बेहतर कार्य करने वाली 25 आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों ने कुपोषण से बचाव के लिए बच्चों एवं माताओं के पोषण पर विशेष ध्यान देने की अपील की।मौके पर बीडीओ अखिलेश कुमार, सीओ रामसेवक पासवान, सीडीपीओ अपर्णा कुमारी सहित अन्य अधिकारी, कर्मी, आंगनबाड़ी सेविकाएं एवं सहायिकाएं मौजूद थीं।

रुपये लेने के बाद भी गिरवी जेवर नहीं देने का आरोप

तुरकौलिया(एनएसबी)। महनवा बाजार के समीप बिजुलपुर के एक दुकानदार पर गिरवी रखे जेवर वापस मांगने पर महिला के साथ मारपीट कर दुकान से भगाने का आरोप लगा है। मामले को लेकर हरसिद्धि थाना क्षेत्र के बैरियाडीह निवासी नारद चौधरी की पत्नी बबिता देवी ने तुरकौलिया थाने में आवेदन दिया है।आवेदन में महिला ने बताया है कि पति के इलाज के लिए उसने बिजुलपुर निवासी दुकानदार राजा बाबू के यहां सोने-चांदी के जेवर 20 हजार रुपये में गिरवी रखे थे। बाद में रुपये लेकर हिसाब करने पहुंचने पर दुकानदार ने कुल 55 हजार रुपये का हिसाब बताया। महिला के अनुसार उसने उक्त राशि दुकानदार को दे दी। इसके बाद जेवर देने के लिए आठ नवंबर को बुलाया गया।गुरुवार को जेवर लेने पहुंचने पर दुकानदार ने हिसाब-किताब बराबर होने की बात कही। आरोप है कि इसके बाद उसके साथ मारपीट की गई और धमकी देते हुए दुकान से भगा दिया गया। महिला ने ओडी प्रभारी बीएन तिवारी को आवेदन देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है।

जीएसटी विभाग की बड़ी कार्रवाई, पटाखा कारोबारी के यहां 60 लाख का माल जब्त

ट्रांसपोर्टर के गोदाम में बिना इनवयस का माल मिलने से मचा हड़कंप

मोतिहारी(एनएसबी)। कर अपवंचना की आशंका को लेकर जीएसटी विभाग ने शुक्रवार को शहर में बड़ी कार्रवाई की। वाणिज्य-कर आयुक्त-सह-सचिव,



जब्त सामान।

बिहार के निर्देश पर जीएसटी विभाग, मोतिहारी एवं जीएसटी अन्वेषण ब्यूरो, मुजफ्फरपुर की संयुक्त टीम ने गुदरी बाजार स्थित एक बड़े पटाखा कारोबारी तथा अवधेश चौक स्थित एक ट्रांसपोर्टर के प्रतिष्ठान पर निरीक्षण किया।पटाखा कारोबारी के प्रतिष्ठान से करीब 60 लाख रुपये मूल्य का माल जब्त किया गया। विभागीय टीम ने खरीद-बिक्री के अभिलेख, स्टक, जीएसटी रिटर्न एवं कर भुगतान से संबंधित दस्तावेजों की जांच की। विभाग अब उपलब्ध माल और कारोबारी अभिलेखों का मिलान कर रहा है।वहीं, ट्रांसपोर्टर के गोदाम में रखे कुछ सामान के संबंध में इनवयस प्रस्तुत नहीं किया गया। जांच के दौरान दस्तावेजों में दर्ज विवरण और मौके पर उपलब्ध माल में भी अंतर पाया गया। यहां जांच अभी जारी है। टीम ई-वे बिल, स्टक रजिस्टर, इनवयस सहित अन्य दस्तावेजों की पड़ताल कर रही है।राज्य-कर संयुक्त आयुक्त (प्रभारी), मोतिहारी संतोष कुमार ने बताया कि जांच पूरी होने के बाद उपलब्ध तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर जीएसटी अधिनियम के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कारोबारियों से समय पर कर अनुपालन एवं वास्तविक कारोबार का सही लेखांकन करने की अपील की।

भू-अर्जन की धीमी रफ्तार पर डीएम सख्त

रक्सौल एयरपोर्ट, एनएच-139 डब्ल्यू समेत चार परियोजनाओं की समीक्षा

मोतिहारी(एनएसबी)। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष से वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले में चल रही महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के भू-अर्जन कार्य की समीक्षा की। बैठक में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, संबंधित अंचलाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी एवं अधियाची निकायों के प्रतिनिधि शामिल हुए।रक्सौल हवाई अड्डा परियोजना की समीक्षा में बताया गया कि छह मौजा में भूमि अधिग्रहण होना है। अब तक 373 अभिलेखों के आधार पर संबंधित रैयतों को 11595 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। 64 अभिलेख भुगतान के लिए तैयार हैं, जिनकी अनुमानित राशि 1808 करोड़ रुपये है। डीएम ने शेष अभिलेख शीघ्र भेजने तथा एसडीओ रक्सौल को इसकी मनिटरिंग का निर्देश दिया। एनएच-139डब्ल्यू साहेबगंज-अरेराज-बेतिया परियोजना के लिए जिले के पांच अंचलों के 47 राजस्व ग्रामों में 49939 एकड़ भूमि का अधिग्रहण होना है। 753 रैयतों को अब तक 8250 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया गया है। डीएम ने संबंधित एसडीओ को प्रत्येक अंचल से हर सप्ताह 50 अभिलेख तैयार कर भू-अर्जन कार्यालय भेजने का निर्देश दिया।गोरखपुर-सिलीगुड़ी परियोजना के लिए खेसरा पंजी तैयार करने में देरी पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए एक सप्ताह में कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया। राम जानकी मार्ग परियोजना में भी शीघ्र खेसरा पंजी तैयार कर उपलब्ध कराने को कहा गया।



समीक्षा बैठक करते डीएम।

जनता के दरबार में जिला प्रशासन कार्यक्रम का आयोजन

कार्यक्रम में कुल 248 आवेदन आवेदन हुए प्राप्त

मोतिहारी(एनएसबी)। डॉ.राधाष्णन सभागार में आयोजित कार्यक्रम जनता के दरबार में जिला प्रशासन में जिले के विभिन्न अंचलों से आए कुल 248 आवेदनकर्ता आये थे। आवेदनकर्ताओं को सम्मान के साथ बैठाया गया था। डीएम श्री सौरभ सुमन यादव एक एक कर सभी लोगों से उनके पास जाकर मिले और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और इस संबंध में संबंधित पदाधिकारी से मोबाइल से वार्ता कर समस्या के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। भूमि विवाद से संबंधित मामलों पर सीधे अंचल अधिकारियों को वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निर्देश दिया गयास जनता के दरबार में जिला प्रशासन कार्यक्रम में आज भूमि विहीन कुछ लोग अभियान बसेरा अंतर्गत बासगीत पर्चा के संबंध में आवेदन दिए। उनके आवेदन को संबंधित अंचल अधिकारी को भेजते हुए उस पर शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।जनता दरबार के पश्चात मीडिया से बात करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि आज जो आवेदन प्राप्त हुए हैं उस पर संबंधित पदाधिकारी के स्तर से करवाई कराते हुए समस्या का विधिसम्मत निदान शीघ्र किया जाएगा ।आज भूमि विवाद, अतिक्रमण वाद, राजस्व विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए जिसके शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ भेज देने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी जिला जन शिकायत कोषांग को दिया गया।जनता के दरबार में एडीएम लोक शिकायत शैलेंद्र कुमार भारती, एडीएम विभागीय जांच मो सिबगतुल्लाह, वरीय उप समाहर्ता विकास कुमार, प्रभारी पदाधिकारी जिला जन शिकायत कोषांग सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



डीएम ने सुनी जनता की समस्याएं, अंचल अधिकारियों से वीडियो कन्फ्रेंसिंग से जुड़े अधिकारियों को त्वरित निदान का निर्देश।

संक्षिप्त खबरें

सड़क हादसे में एक वृद्ध की मौत

पीपरा(एनएसबी)। पीपरा थाना क्षेत्र के महुआवा रेलवे क्रसिंग के पास शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहाँ एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने साइकिल सवार वृद्ध को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई।मृतक की पहचान विशुनपुरा गाँव के निवासी 60 वर्षीय रामावतार प्रसाद के रूप में की गई है। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया। वहीं, हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार, रामावतार प्रसाद शुक्रवार को अपने घर से साइकिल पर सब्जी लादकर बेचने के लिए पीपरा बाजार जा रहा था। जैसे ही वह महुआवा रेलवे फाटक के समीप पहुँचा, पीछे से आ रही एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उनकी साइकिल में जोरदार ठोकर मार दी। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।पीपरा थानाध्यक्ष अजय कुमार चौधरी ने बताया कि ट्रैक्टर को जब्त कर शव को पोस्टमार्टम हेतु मोतिहारी भेज दिया है । वही उक्त मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस की वर्दी में आए ठगों ने बुजुर्ग से 50 हजार रुपये ठगे

कल्याणपुर(एनएसबी)। परसौनी वाजिद पंचायत के विश्वम्भरापुर निवासी बुजुर्ग शम्भू सिंह से पुलिस की वर्दी में आए दो लोगों ने वाहन चेकिंग के नाम पर 50 हजार रुपये ठग लिए। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पीड़ित ने थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। बताया गया कि शम्भू सिंह बैंक से 50 हजार रुपये निकालकर बाइक से घर जा रहे थे। इसी दौरान प्रखंड कार्यालय के पीछे पोखर के समीप एक अज्ञात व्यक्ति ने उनकी बाइक रोककर बातचीत शुरू कर दी। इसी बीच पीछे से बाइक पर सवार दो लोग पुलिस की वर्दी में वहां पहुंचे। उनकी वर्दी पर बैच नहीं लगा था।दोनों ने बाइक के कागजात की मांग की। कागजात दिखाने के दौरान आरोपितों ने बुजुर्ग की जेब से 50 हजार रुपये निकाल लिए और चकमा देकर फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित बैंक पहुंचा और फिर थाने में आवेदन दिया। थानाध्यक्ष अमरजीत कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

अग्नि सुरक्षा को लेकर पूजा समितियां रहें सतर्क : अंबिका

दुर्गा पूजा पंडालों में अगि सुरक्षा को लेकर फायर विभाग अलर्ट

पंडालों का निरीक्षण कर पूजा समितियों को दिए सुरक्षा के निर्देश

मोतिहारी (एसएनबी)। दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने को लेकर अगिशमन विभाग ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। जिला अगिशमन पदाधिकारी मो आरिफुज्जमन के निर्देश पर शुक्रवार को विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण किया गया। अनुमंडल अगिशमन पदाधिकारी अंबिका कुमारी के नेतृत्व में अगिशमन टीम ने ढेकहां स्थित पूजा पंडाल का निरीक्षण कर पूजा समिति के सदस्यों को अगि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस दौरान अगिशमन कर्मियों ने पूजा समिति के सदस्यों को पंडाल में पर्याप्त संख्या में अगिशमन यंत्र रखने, प्रवेश एवं निकास द्वार अलग-अलग तथा पर्याप्त चौड़ा रखने और विद्युत तारों को सुरक्षित तरीके से लगाने का निर्देश दिया। लूज कनेक्शन से बचने तथा पंडाल के आसपास ज्वलनशील सामग्री नहीं रखने की भी हिदायत दी गई। अगिशमन विभाग ने पंडाल में अगरबत्ती, दीपक एवं अन्य अगि स्रोतों के प्रयोग में विशेष सावधानी बरतने को कहा। टीम ने पूजा समिति के सदस्यों के बीच अगि सुरक्षा संबंधी पंपलेट का वितरण भी किया। किसी भी आपात स्थिति में तत्काल फायर कंट्रोल रूम के 101 अथवा 112 नंबर पर सूचना देने की अपील की गईस अगिशमन विभाग ने जिले की सभी पूजा समितियों से सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करने की अपील की है, ताकि दुर्गा पूजा के दौरान किसी प्रकार की अगि दुर्घटना की आशंका को टाला जा सके।

यौन उत्पीड़न पर के केविवि सख्त विद्यार्थियों को किया जागरूक

मोतिहारी(एनएसबी)। महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में यौन उत्पीड़न की रोकथाम और विद्यार्थियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ऋ'च्ै॰ अधिनियम एवं इसके प्रावधान'ऋ विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।चाणक्य परिसर स्थित राजकुमार शुक्ल सभागार में आयोजित कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय की ऋआंतरिक समिति (ष्ब) एवं जेंडर सेंसिटाइजेशन सेल (ळैब)ऋ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।कार्यक्रम में आंतरिक समिति की पीठासीन पदाधिकारी 'प्रो शहाना मजूमदार' ने समिति के गठन, कार्यक्षेत्र, भूमिकाओं एवं शिकायत निवारण प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने सुरक्षित, सम्मानजनक एवं समावेशी परिसर के निर्माण पर जोर दिया। प्रबंधन विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष एवं ळैब की अध्यक्ष प्रो सपना सुगंधा ने करीब 45 नवप्रवेशित ातक, ातकोत्तर विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने महिलाओं को प्राप्त कानूनी अधिकारों और संस्थागत शिकायत निवारण व्यवस्था की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या अनुचित व्यवहार को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ऐसी स्थिति में उचित संस्थागत माध्यम से शिकायत करनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और अनुचित व्यवहार के खिलाफ आवाज उठाने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में जूलजी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर ड़ प्रीति बाजपेयी' ने धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने महिलाओं को गरिमा, आत्मविश्वास और समानता के साथ शिक्षा एवं करियर आगे बढ़ाने का अवसर देने तथा विश्वविद्यालय समुदाय को लगातार जागरूक और संवेदनशील बनाने पर जोर दियास कार्यक्रम में विश्वविद्यालय ने ऋयौन उत्पीड़न के प्रति शून्य-सहिष्णुता नीतिऋ दोहराते हुए सुरक्षित, सम्मानजनक और समावेशी परिसर के निर्माण की प्रतिबद्धता जताई।

गोल्डन ऑवर में त्वरित कार्रवाई से पीड़ितों का संरक्षण व पुनर्वास संभव : अभिषेक

मोतिहारी (एनएसबी)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की जागृति योजना के तहत शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सभाकक्ष में मानव तस्करी के पीड़ितों की देखभाल एवं आघात-संवेदनशील ष्टिकोण विषय पर संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें पैनल अधिवक्ता, पैरा लीगल वलंटियर्स, पक्सो मामलों के विशेष लोक अभियोजक तथा एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के पुलिस पदाधिकारी शामिल हुए।कार्यशाला का उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष-सह-प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभिषेक कुमार दास ने किया। उन्होंने पीड़ितों को समय पर सहायता, सुरक्षा और न्याय उपलब्ध कराने के लिए त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता बताई। उन्होंने संकट की स्थिति में गोल्डन अवर के महत्व को रेखांकित करते हुए पीड़ितों के प्रति संवेदनशील एवं मानवीय व्यवहार अपनाने पर जोर दिया।प्राधिकार के सचिव नितिन त्रिपाठी ने कहा कि प्रशिक्षित और जागरूक विधिक सहायता तंत्र ही पीड़ितों को समय पर कानूनी सहायता एवं संरक्षण उपलब्ध करा सकता है। सीमावर्ती जिला होने के कारण मानव तस्करी से निपटने के लिए विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। पटना से आए अधिवक्ता संजू सिंह, संभव गुप्ता एवं ताराकांत ऋषि ने पीड़ितों की पहचान, विधिक संरक्षण, पीड़ित-केंद्रित सहायता तथा आघात-संवेदनशील ष्टिकोण के व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में डंकन अस्पताल एवं न्याय नेटवर्क प्रोजेक्ट का सहयोग रहा।



कार्यशाला का उद्घाटन करते प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अन्य।

छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई

सहरसा शहर (एनएसबी)। एमएलटी कॉलेज में आज राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में नशा मुक्त भारत अभियान एवं तम्बाकू मुक्त शैक्षणिक परिसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई और नशा मुक्ति जागरूकता पर सेमिनार आयोजित किया गया।

सेमीनार के बाद परिसर में मानव श्रृंखला बनाई गई तथा महाविद्यालय में विभिन्न स्थानों पर नशा मुक्ति के संदेश वाले पोस्टर लगाये गए। सेमिनार की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सुधीर कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम पदाधिकारी, रा.से.यो. डॉ. बलवीर कुमार झा ने स्वागत भाषण करते हुए गोष्ठी के उद्देश्य की चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा नशे के जाल से बचाने हेतु यह अभियान चलाया जा रहा है और प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सहयोग से युवाओं में नशामुक्त जीवनशैली को बढ़ावा देना इसका मुख्य लक्ष्य है। अपने अध्यक्षीय संबोधन में डॉ0 सुधीर कुमार सिंह ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि



कार्यक्रम में कॉलेज कर्मी व छात्र-छात्रा।

पूरे परिवार और राष्ट्र की ऊर्जा को नष्ट करता है। शैक्षणिक परिसर को 100: तम्बाकू मुक्त बनाना और 500 मीटर के दायरे में नशा सामग्री के संचयन, विक्रय पर रोक के लिए जागरूक करना हम सभी की जिम्मेदारी है। युवा ही नशा मुक्त भारत के सच्चे प्रहरी हैं। डॉ. अनिल कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि नशा विनाश का द्वार है। जब तक हम श्नशा नहीं, जीवन चुनेंश का संकल्प नहीं लेंगे, तब तक स्वस्थ समाज की कल्पना अधूरी है। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ मयंक भार्गव ने किया। कार्यक्रम में डॉ सुमन कुमार,डॉ वीणा कुमारी ,डॉ बी एन झा, डॉ दीप्ति, डॉ कौशल किशोर झा, डॉ राकेश, डॉ गौतम, डॉ हर्षवर्धन, डॉ रौशन, डॉ सोनाबाबू, डॉ अंशु, डॉ महेश, डॉ हिमांशु, डॉ मुकेश, डॉ कोमल, प्रियरंजन, आशुतोष सिंह, अमित सिंह, अन्य शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मी, एनएसएस स्वयंसेवकों सहित विद्यार्थीगण उपस्थित थे। डॉ संजीव कुमार झा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

काशनगर के अन्नू हॉस्पिटल में नवजात की मौत पर परिजनों ने किया हंगामा

■ 30 हजार रुपये जमा कराने के बाद भी नहीं बची बच्चे की जान

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। काशनगर थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार स्थित एक निजी अस्पताल में शुक्रवार की शाम इलाज के दौरान नवजात की मौत हो गई। बच्चे की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। आक्रोशित परिजनों ने अन्नू हॉस्पिटल पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। खबर प्रेषण तक परिजन नवजात के शव के साथ क्लीनिक के मुख्य द्वार पर बैठकर विरोध जता रहे थे।

मिली जानकारी के अनुसार, खगड़िया जिले के संसारपुर गांव निवासी अखिलेश पासवान की पत्नी काजल कुमारी ने एक सितंबर को बेलदौर थाना क्षेत्र के पिलगड़ा स्थित अपने मायके में स्वस्थ शिशु को जन्म दिया था। पांच



हंगामा करते परिजन।

सितंबर को अचानक बच्चे की तबीयत बिगड़ने पर मां उसे इलाज के लिए काशनगर बाजार स्थित अन्नू हॉस्पिटल लेकर पहुंची। परिजनों के अनुसार, अस्पताल के संचालक डॉ. मुकेश कुमार उर्फ भी कुमार ने बच्चे को भर्ती कर लिया और इलाज के लिए 30 हजार रुपये नकद जमा कराए गए। इलाज के दौरान मौत, परिजनों ने उठाए सवाल शुक्रवार की शाम इलाज के दौरान नवजात की मौत हो गई। इसके बाद परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। उनका आरोप था कि चिकित्सक ने बच्चे को स्वस्थ करने का भरोसा दिया था। यदि बच्चे की स्थिति गंभीर थी तो उसे बेहतर इलाज के लिए दूसरे अस्पताल में रेफर कर देना चाहिए था। परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल के सामने हंगामा शुरू कर दिया। देखते ही देखते वहां लोगों की भीड़ जुट गई। अस्पताल संचालक ने आरोपों पर दी सफाई वहीं, अन्नू हॉस्पिटल के संचालक डॉ. मुकेश कुमार ने बताया कि बच्चे को समुचित इलाज के लिए तीन दिन पहले ही रेफर कर दिया गया था, लेकिन परिजन झाड़-फूंक कराने में लगे रहे। फिलहाल नवजात की मौत को लेकर परिजनों के आरोप और अस्पताल संचालक के बयान में विरोधाभास है। इससे पूर्व में भी कई मरीजों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई बड़ा हंगामा हुआ लेकिन स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई।

संक्षिप्त खबरें

जिला सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रेशन के संबंध में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया



सम्मानित करते अतिथि।

सहरसा शहर (एनएसबी)। शुक्रवार को सरकार के निदेर्शानुसार सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत आनंद प्रकाश, उपनिदेशक कोशी प्रमंडल सह प्रभारी जिला सांख्यिकी पदाधिकारी द्वारा जिलाधिकारी सह जिला रजिस्ट्रार दीपेश कुमार से अनुमति प्राप्त कर जन्म और मृत्यु की घटनाओं का निर्धारित समय में अनिवार्य रूप से रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करने तथा आमजनों को इसके महत्व के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न जगहों पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। सर्वप्रथम समाहरणालय परिसर में खड़े सरकारी वाहनों पर जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रेशन जागरूकता संबंधी स्टीकर चिपकाये गये। समाहरणालय और विकास भवन स्थित विभिन्न कार्यालयों में जागरूकता संबंधी स्टीकर लगाया गया। समाहरणालय मुख्य-द्वार के सामने सड़क से गुजरने वाले चार पहिया, तीन पहिया, दो पहिया वाहनों पर अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय पटना द्वारा उपलब्ध कराए गए जन्म मृत्यु रजिस्ट्रेशन संबंधी स्टीकर चिपकाए गाय एवं लोगों को जन्म और मृत्यु के रजिस्ट्रेशन के महत्व के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही वाहन चालकों तथा आमजनों को जन्म एवं मृत्यु की घटनाओं का समय पर पंजीकरण की आवश्यकता इसकी उपयोगिता तथा पंजीकरण प्रमाण पत्र के महत्व के विषय में जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया। कचहरी में भी जाकर लोगों को जन्म-मृत्यु के रजिस्ट्रेशन के महत्व के संबंध में जागरूक किया गया। जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रेशन के संबंध में कब, कहां, कौन और कैसे संबंधी जागरूकता पुस्तिका वितरित की गई। अगल-बगल स्थित सभी दुकानों में भी जन्म मृत्यु रजिस्ट्रेशन संबंधी स्टीकर चस्पा किए गए। उपनिदेशक प्रभारी जिला सांख्यिकी पदाधिकारी ने लोगों को विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जन्म और मृत्यु का रजिस्ट्रेशन जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969 और जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 2023 के अंतर्गत किया जाता है। इस अवसर पर सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी अजय कुमार, मनोज कुमार झा, राजेश कुमार साहू, पंकज कुमार कर्ण, उज्जवल की लिपिक कमल कुमार, जिला सांख्यिकी के सभी कर्मी, विभिन्न प्रखंडों में पदस्थापित कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित रहे एवं इस विशेष जागरूकता अभियान में बढ़-चढ़कर अपनी हिस्सेदारी निभाई।

प्रियनगर के समीप सड़क हादसे में बाइक सवार युवक घायल, सदर अस्पताल रेफर



इलाजरत जख्मी बाईक सवार।

बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)। बनमा ईटहरी थाना क्षेत्र के प्रियनगर गांव के समीप सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक घायल हो गया। घायल की पहचान कलोतवा गांव निवासी रामचंद्र यादव के पुत्र सुजीत कुमार के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सहरसा रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार, सुजीत कुमार अपने दोस्त सोनवर्षा राज थाना क्षेत्र के मनोरी गांव निवासी रुपेश कुमार के साथ बाइक से सोनवर्षा राज जा रहे थे। इसी दौरान प्रियनगर गांव के समीप सड़क पर एक अन्य बाइक सवार को बचाने के प्रयास में उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में सुजीत कुमार घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को सोनवर्षा राज स्थित अस्पताल में भर्ती कराया।

भूपेंद्र नारायण मंडल विवि के तत्वावधान मे नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत युवा संवाद मेला 2026 का सफल आयोजन



मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि।

सहरसा शहर (एनएसबी)। भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय द्वारा स्थानीय ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा के शिक्षा शास्त्र विभाग में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत युवा संवाद मेला का आयोजन बड़े ही उत्साह एवं गरिमापूर्ण माहौल में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भूपेन्द्र नारायण मधेपुरी उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.कैलाश प्रसाद यादव ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का शॉल व बुके से भव्य स्वागत किया।

साहित्य अकादेमी एवं कोसी आर्गनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में ग्रामालोक कार्यक्रम आयोजित



प्रसिद्ध मैथिली साहित्यकार में अतिथि।

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय अंतर्गत साहित्य अकादेमी एवं कोसी आर्गनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को कर्णपुर उत्तरबाडी टोल स्थित सरोजनी भवन में प्रसिद्ध मैथिली साहित्यकार के साथ ग्रामालोक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। किसलय कृष्ण के संचालन में आयोजित समारोह में बीएनएमयू के सेवानिवृत्त प्राध्यापक डा कुलानंद झा की आध्यक्षता में विशिष्ट अतिथि निबंधन पदाधिकारी तारकेश्वर पांडेय,बंदोबस्त पदाधिकारी बुद्ध प्रकाश,पूर्व आएएस शयामल किशोर पाठक, कवियित्री सहायक प्राध्यापक डा कुमारी अपर्णा, रश्मि रंजन,रघुनाथ मुखिया,महेन्द्र पाठक,केदार कानन,सुस्मिता पाठक,ईश्वर चंद्र मिश्र, भगवान पाठक,मनोज पाठक, रविभूषण,ललन झा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। वही सभी मंचासीन अतिथियों को पाग चादर देकर सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम में कवि एवं कवियत्री के द्वारा कविता पाठ का आयोजन किया गया।अपने अध्यक्षीय संबोधन में डा कुलानंद झा ने कहा मिथिला मैथिली के लिए कर्णपुर की धरती सदैव एतिहासिक सतत जागरूक व उर्वरा रही है। यहां आजादी की लड़ाई के लिए बिगुल फूंका गया।यहां एक से बढ़कर एक विद्वान,समाजसेवी,सरकारी उच्च पदस्थ अधिकारी, महान स्वतंत्रता सेनानी,राज्य सरकार के मंत्री व विधायक हुए है। उन्होने कहा कि कर्णपुर गांव में 1914 ई में पहिल मैथिली साहित्य महासभा की बैठक का आयोजन कयल गेल छल। वस्तुतः मैथिली साहित्य में कविता का अहम योगदान है। आधुनिक युग के अपर विद्यापति पंडित मधुकांत झा मधुकर भी कर्णपुर के मूलवासी थें जिन्होने चैनपुर को अपना कर्मस्थली बनाया।

महिला उद्यमिता व डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु संकुल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

महिलाओं व डिजिटल सखियों को डिजिटल धोखाधड़ी व साइबर सुरक्षा से संबंधित प्रशिक्षण



कार्यशाला में ग्रामीण महिलाएं।

सहरसा शहर (एनएसबी)। बीएआईएफ द्वारा संचालित एवं एलएंडटी फाइनेंस द्वारा वित्तपोषित डिजिटल सखी प्रोजेक्ट के अंतर्गत सतर कटैया क्लस्टर और कहरा क्लस्टर द्वारा शुक्रवार को होटल कोशी विहार, में संकुल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को डिजिटल एवं वित्तीय सेवाओं से जोड़ना, उनके स्वरोजगार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देना तथा उन्हें सरकारी योजनाओं एवं उपलब्ध संसाधनों से जोड़कर उनकी आजीविका को सुदृढ़ करना रहा। कार्यशाला में मुख्य अतिथि जिला वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी वीरेंद्र राय एवं कृषि विज्ञान की वैज्ञानिक सुनीता पासवान सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान महिला उद्यमियों एवं डिजिटल सखियों ने अपने कार्य, अनुभव, उपलब्धियों तथा व्यवसाय के दौरान आने वाली चुनौतियों के बारे में जानकारी साझा की। कार्यक्रम में जिला वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी वीरेंद्र राय ने महिलाओं को वानिकी आधारित आजीविका के अवसरों एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। वहीं, कृषि विज्ञान की वैज्ञानिक सुनीता पासवान ने महिलाओं को कृषि आधारित आजीविका, नवीन कृषि तकनीकों, प्रशिक्षण एवं उपलब्ध अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।कार्यशाला के दौरान एयरटेल पैमेन्ट बैंक की टीम द्वारा महिलाओं एवं डिजिटल सखियों को डिजिटल धोखाधड़ी एवं साइबर सुरक्षा से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही सीएसपी खोलकर स्वरोजगार एवं रोजगार के नए अवसर विकसित करने के संबंध में भी जानकारी दी गई। बीएआईएफ के जिला परियोजना प्रबंधक ऋषभ कुमार ने महिला उद्यमिता एवं डिजिटल सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डिजिटल सखी प्रोजेक्ट के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को डिजिटल सेवाओं, वित्तीय जागरूकता, सरकारी योजनाओं तथा आजीविका के अवसरों से जोड़ने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में बीएआईएफ की टीम, डिजिटल सखियां, महिला उद्यमी एवं अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे। बीएआईएफ द्वारा संचालित एवं एलएंडटी फाइनेंस द्वारा वित्तपोषित डिजिटल सखी प्रोजेक्ट ग्रामीण महिलाओं को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने के साथ-साथ उन्हें उद्यमिता एवं आजीविका के अवसरों से जोड़ने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है।

राज्यस्तरीय सम्मेलन में सम्मानित किए गए बिमलेश कुमार भगत

सहरसा कार्यालय (दैनिक नवसंदेश)। सहरसा बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग एवं बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के संयुक्त तत्वावधान में 7 अक्टूबर 2026 को पटना के गर्दनीबाग स्थित बापू टावर में वॉलंटरी ब्लड डोनेशन ऑर्गनाइजर कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। इस राज्यस्तरीय सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य बिहार में स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों को बढ़ावा देना, रक्तदाताओं एवं रक्तदान शिविरों के आयोजकों को सम्मानित करना तथा राज्य में सुरक्षित और पर्याप्त रक्त आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में प्रभावी पहल करना था। कार्यक्रम में बिहार के विभिन्न जिलों से रक्तदान के क्षेत्र में कार्यरत स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं ब्लड बैंक के काउंसलरों ने भाग लिया। सम्मेलन में रक्तदान अभियान को अधिक प्रभावी बनाने, रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करने तथा रक्तदान से जुड़ी समस्याओं के समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के परियोजना निदेशक आईएएस सुमित कुमार एवं अपर परियोजना निदेशक डॉ. एनके गुप्ता ने की। सम्मेलन में रक्तदान अभियान को गति देने के उद्देश्य से स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को 10 प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों से संबंधित विशेष प्रशिक्षण दिया गया। बिमलेश कुमार भगत को राज्यस्तरीय सम्मेलन में सम्मानित किए जाने पर युवा क्रांति सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह संरक्षक खगेश कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।



सम्मानित करते अतिथि।

आयुष आनंद के स्टेट 23 टीम में चयन से नवोदित खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल

सहरसा शहर (एनएसबी)। बीसीसीआई द्वारा आयोजित किए जाने वाले कर्नल सी के नायडू ट्रॉफी के लिए चयनित स्टेट टीम में फ्रेंड्स इलेवन सहरसा के खिलाड़ी आयुष आनंद का चयन 17 सदस्यीय स्टेट टीम में हुआ। आयुष आनंद ने फ्रेंड्स क्रिकेट एकेडमी में क्रिकेट का कोचिंग लेकर और अपनी अथक मेहनत एवं लगन से आज इस मुकाम को प्राप्त किया।

बिहार की टीम अपना पहला मैच 12 अक्टूबर से उड़ीसा के खिलाफ,दूसरा मैच 19 अक्टूबर से गोवा के खिलाफ तीसरा मैच 27 अक्टूबर से बरोदा के खिलाफ, चैथा मैच 3 नवंबर से राजस्थान के खिलाफ ,पांचवा मैच बंगाल के खिलाफ 18 जनवरी से, छठा मैच 25 जनवरी से हिमाचल प्रदेश के खिलाफ एवं सातवां मैच 2 फरवरी से



नवोदित खिलाड़ी।

मुंबई के खिलाफ खेलेगी। आयुष आनंद के स्टेट 23 टीम में चयन से खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल है जो नवोदित खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष आशीष कुमार कात्यायन, सचिव विश्वजीत बनर्जी, संयुक्त सचिव आशुतोष आनंद, कोषाध्यक्ष असफहान खान, जिला क्रिकेट संघ पूर्व अध्यक्ष ब्रह्मदेव कामत, उपाध्यक्ष मसूद आलम, पूर्व सचिव बादल कुमार, पूर्व संयुक्त सचिव गुलनियाज रब्बानी, डॉ विमल भारती, नसीम आलम, बिश्वनाथ कुमार, प्रभात कुमार सिंह, नित्यानंद ठाकुर, शशि भूषण यादव, अमित कुमार सिंह, शैलेश झा, निखिल कुमार सिंह, सुनील कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार झा, बाबु झा, दिवाकर कुमार इत्यादि ने आयुष को बधाई देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

प्रमंडल स्तरीय विद्यालय खेलकूद हॉकी प्रतियोगिता में बालक और बालिका टीम विजयी

सहरसा शहर (एनएसबी)। विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता 2026-27 में प्रमंडल स्तरीय हॉकी अंडर 14 बालक और बालिका सहरसा की टीम नें मधेपुरा को हराकर विजेता बना। प्रमंडल संयोजक प्रमोद कुमार झा नें बताया कि प्रमंडल स्तर हॉकी प्रतियोगिता के अंडर 19 वर्ग के बालक और बालिका नें भी मधेपुरा को हराकर जीत अपने नाम दर्ज किया और विजेता बना। मौके पर उपस्थित जिला खेल पदाधिकारी कुमारी तोसी को विजेता की ट्रॉफी दिया और मधेपुरा को उप विजेता का ट्रॉफी दिया सहरसा का शुरू और अंत बहुत ही अच्छा रहा। इस उपलक्ष्य में प्रशासन सहरसा,हॉकी एसोसिएशन आफ सहरसा के सभी पदाधिकारीयों नें हॉकी के टीम को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनायें दिए। मौके पर जिला के हॉकी संयोजक प्रमोद कुमार झा उपसंयोजक श्वेत निशा अंपायर, राजू कुमार नीरज कुमार, राम पुकार प्रियंका कुमारी, अंजली कुमारी मौके पर उपस्थित सभी ने मिलकर पारदर्शी तरीके प्रतियोगिता संपन्न करवाने मे अपनी भूमिका निभाए। मौके पर उपस्थित न्यू कॉलोनी के प्रधानाध्यापक अनु कुमारी, जुली कुमारी, अंशु कुमारी, राजकिशोर गुप्ता शशि भूषण, सदानंद ठाकुर, रोशन कुमार सिंह, मनोरंजन कुमार सिंह, अमिंन्द्र कुमार अमर, दुगार्नंद झा, जितेंद्र कुमार, विकास कुमार आदि नें सहरसा जिला हॉकी टीम को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनायें दिए।



विजयी बालक और बालिका।

संक्षिप्त खबरें

शिविर में दर्जनों दिव्यांगों के स्वास्थ्य की जांच

खगड़िया। सदर अस्पताल परिसर में दिव्यांगों के लिए आयोजित शिविर में दर्जनों लोगों का स्वास्थ्य परिक्षण किया गया। शिविर में शामिल ई एन टी विशेषज्ञ ड0 विद्यानंद सिंह, नेत्र विशेषज्ञ ड अखलाक अहमद, मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ ड अमित कुमार समेत हड्डी रोग विशेषज्ञ ड अभय कुमार की उपस्थिति में जिले के दर्जनों दिव्यांगों में शामिल नीरपुर चौथम से सोनी कुमारी, बेलदौर से गुरुदेव कुमार, महेश खूंट के विकास कुमार, सरैया चौथम से आदित्य कुमार, फुदकी चक गोगरी से आमून साह, भरतखंड परबत्ता के दीपक कुमार, सैदपुर मानसी के लक्ष्मी कुमारी, महेशखूंट से शोभा देवी मैरा गोगरी से दिनेश मुनी समेत कई अन्य लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डा अभय कुमार ने बताया कि प्रतिशत अंकों के आधार पर लाभार्थियों को सिविल सर्जन कार्यालय से दूसरे दिन प्रमाण-पत्र निर्गत किए जाने का प्रावधान है।

शिक्षक नियोजन इकाई की बैठक में पारदर्शिता पर जोर, निलंबित शिक्षक के मामले पर भी हुई चर्चा

चौथम। प्रखंड मुख्यालय स्थित आईटी भवन के सभाकक्ष में शुक्रवार को प्रखंड शिक्षक नियोजन इकाई समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ने की। बैठक में बीडीओ रंजीत कुमार सहित नियोजन समिति के कई सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में शिक्षक नियोजन इकाई से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान नियोजन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने को लेकर सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखे। साथ ही पूर्व में हुए शिक्षक नियोजन कार्यो की समीक्षा भी की गई। बैठक में निलंबित प्रखंड शिक्षक दीपक पासवान के मामले पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस संबंध में प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि चंदन कुमार ने जानकारी देते हुए मामले से जुड़े विषयों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रमुख प्रतिनिधि चंदन कुमार, नियोजन समिति के सदस्य एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

खरीफ फसल के उत्पादन, भंडारण और वितरण को लेकर षि अधिकारी ने किसानों के साथ की बैठक

चौथम। प्रखंड मुख्यालय स्थित षि कार्यालय के सभाकक्ष में नवनियुक्त षि पदाधिकारी अनुषा कुमारी की अध्यक्षता में किसानों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी खरीफ फसल के उत्पादन, बीज वितरण, भंडारण और षि विभाग की विभिन्न सरकारी योजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक से पूर्व प्रखंड की विभिन्न पंचायतों से मिट्टी जांच के लिए लिए गए नमूनों की रिपोर्ट के आधार पर 20 किसानों के बीच मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया। इनमें कई महिला किसान भी शामिल रहीं।बैठक के दौरान षि पदाधिकारी अनुषा कुमारी ने किसानों को षि उत्पादन बढ़ाने, फसल वितरण एवं सुरक्षित भंडारण के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि षि विभाग की विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए अब अनलाइन प्रक्रिया अपनाई जा रही है। इसके माध्यम से किसान बीज वितरण, षि यंत्रीकरण सहित अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने किसानों को खेतों में यूरिया का अत्यधिक प्रयोग नहीं करने तथा संतुलित मात्रा में उर्वरकों का इस्तेमाल करने की सलाह दी। साथ ही खेतों की उर्वरता बनाए रखने और बेहतर पैदावार प्राप्त करने के लिए अधिक से अधिक जैविक खाद एवं वर्मी कंपोस्ट का उपयोग करने पर जोर दिया। फसल उत्पादन के बाद उसके सुरक्षित भंडारण पर चर्चा करते हुए किसानों को बताया गया कि अनाज को सूखे, साफ और नमी रहित स्थान पर रखना चाहिए। इसके अलावा फसलों को फफूंद एवं चूहों से बचाने के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी गई।बैठक में जिला मिट्टी जांच प्रयोगशाला के अधिकारी अजीत कुमार, उद्यान अधिकारी राजरतन पांडेय, एटीएम राहुल कुमार, पिंकेश कुमार एवं श्रेया कुमारी सहित सभी षि समन्वयक और प्रखंड षि सलाहकार उपस्थित रहे। बैठक में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया और षि से संबंधित विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की।

शेष खबरें पेज नं. 12 पर

जन समाधान दिवस पर 54 आवेदनों की सुनवाई, डीएम ने दिया निष्पादन का निर्देश

खगड़िया (एनएसबी)। समाहरणालय के मुख्य सभाकक्ष में जिलाधिकारी विक्रम विरकर की अध्यक्षता में जन समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान आम नागरिकों से प्राप्त कुल 54 आवेदनों की सुनवाई की गई। जिलाधिकारी ने आमजनों की समस्याओं एवं शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना तथा उनके त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। प्राप्त आवेदन राजस्व शाखा, भूमि विवाद, नगर निकाय, विद्युत, सामाजिक सुरक्षा, दिव्यांगजन कल्याण, महिला एवं बाल विकास, कोषागार सहित विभिन्न विभागों से संबंधित थे। जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी, खगड़िया एवं गोगरी, सभी अंचल अधिकारियों, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद खगड़िया, कार्यपालक अभियंता, विद्युत , जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (समेकित बाल विकास सेवाएं), प्रबंधक, महिला एवं बाल विकास निगम, भूमि सुधार उप समाहर्ता, खगड़िया एवं गोगरी, प्रभारी सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को आवेदनों पर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी आवेदनों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने जन समाधान दिवस में आने वाले नागरिकों के लिए सुगम व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा उनकी समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ समाधान करने पर भी बल दिया। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए शीघ्र निर्णय लें तथा निष्पादन की प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब न होने दें।



सभाकक्ष में बैठे फरियादी।

प्राथमिक मकतब बछौता के जर्जर भवन को लेकर शिक्षक चिंतित

मामले का जिलाधिकारी विक्रम विरकर ने लिया संज्ञान

खगड़िया (एनएसबी)। जिले के मानसी प्रखंड के अमनी पंचायत में बीते दिनों सरकारी विद्यालय के भवन की सीढ़ी गिरने से एक बच्ची की मौत होने के बाद जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग ने इसे गंभीरता से लिया है। जिलाधिकारी विक्रम विरकर ने जिले के सभी सरकारी विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्रों की भवन की जांच कर रिपोर्ट मांगी है। बताते चले कि खगड़िया जिले में अभी भी कई सरकारी विद्यालयों में भवन की कमी है। कुछ ऐसे भी भवन हैं जो विभागीय लापरवाही के कारण भवन अधूरा पड़ा है। इन विद्यालयों में प्रधानाध्यापक बदलते गए और भवन की स्थिति पर किसी का ध्यान नहीं गया। स्थिति ऐसी हो गई कि अब वह भवन बच्चों के रहने लायक नहीं है। इन्हीं चूक के कारण अमनी के विद्यालय में घटना घटी है। इधर खगड़िया सदर प्रखंड क्षेत्र के बछौता पंचायत स्थित प्राथमिक मकतब के परिसर में विद्यालय के पुरानी भवन वर्शो से जर्जरावस्था में है। यह भवन किसी भी समय धराशाई हो सकती है। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग समय से भवन को नहीं गिराती है तो किसी दिन विद्यालय में हादसा हो सकती है। प्राथमिक मकतब के प्रधानाध्यापक रंजन कुमार कहते हैं कि प्राथमिक मकतब में 120 बच्चे पढ़ते हैं। इन बच्चों की सुरक्षा के लिए हमलोग चिंतित रहते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिसर में जर्जर भवन होने से हरबख्त भय सताए रहता है। विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक मोहम्मद शाकीर अहमद ने बताया कि जर्जर भवन को लेकर हमलोगों ने शिक्षा विभाग को कई बार रिपोर्ट किया। जांच में आए अधिकारियों को भी मैने जानकारी दी।लेकिन अभी तक भवन को नहीं गिराया गया। उन्होंने जिला प्रशासन से भवन को अविलंब हटाने की मांग की। वही विद्यालय के छात्रों ने भी कहा कि जर्जर भवन को देखकर डर लगता है। छोटे छोटे बच्चे भवन के अंदर चले जाते हैं। हलांकि जिलाधिकारी ने अमनी पंचायत के विद्यालय में हादसे के बाद जिले के सभी 1150 विद्यालयों के भवनों की जांच करने का आदेष दिया है। वही प्राथमिक मकतब बछौता के संबंध में जिलाधिकारी को जानकारी दी गयी है। डीएम के संज्ञान में आने के बाद षिक्षा विभाग हरकत में आ गयी है। जिला षिक्षा पदाधिकारी के निर्देष पर षिक्षा विभाग के इंजिनियर ने विद्यालय का दौरा कर जर्जर भवन की स्थिति को देखा। हलांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि विद्यालय के जर्जर भवन के संबंध में कई बार षिक्षा विभाग के अधिकारियों को जानकारी दी गयी थी। लेकिन समस्या का समाधान नही हो पा रही थी। लेकिन मामले का संज्ञान अब जिलाधिकारी खुद लिया है तो अव समाधान होने की आष जगी है।



जर्जर भवन।

जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता का सफल समापन

4000 से अधिक खिलाड़ियों ने लिया भाग

खगड़िया (एनएसबी)। जिले में आयोजित चार दिवसीय जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक समापन हुआ। जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों से 4000 से अधिक छात्र-छात्राओं एवं खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल विधाओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन जेएनकेटी स्टेडियम, खगड़िया में रग्बी, सेपक टकरा एवं खो-खो की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के 800 से अधिक बच्चों ने प्रतिभागिता की। खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चार दिवसीय प्रतियोगिता के दौरान जिले के विभिन्न खेल स्थलों पर अनेक खेल विधाओं की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस आयोजन के माध्यम से जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने तथा उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं में जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला। वही जिलाधिकारी विक्रम विरकर ने जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर सभी खिलाड़ियों, विद्यालयों, शारीरिक शिक्षकों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों एवं आयोजन से जुड़े सभी पदाधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जिले में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजनों को निरंतर प्रोत्साहित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उत्ष्ट प्रदर्शन कर प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे मुंगेर में होने वाली प्रतियोगिता में पूरे आत्मविश्वास और खेल भावना के साथ भाग लें तथा अपने उत्ष्ट प्रदर्शन से खगड़िया जिले का नाम रोशन करें। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उत्ष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित खिलाड़ी अब प्रमंडल स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता में खगड़िया जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। विभिन्न खेल विधाओं की प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन मुंगेर में प्रारंभ होगा। मुंगेर में विभिन्न खेल विधाओं की प्रतियोगिताएं 09 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक आयोजित की जाएंगी।



प्रतिभागी व अन्य।

खेलों को बढ़ावा देने को लेकर डीएम की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

खगड़िया (एनएसबी)। समाहरणालय स्थित जिलाधिकारी के प्रकोष्ठ में जिले में खेलों को बढ़ावा देने, खेल गतिविधियों के विस्तार तथा खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न खेल संघों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक जिलाधिकारी विक्रम विरकर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला खेल पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (शिक्षा), जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी तथा विभिन्न खेल संघों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान जिले में खेल प्रतिभाओं की पहचान, खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने, खेल गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाने तथा विभिन्न खेलों के विकास से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। जिलाधिकारी विक्रम विरकर ने संबंधित पदाधिकारियों एवं खेल संघों के प्रतिनिधियों को जिले में खेलों के विकास, युवाओं की खेलों में भागीदारी बढ़ाने तथा स्थानीय स्तर पर खेल प्रतिभाओं को उचित मंच उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने खेलों को बढ़ावा देने के लिए संबंधित विभागों एवं खेल संघों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने पर बल दिया।



डीएम व अन्य।

संक्षिप्त खबरें

जदयू जिला कार्यकारिणी विस्तारित कमिटी का जिलाध्यक्ष ने किया औपचारिक घोषणा

खगड़िया (एनएसबी)। शहर के कचहरी रोड स्थित जदयू कार्यालय में जदयू जिला अध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा ने शुक्रवार को प्रदेश नेतृत्व द्वारा अनुमोदित 31 उपाध्यक्ष,41 महासचिव,51 सचिव,1 कोषाध्यक्ष,2 प्रवक्ता और एक मीडिया प्रभारी,32 कार्यकारिणी सदस्य सहित पार्टी के विधायक, पूर्व विधायक,आयोग के सदस्य आदि को कार्यकारिणी कमिटी में रखा गया है। नव गठित जदयू जिला कार्यकारिणी कमिटी का विधिवत औपचारिक घोषणा किया है। जिला अध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा ने बताया कि उपाध्यक्ष में नूतन सिंह पटेल, लोहा सिंह, अनिल जयसवाल, पंकज कुमार पटेल, प्रभाकर चौधरी, चंदन कुमारी,मो फिरदोस आलम, प्रमोद कुमार सिंह, निर्मला कुमारी, राजकुमार फोगला, सुनील कुमार सिंह, राजीव रंजन, भविष्य सिंह कुशवाहा, राजेश कुमार सिंह,दीपक कुमार सिन्हा, पूर्व मुख्यमंत्री सतीश प्रसाद सिंह के ज्येष्ठ पुत्र सुनील कुमार सिंह, अविनाश पासवान, सुशांत यादव, उमेश सिंह पटेल, जियाउल हक,प्रकाश सिंह, सुबोध यादव, शम्भू झा, श्रीकांत सिंह कुशवाहा,विनय कुमार पटेल,सुनीत कुमार चौधरी,मदन मोहन मेहता, रामविलास महतो, परमानंद राय, शनिचर सदा, अनिल कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता, प्रवक्ता धर्मेंद्र महतो व संजय जायसवाल, मीडिया प्रभारी राकेश कुमार, जिला महासचिव पद पर क्रमशः अनुज शर्मा,नीलकमल पटेल,दिनेश सिंह कुशवाहा, राजेश कुमार सिंह,दीलिप कुमार पोद्दार,मोहन कुमार सिंह, गुरूदेव कुमार सिंह,खड़ग सिंह विजय, ष्ण कुमार झा, विकास चंद्र मिश्रा उर्फ पम्पी,ललन कुमार सिंह, वीणा पासवान, जयप्रकाश मौर्य, कमल किशोर पटेल, प्रमोद कुमार केडिया,कमल कुमार पटेल,पूनम जयसवाल, अमरेंद्र कुमार,राम उदय सिंह, मुन्नी जयसवाल, रूस्तम अली, संजय सिंह उर्फ पप्पू देव, किशोर कुमार सिंह, मनोज कुमार पटेल, विकास कुमार सिंह,मोबारक हुसैन,वकिल सिंह,मोईज उद्दीन,ग्यास उद्दीन, पार्वती देवी, हर्षवर्धन सिंह कुशवाहा, पंकज चौधरी, राजेश कुमार महतो, प्रमोद महंथ, धर्मेंद्र यादव, दिलीप कुमार सिंह, अरविंद कुमार सिंह, अनिल कुमार महतो, ष्णदेव यादव,नरेश सिंह, ममता जायसवाल, मनोज कुमार सिंह, गीता कुमारी, मोहन राय, मनोज कुशवाहा, योगेन्द्र सदा, विभूति कुमार,पारस कुमार सिंह,मदन कुमार वर्मा, इंजिनियर सैफ उद्दीन, इम्तियाज अली,नरेश राम, प्रमोद कुमार उर्फ लल्लू सिंह,अमितेश सिंह,फुल कुमार सिंह,जवाहर सिंह,श्रवण कुमार महतो,लालपरी देवी,नरेश प्रसाद सिंह, सुबोध गुप्ता,अबरार अहमद,चंदेश्वर नागर, चंद्रप्रभा देवी, सदानंद महतो, आनंदी प्रसाद सिंह,सौवम कुमार, आनंदी साह,तारणी प्रसाद सिंह, राजेश कुमार,रौशन कुमार, रामप्रवेश यादव, वन्दना भारती,नरेश साह, पुलकित गोस्वामी, हरिचरण,जुबेर आलम,गणेश पटेल, राजीव भाई पटेल, धर्मदेव पटेल, अंकित कुमार सिंह, नासिर इकबाल, अनिल कुमार मेहता, रणजीत सिंह, मिथलेश देवी, अवधेश कुमार सिंह, प्रशांत कुमार, विकास कुमार पान,बीरन सदा, ष्ण देव यादव, संजय कुमार,उदय कुमार सिंह, संजीव कुमार भगत को बनाया गया है। वहीं सकलदीप चौधरी, भोला प्रसाद सिंह,श्रवण अग्रवाल, दिलीप कुमार सिंह, राजवर्धन सिंह कुशवाहा, जयशंकर सिंह, अनीता देवी,रिषभ सिद्धार्थ, रतिलाल सिंह,शिव कुमार सिंह, चन्द्रगुप्त मौर्य, सुबोध कुमार जयसवाल,उगंत कुमार, मनीष कुमार,धनीक लाल दास, अनिल पोद्दार, सुमित सिद्धार्थ, संजय रंजन राय,वकिल यादव, ष्णा कुमार सदा, अनिल कुमार सिंह, राजीव रंजन,मीरा भारती,केदार प्रसाद सिंह, अनुराग आनंद, पंकज कुमार उर्फ पिक्कू, सीता देवी,अंजू कुमारी, धर्मेंद्र पंडित,अजय कुमार उर्फ मंटू सिंह,कौशल किशोर सिंह,विजय सिंह को जिला कार्यकारिणी सदस्य में रखा गया है। जबकि पार्टी के विधायक, पूर्व विधायक,आयोग के सदस्य को आमंत्रित सदस्य में रखा गया है।

कांशीराम की 20वीं पुण्यतिथि पर दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

खगड़िया (एनएसबी)। सदर प्रखंड के नन्हकू मंडल टोला स्थित मेनका-कार्तिकेय सदन के सभाकक्ष में बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम की 20वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता दलित युवा संग्राम मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आचार्य राकेश पासवान शास्त्री ने की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके संघर्षपूर्ण जीवन को नमन किया। मौके पर आचार्य राकेश पासवान शास्त्री ने कहा कि कांशीराम दलितों, महादलितों, आदिवासियों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों एवं शोषित-वंचित वर्गो के अधिकारों की बुलंद आवाज और सामाजिक न्याय के सशक्त प्रणेता थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन बहुजन समाज को जागरूक, संगठित और राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के लिए समर्पित कर दिया। वर्ष 1984 में बहुजन समाज पार्टी की स्थापना कर उन्होंने वंचित समाज को राजनीतिक भागीदारी का नया मंच प्रदान किया। श्री शास्त्री ने कहा कि कांशीराम का विचार था कि बहुजन समाज को याचक नहीं, बल्कि शासक बनना चाहिए। उनका नारा जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी। सामाजिक न्याय और समान प्रतिनिधित्व की भावना को अभिव्यक्त करता है। श्री शास्त्री ने कहा कि शिक्षा, संगठन और राजनीतिक चेतना के माध्यम से ही बहुजन समाज अपने अधिकारों को मजबूत कर सकता है। उन्होंने कहा कि कांशीराम के विचार आज भी सामाजिक समानता, अधिकारों और भागीदारी की लड़ाई में प्रेरणास्रोत हैं। उनके सपनों को साकार करने के लिए समाज को शिक्षित, संगठित और जागरूक बनाना आवश्यक है। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त पुलिस इंस्पेक्टर जयजयराम पासवान, सुबोध पासवान, अंकेश कुमार पासवान, विभूति कुमार ज्वाला, रघुवंश प्रसाद यादव, रंजन साह, हरिवंश कुमार, चंदन पासवान, जीवन शर्मा, सूर्यवंश कुमार एवं पवन दास सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

210 गर्भवती महिलाओं की हुई जांच पांच एनेमिक महिलाओं की हुई पहचान

बेलदौर(एनएसबी)। पीएचसी में शुक्रवार को सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें पीएचसी में 150, जबकि एडिशनल पीएचसी पीरनगरा में 60 गर्भवती महिलाओं की आवश्यक जांचोपरान्त डक्टरी सलाह एवं आवश्यक दवाई निःशुल्क दिया गया। जांच के क्रम में पांच महिलाओं में एनेमिक पाई गई, जिसका इलाज पीएचसी में कर छुट्टी दे दी गई। पीएचसी प्रभारी ड मुकेश कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्रत्येक माह की 9 तारीख को गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क मासिक जांच की जाती है। इस दौरान हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, वजन, शुगर और अल्ट्रासाउंड सहित अन्य जरूरी जांच की जाती है। शिविर में दर्जनों गर्भवती महिलाओं ने पहुंचकर अपनी जांच करवाई। चिकित्सकों ने महिलाओं को संतुलित आहार, आयरन की गोली और नियमित जांच की सलाह दी। साथ ही संस्थागत प्रसव के फायदे के बारे में भी जागरूक किया। वहीं लक्ष्मी कुमारी, खुशी कुमारी, सुलेखा देवी, अफसाना खातुन सहित कई महिला ने शिकायत करते हुए कहा की पर्चा कांउटर पर एक रूपये पांच रूपए रजिस्ट्रेशन शुल्क के रूप वसूली की गई है। शिविर में ड अभिनव विशाल, एएनएम सुप्रिया, प्रियंका कुमारी, आशा कार्यकर्ता सुलोचना देवी पिंकी कुमारी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।



जांच करते डाक्टर।

संक्षिप्त खबरें

बाढ़ में जाम से त्रस्त आमजन, सायरन बजाकर निकलते हैं रसूखदार परेशानी झेलती है जनता!

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बाढ़ शहर के भुनेश्वरी चौक, कचहरी चौक और स्टेशन रोड पर प्रतिदिन लगने वाले भीषण जाम से आमलोग परेशान हैं। जाम के कारण राहगीरों, मरीजों, दुकानदारों और दैनिक यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि माननीयों, अधिकारियों और पुलिस की गाड़ियां सायरन बजाकर भीड़ से निकल जाती हैं, जबकि आम जनता जाम में फंसी रह जाती है। अब बैंक की गाड़ियों के सायरन बजाकर निकलने की बात भी सामने आ रही है। इस स्थिति ने यातायात व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इधर, भाजपा नेता पंकज सिंह (अथमलगोला) ने जाम की समस्या को लेकर एसडीएम से बातचीत की है। उनके अनुसार, अगले तीन से चार दिनों के भीतर पुलिस की तैनाती किए जाने की बात कही गई है, जिससे जाम से राहत मिलने की उम्मीद है। अब देखना यह है कि प्रशासन का यह प्रयास धरातल पर कब उतरता है और बाढ़ की जनता को रोजाना की जाम की समस्या से कब निजात मिलती है।

गड्ढे में मिला शव, करंट से मौत या कोई और वजह एफएसएल जांच में जुटी पुलिस

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बाढ़ थाना क्षेत्र के बेढ़ना के निकट पानी भरे गड्ढे में शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान बब्लू पासवान के रूप में बताई जा रही है। मौत करंट लगने से हुई या इसके पीछे कोई अन्य कारण है, फिलहाल इसका खुलासा नहीं हो सका है। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी। एसडीपीओ रामण्ण ने बताया कि एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर वैज्ञानिक साक्ष्य संकलित कर रही है। परिजनों के आवेदन और जांच में सामने आने वाले साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

एसपीएसशिवनेरी उच्च विद्यालय के बच्चे ने (डायट) में दिखाया जलवा

सोनपुर (एनएसबी) शहर के एसपीएसशिवनेरी उच्च विद्यालय के वर्ग 09 के छात्राओं नै जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में नुक्कड़ नाटक कर सड़क दुर्घटना में जागरुकता दिखाया। दिनांक 08102026 दिन गुरुवार को मैडम निहारिका, मैडम माधुरी तथा शिक्षक सुधांशू के निर्देशन में एस पी एस शिवनेरी उच्च विद्यालय के वर्ग 09 के छात्र-छात्राओं ने गोविंद चक स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में सड़क सुरक्षा पर सांस्तिक मंच से नुक्कड़ों नाटक के माध्यम से दर्शकों को जागरुक करने में सफल साबित होने पर प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया। इन बच्चों के मनमोहक कार्यक्रम देख दर्शक झुमते हुए, सांस्तिक मंच तालियों से गुंज रही थी। वहीं बच्चे रंग-बिरंगी पोशाक में चमक रही थी। वहीं वर्ग 09 के बच्चों का कार्यक्रम देख दर्शकों का हसीं थमने का नाम नहीं ले रहा। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) प्रिंसिपल सहित दर्शक प्रशंसा कर उज्जवल भविष्य की दुहाई दी।

गंगा घाट पर भगवान भरोसे सुरक्षा व्यवस्था

सोनपुर (एनएसबी) पितृ पक्ष पखवारा का आखरी दिन आश्विन ष्ण पक्ष चतुर्दशी के दिन लाखों की संख्या में श्रद्धालूओं और र्थियों का जन सैलाव उमड़ पड़ी। गंगा नदी की घाट इन दिनों किचड़ सहित दलदल बनी है। गंगा नदी घाट से सड़क पर आने और जाने में भारी परेशानी महसूस हो रही थी। सनातन धर्म में आस्था और भक्ति का समंदर है। श्रद्धालू भय और चिन्ता को दर किनार कर किचड़ और दलदल में प्रवेश कर गंगा ान कर भगवान की आराधना करते रहें। वहीं यात्री वाहन चालकों की मनमानी चरम थी। जैसे-तैसे यात्री वाहन खड़ा श्रदालुओं और भक्तों का आवागमन अवरुद्ध होता रहा है। गंगा नदी या आसपास सुरक्षा व्यवस्था पर पहल नहीं थी। जबकि गंगा नदी का जलस्तर काफी मात्रा में बढ़ा हुआ है।

छोटी केशोपुर में सीआईएसएफ जवान के बंद घर का ताला तोड़कर दो लाख की संपत्ति चोरी

इलाज कराने गई थीं गृहस्वामी की मां, डकैती कांड का उद्भेदन नहीं, दूसरी चोरी से बदमाशों ने दी पुलिस को चुनौती

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। जमालपुर थाना क्षेत्र में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। एक ओर पुलिस अभी डकैती कांड का उद्भेदन नहीं कर पाई है, वहीं दूसरी ओर बदमाशों ने चोरी की एक और घटना को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दी है। छोटी केशोपुर नालापार स्थित दलपूज्जी काली मंदिर के पास टोरिल मंडल स्कूल के समीप सीआईएसएफ जवान के बंद घर को निशाना बनाकर करीब दो लाख रुपये की संपत्ति चोरी कर ली गई।छत्तीसगढ़ में सीआईएसएफ में कार्यरत राजीव कुमार, पिता स्वर्गीय भगवान मिस्त्री के घर का ताला तोड़कर बदमाशों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। घर में रहने वाली उनकी मां मंजू देवी इलाज कराने पटना एम्स गई थीं। गुरुवार की रात लौटने पर उन्होंने देखा कि घर के सभी ताले टूटे हुए हैं। बक्से और अलमारी के ताले भी टूटे थे तथा कमरे का सामान बिखरा पड़ा था।मंजू देवी के बताई की बक्से और अलमारी से सोने-चांदी के आभूषण, एक लैपटप, 15 हजार रुपये नकद समेत अन्य कीमती सामान गायब थे। चोरी की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जमालपुर पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने पीड़ित पक्ष को थाने पहुंचकर लिखित आवेदन देने को कहा। थानाध्यक्ष ने बताया कि चोरी की घटना की जानकारी मिली है। लिखित आवेदन मिलने के बाद मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। लगातार आपराधिक घटनाओं से स्थानीय लोगों में चिंता व्याप्त है।


घटना की जानकारी देते गृहस्वामी।

युवा कांग्रेस चुनाव : होल्ड आवेदकों को दस्तावेज सुधारने का मौका

12 अक्टूबर तक डिजिटल ऐप से जमा कर सकेंगे आवश्यक दस्तावेज, सत्यापन के बाद मिलेगी सदस्यता की मान्यता

मुंगेर (एनएसबी)। बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव में दस्तावेजों की त्रुटियों के कारण होल्ड पर रखे गए सदस्यता आवेदकों को सुधार का अवसर दिया गया है। इसके तहत चुनाव के लिए प्रतिनियुक्त जेडआरओ



कांग्रेस नेता के साथ बैठक करते प्रदेश नेता।

सद्दाम शेख ने शुक्रवार को कांग्रेस मुख्यालय तिलक मैदान मुंगेर में उम्मीदवारों से मुलाकात कर सत्यापन प्रक्रिया की जानकारी दी। सद्दाम शेख ने बताया कि वर्ष 2026 के युवा कांग्रेस चुनाव की प्रक्रिया जून में शुरू हुई थी। जुलाई तक नामांकन और अगस्त से सितंबर तक सदस्यता अभियान एवं मतदान की प्रक्रिया संचालित की गई। सदस्यता अभियान पूरा होने के बाद आवेदनों की जांच की गई। इस दौरान दस्तावेजों में कमियां मिलने पर कुछ आवेदन अस्वीकार किए गए, जबकि त्रुटियां सुधारने की संभावना वाले आवेदनों को होल्ड पर रखा गया है।उन्होंने बताया कि संबंधित आवेदक छह से 12 अक्टूबर 2026 तक युवा कांग्रेस के डिजिटल ऐप के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज जमा कर सकते हैं। दस्तावेजों की जांच में जानकारी सही पाए जाने पर आवेदनों को स्वीति देकर सदस्यता की मान्यता प्रदान की जाएगी। बैठक में उम्मीदवारों से फर्म भरवाए गए तथा उनके दावों के समर्थन में साक्ष्य भी दर्ज किए गए, ताकि सत्यापन प्रक्रिया पूरी करने में सुविधा हो।मौके पर मुंगेर जिला कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राकेश कुमार मंडल ने उम्मीदवारों से सदस्यता सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करने में सहयोग करने की अपील की। जिला महासचिव संजय कुमार पोद्दार ने युवाओं से संगठन को मजबूत बनाने और संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।इस मौके पर बकाश अहमद चंदन कुमार पीयूष कुमार अंकित चौधरी एवं अन्य युवा साथी उपस्थित थे

दुर्गापूजा में गाइडलाइन का उल्लंघन किया तो रद्द होगा लाइसेंस

- विसर्जन और पूजा पंडालों में धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने वाले श्यों पर रहेगी सख्ती, थाना परिसर में पूजा समितियों के साथ बैठक

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर शुक्रवार को जमालपुर थाना परिसर में पुलिस प्रशासन और पूजा समिति के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में एसडीओ कुमार अभिषेक एवं एसडीपीओ अभिषेक आनंद ने पूजा समितियों को सरकार की गाइडलाइन का सख्ती से पालन करने का निर्देश


पूजा समिति के साथ बैठक करते पुलिस प्रशासन।

दिया।अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि दुर्गा पूजा मेला और प्रतिमा विसर्जन निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही होगा। पूजा पंडालों और विसर्जन के दौरान ऐसे श्य या गतिविधियां प्रदर्शित नहीं की जाएंगी, जिससे किसी धर्म की आस्था को ठेस पहुंचे अथवा सामाजिक सौहार्द बिगड़े। निर्देशों का उल्लंघन करने वाली पूजा समिति का लाइसेंस रद करने के साथ संबंधित लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। बैठक में पूजा समिति के सदस्यों ने पर्व के दौरान बिजली, पेयजल, सड़क, साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने की मांग उठाई। इस पर सर्किल इंस्पेक्टर शिव अमित प्रकाश कौशिक एवं जमालपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने भरोसा दिलाया कि मेले में विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रत्येक पूजा पंडाल में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। संवेदनशील स्थानों पर भी विशेष निगरानी रखी जाएगी, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित माहौल में पूजा-अर्चना कर सकें।बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी विजय शील गौतम, बीडीओ श्वेता कुमारी, सीओ प्रीति कुमारी, ईस्ट कलोनी थाना की एसआई पुष्पा कुमारी, एसआई पवन कुमार, जेई रामकिशोर सहित राजेश रमन उर्फ राजू यादव, बादल सिंह, लटोरी मंडल, बमबम यादव, नरेंद्र तांती, सोनू मंडल, भवेश चौधरी, महंत मनोहर दास, प्रमोद पासवान, प्रहलाद घोष, साई शंकर, रुपेश सहित कई लोग मौजूद थे।

सुरक्षित रेल संचालन पर इरीमी में रेल सुरक्षा का प्रशिक्षण संपन्न

दो सप्ताह के प्रशिक्षण में तकनीकी कार्यप्रणाली, विभागीय समन्वय और प्रशासनिक दक्षता की मिली जानकारी

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। भारतीय रेल यांत्रिक एवं विद्युत अभियंत्रण संस्थान इरीमी जमालपुर में भारतीय रेल सुरक्षा बल सेवा के छह ग्रुप-ए परिवीक्षाधीन अधिकारियों का दो सप्ताह का प्रशिक्षण शुक्रवार को संपन्न हो गया। इस अवसर पर संस्थान में आयोजित समापन सत्र में प्रशिक्षु अधिकारियों को प्रशिक्षण के दौरान अर्जित ज्ञान का व्यावहारिक कार्यक्षेत्र में प्रभावी उपयोग करने की सीख दी गई। साथ ही सुरक्षित रेल संचालन, विभागीय समन्वय, प्रशासनिक दक्षता और कार्य के प्रति जवाबदेही को बेहतर रेल व्यवस्था की आधारशिला बताया गया।संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा-2025 के माध्यम से चयनित छह प्रशिक्षु अधिकारियों रवि श्रीवास्तव, देवेंद्र लांबा, रुमा शिवांगी, शुभम शुभ, अक्षत बकलीवाल और सिमरन भाटी ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। इन अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम दो वर्ष की अवधि का है। इरीमी में आयोजित दो सप्ताह के प्रशिक्षण का उद्देश्य उन्हें भारतीय रेल की तकनीकी एवं परिचालन संबंधी कार्यप्रणाली से परिचित कराना और उनके व्यावसायिक ज्ञान को मजबूत करना था।

समापन सत्र को संबोधित करते हुए संस्थान के संकायाध्यक्ष एवं वरिष्ठ आचार्य प्रेम प्रकाश ने कहा कि भारतीय रेल जैसी विशाल और जटिल व्यवस्था में विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय, परस्पर सहयोग और उत्तरदायित्व की भावना बेहद जरूरी है। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान को अपने सेवाकाल में लागू करने तथा कार्यप्रणाली में दक्षता, पारदर्शिता और सकारात्मक कार्यसंस्कृति को बढ़ावा देने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि एक कुशल रेल अधिकारी के लिए प्रशासनिक दक्षता के साथ तकनीकी कार्यप्रणाली की समझ, अनुशासन, समयबद्धता और सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता भी आवश्यक है। अधिकारियों को निरंतर सीखने की प्रवृत्ति बनाए रखते हुए भारतीय रेल की कार्यक्षमता और सेवा गुणवत्ता में सुधार के लिए योगदान देना चाहिए।

प्रशिक्षण पूरा होने पर सभी छह अधिकारियों ने इरीमी, जमालपुर में मिले प्रशिक्षण और मार्गदर्शन के प्रति आभार जताया। मौके पर संस्थान के वरिष्ठ आचार्य राजीव कुमार, डिप्टी डीजी एवं सचिव टू डीजी प्रसेनजीत कुमार, शिशिरचंद्र शेखर, अरविंद कुमार सहित अन्य अधिकारी और संकाय सदस्य मौजूद रहे। सभी ने प्रशिक्षु अधिकारियों को भावी सेवाकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।गौरतलब है कि इरीमी जमालपुर भारतीय रेल के अधिकारियों के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। संस्थान का उद्देश्य अधिकारियों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान, व्यावहारिक दक्षता और सुरक्षित एवं प्रभावी रेल संचालन के लिए आवश्यक कौशल से सुसज्जित करना है।


कतार में खड़े प्रशिक्षु अधिकारी।

संक्षिप्त खबरें

बाढ़ प्रभावित लोगों की क्षतिपूर्ति की मांग की : विधायक

सोनपुर (एन एसबी) पूर्व विधायक ड़ रामानुज प्रसाद ने जिला पदाधिकारी,सारण को पत्र लिखकर सोनपुर विधानसभा में गंडक नदी के उफान से प्रभावित क्षेत्र को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र घोषित करने एवं टोपो लैंडधारी किसानों को भी फसल क्षतिपूर्ति दिलाने की मांग की। उन्होंने प्रेषित पत्र में कहा कि गंडक नदी में उफान एवं पानापुर और मकेर प्रखंडों में तटबंध टूटने के से सोनपुर विधानसभा का चंवर इलाका सहित सारण जिला का अधिकांश क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित हो गया हैं। दिघवारा प्रखंड के कुरैया पंचायत के अम्बेडकर नगर (नया टोला), बस्ती जलाल बैरिया गाछी पूरी तरह बाढ़ प्रभावित है। वहां के लोग रेलवे लाईन के किनारे शरण लिए हुए हैं,जहां पर पीने का पानी एवं खाने अभाव है। साथ ही सोनपुर प्रखंड के शिकारपुर पंचायत के खरियाडीह वार्ड नं5,8 एवं 9, शिकारपुर,बहेरवा गाछी का लाला गाछी, रसूलपुर बहेरवा गाछी नया टोला,चतुरपुर पंचायत के हरपुनन्द रेलवे किनारे आदि गांव भी बाढ़ से प्रभावित है।पूरे चंवर में बाढ़ का पानी भर जाने के कारण पशुओं के लिए चारा के अभाव के साथ-साथ किसानों की फसल बर्बाद होने से उनके सामने भूखमरी की समस्या उत्पन्न हो गया है। पूर्व में आए बाढ़ से सोनपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रभावित लोगों में से 70: लोग अभी भी अनुग्रहित राशि (जीआर) से वंचित है। साथ ही सोनपुर विधानसभा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित इलाका सबलपुर पूर्वी, सबलपुर मध्यवर्ती, सबलपुर उतरी,सबलपुर पश्चिमी एवं अकिलपुर दियारा आदि के किसानों को टोपो लैंड भूमि के कारण फसल क्षतिपूर्ति नहीं दिया जा रहा है जबकि टोपोलैंड भूमि का रजिस्ट्री हो रहा एवं सरकार इसका सर्वे भी करा रही हैं। फिर भी किसानों को फसल क्षतिपूर्ति राशि से वंचित किया जा रहा है। सोनपुर विधानसभा क्षेत्र में गंगा एवं गंडक नदी से प्रभावित सभी किसानों को फसल क्षतिपूर्ति के साथ साथ पशुओं के लिए चारा की व्यवस्था कराने के साथ ही अनुग्रहित राशि (जीआर) से वंचित लोगों को अनुग्रहित राशि (जीआर) दिलाने की मांग की।


विधायक डा. रामानुज प्रसाद।

शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर सात लोगों पर कार्रवाई

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और संभावित अपराध पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जमालपुर थाना पुलिस ने निरोधात्मक कार्रवाई की है। उपलब्ध विवरण के अनुसार, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170 के तहत तीन लोगों तथा धारा 126 के तहत चार लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। इस प्रकार कुल सात लोगों पर पुलिस ने कानूनी कार्रवाई की है।पुलिस रिकर्ड में बीएनएसएस की धारा 170 के तहत नित्य कुमार, गौरव कुमार और अंकित कुमार के नाम दर्ज हैं। वहीं,धारा 126 के तहत छोड़ा कुमार, गौरव कुमार, अप्पू कुमार, विराट चंगी और राउत सहित अन्य लोगों के नाम का उल्लेख है। हालांकि,


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

उपलब्ध सूची में कुछ नाम और विवरण स्पष्ट नहीं हैं। थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि अपराध पर नियंत्रण रखने और क्षेत्र में विधि-व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई है। पुलिस क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्क है तथा आवश्यकतानुसार कानूनी कदम उठाए जा रहे हैं।

विधायक बबलू मंडल की पहल रंग लाई, पूरे बिहार में स्कूल भवनों का होगा सोशल अडिट

खगड़िया (एनएसबी)। जिले के मानसी प्रखंड के अमनी गांव स्थित जटाधार मिश्रा प्राथमिक विद्यालय में सीढ़ी गिरने से छात्रा की मौत की दुखद घटना के बाद सदर विधायक बबलू कुमार मंडल द्वारा उठाया गया मुद्दा अब व्यापक स्तर पर सरकार की कार्रवाई का आधार बना है। विधायक ने घटना के बाद बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को पत्र लिखकर प्रदेश के सभी सरकारी विद्यालयों के भवनों की सुरक्षा जांच कराने की मांग की थी। विधायक की इस मांग को सरकार ने गंभीरता से लेते हुए पूरे बिहार में स्कूल भवनों के सोशल अडिट की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विधायक बबलू कुमार मंडल ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा उनकी मांग को स्वीकार करते हुए पूरे राज्य के विद्यालय भवनों की स्थिति का आकलन कराने का निर्णय बच्चों की सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बताते चले कि अमनी गांव स्थित जटाधार मिश्रा प्राथमिक विद्यालय में सीढ़ी गिरने से छात्रा की मौत की घटना ने विद्यालयों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए थे। घटना के बाद विधायक बबलू मंडल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री को पत्र भेजा था। पत्र में विधायक ने कहा था कि किसी भी विद्यालय में जर्जर अथवा कमजोर भवन बच्चों और शिक्षकों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। इसलिए केवल किसी एक विद्यालय की जांच तक सीमित रहने के बजाय पूरे बिहार के सरकारी विद्यालयों के भवनों की व्यापक जांच आवश्यक है। विधायक ने मुख्यमंत्री से मांग की थी कि जांच के दौरान जिन विद्यालय भवनों को पूरी तरह जर्जर और असुरक्षित पाया जाए, उन्हें आवश्यक प्रक्रिया के तहत ध्वस्त कर नए भवन का निर्माण कराया जाए। वहीं, जिन भवनों में मरम्मत के माध्यम से सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है, वहां तत्काल मरम्मत एवं जीर्णोद्धार का कार्य कराया जाए। उन्होंने विद्यालयों की छत, सीढ़ी, दीवार, कमरे, बरामदे सहित भवन के सभी महत्वपूर्ण हिस्सों की तकनीकी जांच कराने की आवश्यकता पर जोर दिया था, ताकि किसी संभावित दुर्घटना को समय रहते रोका जा सके। विधायक की मांग पर सरकार द्वारा पूरे बिहार में स्कूल भवनों के सोशल अडिट की प्रक्रिया शुरू किए जाने को महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। इसके माध्यम से विद्यालय भवनों की वास्तविक स्थिति का आकलन कर असुरक्षित एवं जर्जर भवनों को चिति किया जा सकेगा।


वधायक बबलू कुमार मंडल।

तीस वर्षीय युवक को सांप ने काटा

बेलदौर (एनएसबी)। बेलदौर नगर पंचायत के वार्ड नंबर चौदह में एक तीस वर्षीय युवक को सांप ने काट लिया। जानकारी पर परिजनों ने उसे तत्काल इलाज के लिए पीएचसी में भर्ती करवाया, जहां इलाज के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। घटना शुक्रवार के सबेरे पांच बजे के करीब की बताई जा रही है। पीड़ित युवक का पहचान लालगोल बासा निवासी स्वर्गीय सुरेंद्र शर्मा के तीस वर्षीय पुत्र जटाधारी कुमार के रूप मे की गई है। घटना के समय पीड़ित अपने गाय को चारा देने के लिए गया हुआ था। इसी क्रम में सांप ने उसके पैर में काट लिया।

संक्षिप्त खबरें

चकमेहसी में शस्त्र लाइसेंस का सत्यापन, 11 शस्त्रधारक रहे अनुपस्थित

चकमेहसी में 15 हथियारों का भौतिक सत्यापन, 11 शस्त्रधारक अनुपस्थित

चकमेहसी/एनएसबी। कल्याणपुर प्रखंड के चकमेहसी थाना परिसर में शुक्रवार को शस्त्र लाइसेंसधारकों के हथियारों एवं दस्तावेजों के भौतिक सत्यापन के लिए विशेष शिविर लगाया गया। अंचलाधिकारी के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में थाना क्षेत्र के कुल 26 पंजीकृत शस्त्रधारकों में से 15 ने अपने हथियारों का सत्यापन कराया, जबकि 11 शस्त्रधारक अनुपस्थित रहे। सत्यापन के दौरान शस्त्र लाइसेंस की वैधता, कारतूसों की संख्या और हथियारों की स्थिति की जांच की गई। इसके साथ ही संबंधित दस्तावेजों का भी भौतिक मिलान किया गया। प्रशासन ने अनुपस्थित शस्त्रधारकों को जल्द से जल्द सत्यापन कराने का निर्देश दिया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शस्त्र लाइसेंस से संबंधित नियमों का पालन करना और निर्धारित प्रक्रिया के तहत सत्यापन कराना अनिवार्य है। निदेर्शों की अनदेखी करने वाले शस्त्रधारकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक, डीजे पर प्रतिबंध और सीसीटीवी लगाने का निर्देश

चकमेहसी में दुर्गा पूजा पर डीजे बजाने पर रोक, पंडालों में सीसीटीवी लगाना अनिवार्य

चकमेहसी/एनएसबी। दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शुक्रवार को चकमेहसी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सदर एसडीओ राकेश कुमार, सदर-2 डीएसपी संजय कुमार, बीडीओ अरविंद कुमार, सीओ शशि रंजन एवं थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सहनी ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान पूजा समितियों को सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था से संबंधित कई निर्देश दिए गए। बैठक में सदर एसडीओ ने कहा कि भीड़भाड़ वाले पूजा स्थलों पर महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं के लिए प्रवेश और निकास की अलग-अलग व्यवस्था की जाए। बिना प्रशासनिक अनुमति के कलश यात्रा या जुलूस नहीं निकाला जाएगा। उन्होंने सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी। सदर-2 डीएसपी संजय कुमार ने स्पष्ट किया कि दुर्गा पूजा के दौरान डीजे बजाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। पूजा समितियों को पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी लोगों से आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की गई। किसी भी असामाजिक गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने को कहा गया। सुरक्षा के मद्देनजर बूढ़ी गंडक एवं बागमती नदी के किनारे बैरिकेडिंग करने की बात कही गई, ताकि बच्चे और अन्य लोग गहरे पानी में जाने से बच सकें। पूजा समितियों को युवाओं एवं बुजुर्गों को स्वयंसेवक के रूप में शामिल कर व्यवस्था संभालने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में मुखिया प्रतिनिधि मणि सिंह, उपसरपंच नंदन ठाकुर, शशि शंकर ठाकुर, सनी सिंह, कुंदन झा, रामबाबू महतो, राम दुलारी देवी, मुखिया ब्रजेश कुमार राय सहित कई जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी एवं पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

बिरसिंहपुर मंदिर से घंटी चोरी के आरोप में युवक गिरफ्तार

कल्याणपुर/एनएसबी। थाना क्षेत्र के बिरसिंहपुर चौक स्थित पुराने दुर्गा स्थान मंदिर से घंटी चोरी करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान बंगरा थाना क्षेत्र के हसनपुर कैजू गांव निवासी पारस कुमार सिंह के रूप में हुई है। वह राम सिंह का पुत्र बताया गया है। मामले में कल्याणपुर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। घटना के संबंध में पुलिस की ओर से विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है।

मुक्तापुर मोईन के सौंदर्यीकरण पर विवाद, जमीन के कागजात की जांच की मांग

पूर्व विधायक ने मुआवजे के बिना जमीन लेने पर उठाए सवाल, सीओ ने बताया सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे का मामला

कल्याणपुर/एनएसबी। प्रखंड के मुक्तापुर मोईन के सौंदर्यीकरण को लेकर शुक्रवार को भूमि विवाद सामने आया। जमीन पर अपना अधिकार जताने वाले किसानों ने प्रशासन की कार्रवाई का विरोध करते हुए भूमि के स्वामित्व की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। वहीं, अंचल प्रशासन का कहना है कि मोईन के समीप स्थित संबंधित जमीन बिहार सरकार की है, जिस पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर फसल लगा रखी है। मामले में पूर्व विधायक डॉ. अशोक प्रसाद वर्मा ने गरीब किसानों की जमीन बिना मुआवजा दिए अधिग्रहित किए जाने पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि किसानों के पास वर्ष 1955 के केवाला सहित जमीन से संबंधित दस्तावेज मौजूद हैं और संबंधित भूमि पर उनका करीब 20 वर्षों से कब्जा है। उन्होंने प्रशासन की कार्रवाई को अन्यायपूर्ण बताते हुए रैयतों के हितों की रक्षा करने की मांग की। पूर्व विधायक के अनुसार, कुछ रैयतों ने अपने जमीन संबंधी कागजात अंचल कार्यालय में भी जमा किए हैं। उन्होंने इस बात पर भी सवाल उठाया कि जिन महिलाओं के नाम पर जमीन दर्ज है, उनके पतियों के नाम नोटिस क्यों जारी किया गया।

13 लोगों को जमीन खाली करने का नोटिस

इस संबंध में अंचलाधिकारी शशि रंजन ने बताया कि मुक्तापुर मोईन के समीप करीब 60 बीघा जमीन बिहार सरकार की है। मौजा परतापुर के खेसरा संख्या 187 और 192 के अंतर्गत आने वाली सरकारी भूमि पर 13 लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर फसल लगाए जाने की शिकायत मिली है। इसको लेकर अंचल कार्यालय की ओर से संबंधित लोगों को जमीन खाली करने का नोटिस जारी किया गया है। नोटिस प्राप्त करने वालों में मुन्ना प्रसाद, सुरेंद्र झा, रोहित प्रसाद, उमेश प्रसाद, राजेश्वर प्रसाद, जवाहर प्रसाद, सुभाष प्रसाद, जयप्रकाश प्रसाद, ओम प्रकाश, परमानंद सिंह, विजय प्रसाद, रंजीत प्रसाद और संजय प्रसाद शामिल हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, नोटिस 7 सितंबर 2026 को जारी किया गया था। सीओ ने बताया कि संबंधित लोगों से जमीन के स्वामित्व से जुड़े दस्तावेज मांगे गए हैं। प्रशासन का दावा है कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर खेती की जा रही है, जबकि संबंधित लोग जमीन के बदले मुआवजे की मांग कर रहे हैं। निर्धारित प्रक्रिया के तहत जमीन खाली नहीं करने पर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

दस्तावेजों की जांच से समाधान की उम्मीद

मुक्तापुर मोईन के सौंदर्यीकरण की प्रक्रिया के बीच जमीन के स्वामित्व को लेकर किसानों और प्रशासन के दावों में विरोधाभास है। किसान पुराने दस्तावेजों और लंबे समय से चले आ रहे कब्जे का हवाला दे रहे हैं, जबकि प्रशासन भूमि को सरकारी बता रहा है। ऐसे में संबंधित कागजातों की जांच और जमीन की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होने के बाद ही विवाद के समाधान की उम्मीद है।

विद्यापतिनगर सीएचसी में 255 गर्भवती महिलाओं की हुई प्रसव पूर्व जांच, सुरक्षित मातृत्व के प्रति किया गया जागरूक

विद्यापतिनगर। एनएसबी। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विद्यापतिनगर में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 255 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने महिलाओं के स्वास्थ्य की स्थिति का आकलन करते हुए उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और सुरक्षित प्रसव के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। शिविर के दौरान गर्भावस्था में नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। चिकित्सकों ने महिलाओं को बताया कि समय-समय पर जांच कराने से गर्भावस्था के दौरान होने वाली संभावित जटिलताओं की पहचान समय रहते की जा सकती है। इससे मां और गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य की निगरानी करने तथा जरूरत पड़ने पर उचित उपचार उपलब्ध कराने में मदद मिलती है।

पौष्टिक आहार और नियमित जांच जरूरी

स्वास्थ्यकर्मियों ने गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक एवं संतुलित आहार लेने, आयरन और कैल्शियम की गोलियों का नियमित सेवन करने, व्यक्तिगत साफ-सफाई बनाए रखने तथा पर्याप्त आराम करने की सलाह दी। साथ ही, गर्भावस्था के दौरान किसी भी तरह की परेशानी होने पर लापरवाही नहीं बरतने और तत्काल चिकित्सकीय सहायता लेने के लिए जागरूक किया गया। चिकित्सकों ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान मां के शरीर में कई तरह के बदलाव होते हैं। ऐसे में नियमित जांच के माध्यम से रक्तचाप, खून की कमी और अन्य संभावित स्वास्थ्य समस्याओं पर नजर रखना आवश्यक है। समय पर चिकित्सकीय परामर्श मिलने से गंभीर जटिलताओं के जोखिम को कम करने में सहायता मिल सकती है।

दीक्षांत समारोह की तैयारियों में जुटा कृषि विश्वविद्यालय

20 नवंबर को होगा आयोजन, राज्यपाल के मुख्य अतिथि बनने की संभावना

पूसा। एनएसबी। डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा में आगामी 20 नवंबर को आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। समारोह को भव्य, आकर्षक और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने व्यापक स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। इसी सिलसिले में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पी.एस. पाण्डेय ने गुरुवार को वरीय अधिकारियों के साथ मैराथन बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। पांच घंटे से अधिक समय तक चली बैठक में समारोह की रूपरेखा, व्यवस्थाओं और विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में दीक्षांत समारोह के सफल आयोजन के लिए 25 से अधिक समितियों का गठन किया गया है। इन समितियों में 100 से अधिक वैज्ञानिकों, शिक्षकों और अधिकारियों को शामिल कर अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। मंच सज्जा, अतिथियों का स्वागत, डिग्री वितरण, सुरक्षा व्यवस्था, मीडिया प्रबंधन, खानपान, मंच संचालन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन सहित विभिन्न कार्यों के लिए समितियां बनाई गई हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन का प्रयास है कि समारोह के दौरान सभी व्यवस्थाएं बेहतर समन्वय के साथ संचालित हों।

राज्यपाल के आगमन की संभावना, प्रशासनिक तैयारियां तेज

विश्वविद्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, इस वर्ष के दीक्षांत समारोह में बिहार के राज्यपाल सह कुलाधिपति के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने की संभावना है। हालांकि, उनके आगमन की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। संभावित आगमन को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है। कुलपति डॉ. पी.एस. पाण्डेय स्वयं तैयारियों की निगरानी कर रहे हैं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे हैं।

एक हजार से अधिक विद्यार्थियों को मिलेगी उपाधि

दीक्षांत समारोह में वर्ष 2025 और 2026 में उत्तीर्ण हुए एक हजार से अधिक छात्र-छात्राओं को स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी की उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इसके अतिरिक्त, शैक्षणिक सत्र 2025 और 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जाएगा। समारोह में विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों को सम्मानित करने के साथ कृषि शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में उनकी भावी भूमिका को भी रेखांकित किया जाएगा। कुलपति डॉ. पी.एस. पाण्डेय ने कहा कि दीक्षांत समारोह केवल डिग्री वितरण का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों के जीवन में नई शुरूआत और भविष्य की नई उड़ान का प्रतीक है। यह अवसर विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और शैक्षणिक उपलब्धियों को सम्मान देने के साथ उन्हें समाज और देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करता है।

मिथिला की संस्कृति और परंपरा की दिखेगी झलक

इस वर्ष दीक्षांत समारोह की प्रमुख विशेषता इसकी मिथिला की समृद्ध संस्कृति और परंपरा पर आधारित थीम होगी। मंच सज्जा से लेकर अतिथियों के स्वागत तक में मिथिला पेंटिंग और स्थानीय सांस्कृतिक विरासत की झलक प्रस्तुत करने की योजना है। विश्वविद्यालय का उद्देश्य कृषि शिक्षा के साथ विद्यार्थियों को अपनी क्षेत्रीय संस्कृति, कला और परंपराओं के प्रति गौरव का भाव विकसित करने के लिए प्रेरित करना है।

वहीं, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, दीक्षांत समारोह के बाद विश्वविद्यालय का किसान मेला दिसंबर के पहले सप्ताह में आयोजित किया जा सकता है। हालांकि, इसकी तिथि की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। किसान मेले में कृषि की नवीनतम तकनीकों, उन्नत बीजों, आधुनिक कृषि यंत्रों और खेती से संबंधित नवाचारों का प्रदर्शन किए जाने की संभावना है। इसमें बिहार सहित देश के विभिन्न हिस्सों से हजारों किसानों के भाग लेने की उम्मीद है। मेले के माध्यम से किसानों को आधुनिक तकनीकों से परिचित कराने और कृषि उत्पादन बढ़ाने के उपायों की जानकारी देने का प्रयास किया जाएगा।

स्नातक मतदाताओं की आवाज बनेंगे अनिल कुमार झा : आलोक मेहता

राजद ने किया कार्यकर्ता सम्मेलन

दलसिंहसराय नगर। एनएसबी। बिहार विधान परिषद के दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर शुक्रवार को दलसिंहसराय स्थित एक निजी विवाह भवन में राष्ट्रीय जनता दल की ओर से उजियारपुर विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता बैठक सह मतदाता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महागठबंधन समर्थित राजद प्रत्याशी अनिल कुमार झा के पक्ष में स्नातक मतदाताओं से समर्थन जुटाने की अपील की गई। बैठक में पार्टी नेताओं ने शिक्षा, रोजगार और शिक्षित बेरोजगारों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा प्रभारी डॉ. सूरज दास ने की, जबकि संचालन उजियारपुर प्रखंड राजद अध्यक्ष रामलौलीन राय ने किया। समारोह में उजियारपुर के विधायक एवं पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता तथा दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से महागठबंधन समर्थित राजद प्रत्याशी अनिल कुमार झा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

शिक्षित युवाओं के मुद्दे सदन में उठाने की जरूरत

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक आलोक कुमार मेहता ने कहा कि अनिल कुमार झा शिक्षित, संघर्षशील और स्नातक मतदाताओं के हितों के प्रति समर्पित प्रत्याशी हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि स्नातक मतदाता एकजुट होकर उन्हें समर्थन देंगे, ताकि बिहार विधान परिषद में शिक्षित बेरोजगारों, युवाओं और स्नातकों की समस्याओं को मजबूती से उठाया जा सके। उन्होंने कहा कि शिक्षित युवाओं के सामने रोजगार, शिक्षा की गुणवत्ता और सम्मानजनक भविष्य जैसे कई महत्वपूर्ण सवाल हैं। इन मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने के लिए विधान परिषद में ऐसे प्रतिनिधि की जरूरत है, जो स्नातक मतदाताओं की समस्याओं को समझे और उनके समाधान के लिए लगातार प्रयास करे।



प्रथम वरीयता का मत देने की अपील

राजद प्रत्याशी अनिल कुमार झा ने स्नातक मतदाताओं से प्रथम वरीयता का मत देने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षा, रोजगार और स्नातक मतदाताओं के मान-सम्मान की रक्षा उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। निर्वाचित होने पर वे सदन में शिक्षित युवाओं, बेरोजगार स्नातकों तथा शिक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने मतदाताओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने और अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आह्वान किया। बैठक के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने चुनाव को लेकर संगठनात्मक तैयारियों, मतदाताओं से संपर्क और प्रचार-प्रसार की रणनीति पर भी चर्चा की।

इस अवसर पर जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर, वरीय नेता राजेश्वर महतो, दलित प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सत्यविन्द पासवान, जिला पार्षद हेमलता कुमारी, महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष ममता कुशवाहा, राज दीपक, मो. नैयर आलम सहित बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता और स्नातक मतदाता उपस्थित थे।

उर्स मेले में विधायक आलोक मेहता ने चढ़ाई चादर

क्षेत्र की खुशहाली और अमन-चैन की मांगी दुआ

दलसिंहसराय। एनएसबी। रमना स्थित दरगाह शरीफ हजरत लुकमान शाह रहमतुल्लाह अलैह के सालाना उर्स मेले में उजियारपुर के विधायक एवं पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता ने चादरपोशी कर क्षेत्र में अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की की दुआ मांगी। इस अवसर पर उन्होंने बिहार की उन्नति और समाज में आपसी भाईचारा तथा सौहार्द बनाए रखने की कामना की। दरगाह शरीफ में आयोजित सालाना उर्स में विभिन्न समुदायों के लोगों की भागीदारी देखने को मिली। यह दरगाह लंबे समय से आपसी प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता के प्रतीक के रूप में जानी जाती है। उर्स के अवसर पर श्रद्धालुओं ने दरगाह पर पहुंचकर अपनी श्रद्धा प्रकट की और क्षेत्र में शांति एवं समृद्धि की कामना की। चादरपोशी के दौरान विधायक आलोक कुमार मेहता ने कहा कि समाज की तरक्की और खुशहाली के लिए आपसी भाईचारा तथा सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखना जरूरी है। विभिन्न धर्मों और समुदायों के लोगों के बीच प्रेम एवं विश्वास की भावना सामाजिक एकता को मजबूत करती है। उर्स जैसे धार्मिक आयोजन समाज के विभिन्न वर्गों को एक-दूसरे के करीब लाने और साझा सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे आयोजनों से आपसी मेलजोल बढ़ता है और सामाजिक समरसता का संदेश दूर तक पहुंचता है। मौके पर प्रखंड राजद अध्यक्ष मो. जाबिर हुसैन, प्रधान महासचिव राज दीपक, पूर्व उप मुख्य पार्षद चंदन प्रसाद, मो. फैज सहित कई अन्य लोग मौजूद थे। सभी ने उर्स के अवसर पर आपसी सौहार्द और शांति बनाए रखने की भावना व्यक्त की।

दलसिंहसराय स्टेशन पर नमो भारत ट्रेन के ठहराव की मांग, सांसद नित्यानंद राय को ज्ञापन सौंपेगा यात्री संघ

दलसिंहसराय। एनएसबी। स्थानीय रेलवे स्टेशन पर नमो भारत ट्रेन के ठहराव की मांग को लेकर दैनिक रेल यात्री संघ ने पहल शुरू की है। बुधवार की शाम गोला पट्टी घाट स्थित मंदिर परिसर में संघ की बैठक अध्यक्ष राम कुमार लाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस मांग को लेकर स्थानीय सांसद सह केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

बैठक में उपस्थित सदस्यों ने कहा कि दलसिंहसराय क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग प्रतिदिन विभिन्न स्थानों पर आवागमन करते हैं। ऐसे में रेलवे स्टेशन पर नमो भारत ट्रेन का ठहराव होने से यात्रियों को सुविधा मिलने की उम्मीद है। संघ ने इस मांग को क्षेत्र के लोगों की प्रमुख जरूरत बताते हुए इसे संबंधित जनप्रतिनिधि और रेलवे प्रशासन तक पहुंचाने का निर्णय लिया।

छठ के बाद अन्य मांगों पर होगी चर्चा

बैठक में रेल यात्रियों से जुड़ी अन्य समस्याओं और सुविधाओं को लेकर भी चर्चा हुई। हालांकि, फिलहाल नमो भारत ट्रेन के ठहराव की मांग को प्राथमिकता देने पर सहमति बनी। संघ के सदस्यों ने निर्णय लिया कि छठ पर्व के बाद यात्रियों की अन्य समस्याओं पर विचार-विमर्श कर आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

यात्री संघ का मानना है कि रेलवे से जुड़ी समस्याओं को संगठित तरीके से उठाने और संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने से यात्रियों को बेहतर सुविधाएं दिलाने में मदद मिल सकती है। बैठक में संघ के सदस्यों ने इस दिशा में सामूहिक प्रयास जारी रखने पर जोर दिया।

मौके पर सुशील सुरेका, अरविंद ज्योति, रंजय राजू, देव भूषण चौधरी, राजीव चौधरी, वीरेंद्र राउत, श्रीधर प्रसाद, सूरज गुप्ता और अजय कुमार साह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

बोनस में बढ़ोतरी की मांग पर रेलकर्मियों का एक्स अभियान, 46,159 रुपये बोनस देने की उठाई मांग

समस्तीपुर। एनएसबी। रेलवे कर्मचारियों के बोनस में बढ़ोतरी की मांग को लेकर शुक्रवार को रेलकर्मियों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर विशेष अभियान चलाया। बोनस सुधार संयुक्त फोरम के आह्वान पर आयोजित इस अभियान में ईस्ट सेंट्रल रेलवे इम्प्लाइज यूनियन सहित विभिन्न रेल कर्मचारी संगठनों के सदस्यों ने हिस्सा लिया। सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक चले अभियान के दौरान कर्मचारियों ने ट्वीट और रीट्वीट के माध्यम से अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाने का प्रयास किया। अभियान के तहत रेलकर्मियों ने हैशटैग के माध्यम से बोनस की राशि बढ़ाने की मांग उठाई। कर्मचारियों का कहना है कि पिछले कई वर्षों से बोनस की राशि में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है, जबकि इस अवधि में रेलवे के कामकाज और माल ढुलाई में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

11 वर्षों से 17,951 रुपये बोनस मिलने पर नाराजगी

ईस्ट सेंट्रल रेलवे इम्प्लाइज यूनियन के मंडल अध्यक्ष मिथिलेश ठाकुर ने बताया कि रेलकर्मियों को पिछले 11 वर्षों से 17,951 रुपये बोनस मिल रहा है। उनके अनुसार, इस दौरान रेलवे की माल ढुलाई क्षमता और प्रदर्शन में वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि रेलवे की माल ढुलाई 110 से बढ़कर 160 मीट्रिक टन हो गई है, लेकिन कर्मचारियों को मिलने वाले बोनस में अपेक्षित वृद्धि नहीं हुई। उन्होंने मांग की कि बोनस की गणना छठे वेतन आयोग के तहत निर्धारित 7,000 रुपये के बजाय सातवें वेतन आयोग के 18,000 रुपये के न्यूनतम वेतन के आधार पर की जानी चाहिए। यूनियन का दावा है कि इस आधार पर बोनस की राशि बढ़कर 46,159 रुपये हो सकती है। कर्मचारियों का मानना है कि रेलवे के विकास और उत्पादन में योगदान देने वाले कर्मियों को उनकी मेहनत के अनुरूप बोनस मिलना चाहिए।

मांग पूरी नहीं होने पर जंतर-मंतर पर आंदोलन की चेतावनी

यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि बोनस में सुधार की मांग को लेकर इससे पहले 23 सितंबर को धरना-प्रदर्शन और चार अक्टूबर को भी एक्स पर अभियान चलाया गया था। इसके बावजूद मांगों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने के कारण कर्मचारियों ने दोबारा सोशल मीडिया अभियान के माध्यम से दबाव बनाने का प्रयास किया।

शिक्षक शिक्षा में भारतीय ज्ञान परंपरा के समावेश पर मंथन

पूर्व कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल ने प्रशिक्षुओं को किया संबोधित

कल्याणपुर। एनएसबी। स्वायत्त एवं नैक बी++ मान्यता प्राप्त संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में शुक्रवार को भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक शिक्षक शिक्षा के समन्वय पर विशिष्ट अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विषय था, ह्लशिक्षक शिक्षा में भारतीय ज्ञान परंपरा का एकीकरणः वर्तमान स्थिति और नवोन्मेषी संभावनाएंह्व भारतीय ज्ञान प्रणाली प्रकोष्ठ के तत्वावधान में तथा आरएसी के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में भावी शिक्षकों को भारतीय ज्ञान-विरासत की प्रासंगिकता, उसके शैक्षणिक उपयोग और आधुनिक शिक्षण पद्धतियों में उसके समावेश की संभावनाओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के पूर्व कुलपति एवं संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के प्रोफेसर प्रो. (डॉ.) रजनीश कुमार शुक्ल थे। उन्होंने बीएड प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की। उनके व्याख्यान में भारतीय दर्शन, संस्कृति, भाषा, साहित्य, ज्ञान-विज्ञान और जीवन-मूल्यों को समकालीन शैक्षिक संदर्भों से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया।



भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने पर जोर

वक्ताओं ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा केवल अतीत की सांस्कृतिक विरासत नहीं है, बल्कि इसमें वर्तमान शिक्षा व्यवस्था को अधिक मानवीय, मूल्यपरक और सृजनशील बनाने की व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं। शिक्षक शिक्षा में भारतीय ज्ञान के समावेश से भावी शिक्षकों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, नैतिक मूल्यों, तार्किक चिंतन और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति संवेदनशील बनाया जा सकता है। प्रो. शुक्ल ने अपने व्याख्यान में भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध दृष्टिकोणों की व्याख्या की। उन्होंने प्रशिक्षुओं को विषय से जुड़े प्रश्न पूछने और विचार-विमर्श में भाग लेने का अवसर भी दिया। संवादात्मक सत्र के माध्यम से प्रशिक्षुओं ने भारतीय ज्ञान प्रणाली की वर्तमान प्रासंगिकता तथा शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में इसके उपयोग को समझने का प्रयास किया।

मैथिल परंपरा के अनुसार अतिथि का स्वागत

कार्यक्रम का शुभारंभ मैथिल परंपरा के अनुसार मुख्य अतिथि के पाग और चादर से स्वागत-सम्मान के साथ हुआ। इसके बाद दीप प्रज्वलन किया गया। संगीत के सहायक प्रोफेसर रोहित कुमार और प्रशिक्षुओं ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। बीएड प्रशिक्षुओं के स्वागत गीत के बाद डॉ. अर्पणा कुमारी ने स्वागत संबोधन किया। कार्यक्रम की विषय-वस्तु की रूपरेखा डॉ. अमित कुमार पाण्डेय ने प्रस्तुत की। प्रशिक्षु प्रेरणा कुमारी और दर्पण कुमारी ने भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित प्रस्तुति देकर विषय के विभिन्न पहलुओं को सामने रखा। इसके बाद मुख्य वक्ता प्रो. शुक्ल का व्याख्यान हुआ, जिसमें प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्वेता द्विवेदी ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रोली द्विवेदी ने प्रस्तुत किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संदर्भ में भारतीय ज्ञान प्रणाली की प्रासंगिकता

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रोली द्विवेदी के नेतृत्व में आयोजित इस शैक्षणिक पहल का उद्देश्य भावी शिक्षकों को भारतीय ज्ञान-विरासत की गहराई से परिचित कराना और उसे वर्तमान शैक्षिक आवश्यकताओं से जोड़ना रहा। कार्यक्रम में नैतिक मूल्यों, तार्किक चिंतन, प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता, जीवन-दृष्टि और समग्र व्यक्तित्व विकास जैसी अवधारणाओं को शिक्षक शिक्षा में शामिल करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भी भारतीय ज्ञान, भाषाओं, कला, संस्कृति और परंपराओं को शिक्षा से जोड़ने तथा शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को अधिक समग्र और संदर्भपरक बनाने पर बल देती है। इसी परिप्रेक्ष्य में वक्ताओं ने भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक शिक्षा के लिए उपयोगी बताते हुए इसके नवाचारी प्रयोगों की संभावनाओं पर चर्चा की। कार्यक्रम का मूल संदेश रहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा अतीत की स्मृति मात्र नहीं, बल्कि वर्तमान शिक्षा को अधिक मानवीय, मूल्यपरक, सृजनशील और भविष्योपयोगी बनाने वाली समृद्ध विरासत है।

बैठक : स्कूलों में सुविधाओं के विकास पर विशेष निर्देश

अरवल (एनएसबी)। सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान के तहत विद्यालयों में आधारभूत संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण को लेकर बैठक आयोजित, 30 नवंबर 2026 तक कार्य पूर्ण करने का निर्देश विधायक कुर्था पप्पू कुमार वर्मा एवं जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस की संयुक्त अध्यक्षता मे समाहरणालय सभाकक्ष में सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान के अंतर्गत जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों में अवस्थित सभी उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालयों, माध्यमिक विद्यालयों एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालयों में आधारभूत संरचनाओं के विकास, मरम्मती कार्यों, आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता तथा निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विकास पर विशेष जोर बैठक में सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान के तहत विद्यालयों में कराए जाने वाले विभिन्न विकासात्मक कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान विद्यालयों में नरम्मती



बैठक करते विधायक और डीएम।

कार्य, शौचालयों की मरम्मत्ती, पेयजल एवं रनिंग वाटर की सुविधा, मिट्टीकरण, विद्युतीकरण तथा चहारदीवारी निर्माण सहित अन्य आवश्यक कार्यों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि शिक्षा विभाग से प्राप्त दिशा-निदेशों के अनुरूप माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में आधारभूत संरचनाओं के सुदृढीकरण एवं विकास से संबंधित कार्यों को विद्यालयों में उपलब्ध विकास कोष की राशि तथा निर्धारित प्रावधानों के अनुसार कराया जाना है। इसके लिए विद्यालयों द्वारा प्रस्तावित कार्यों का प्राक्कलन तैयार कर संबंधित विवरण गूगल शीट पर दर्ज किया गया है। इन प्रस्तावों के आधार पर प्राक्कलनों की तकनीकी स्वीकृति भी प्रदान की जा चुकी है। 30 नवंबर 2026 तक सभी कार्य पूर्ण करने का निर्देश जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस ने बैठक में उपस्थित सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया कि विद्यालयों में स्वीकृत मरम्मत्ती एवं निर्माण कार्यों को निर्धारित प्राक्कलन के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी संबंधित कार्यों को 30 नवंबर 2026 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं का विकास विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसलिए सभी प्रधानाध्यापक निर्माण एवं मरम्मती कार्यों की नियमित निगरानी करें तथा कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखें। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वीकृत योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। सभी कार्य निर्धारित मानकों एवं प्राक्कलन के अनुरूप संपन्न कराए जाए, ताकि विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं का लाभ विद्यार्थियों को मिल सके। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने का निर्देश बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा बीएसईआईडीसी के अभियंताओं को निर्देश दिया गया कि वे सभी संबंधित विद्यालयों का स्थलीय निरीक्षण करें तथा निर्माण एवं मरम्मती कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अभियंता निर्माण कार्यों की नियमित जांच करें और यह सुनिश्चित करें कि कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों एवं स्वीकृत प्राक्कलन के अनुरूप ही किए जा रहे हैं। उप विकास आयुक्त द्वारा भी विभिन्न विद्यालयों में प्रस्तावित निर्माण कार्यों के प्राक्कलन एवं संबंधित बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में विद्यालयों की आवश्यकताओं के अनुसार कार्यों को प्राथमिकता देने तथा उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग करने पर बल दिया गया।

विद्यालयों की समस्याओं के समाधान पर हुई चर्चा बैठक के दौरान उपस्थित सभी प्रधानाध्यापकों ने अपने-अपने विद्यालयों से संबंधित समस्याओं एवं आवश्यकताओं को जिला पदाधिकारी तथा माननीय विधायक के समक्ष रखा। विद्यालयों में भवन, मरम्मती, पेयजल, शौचालय, बहारदीवारी तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं से संबंधित विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस क्रम में बताया गया कि जिले में कुल 19 माध्यमिक विद्यालय भवनविहीन हैं।

संक्षिप्त खबरें

पितृपक्ष में रोटरी क्लब उरुवेला ने की तीर्थ यात्रियों की सेवा की



गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। पितृपक्ष के अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ उरुवेला, डिस्ट्रिक्ट 3250 की ओर से 8 अक्टूबर को सीताकुंड स्थित स्टॉल पर सेवा एवं वितरण परियोजना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्लब के 25 सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस दौरान श्रद्धालुओं एवं तीर्थयात्रियों के बीच 50 दर्जन केले, 80 किलो सेब, 600 लस्सी, 500 रस्क, 900 पैकेट बिस्किट एवं 600 गमछे वितरित किए गए। साथ ही खीर एवं पेयजल की भी व्यवस्था की गई। सेवा के साथ स्वास्थ्य जांच की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई। मौके पर ब्लड प्रेशर एवं ब्लड शुगर की जांच की गई तथा 500 टेस्टिंग किट का उपयोग किया गया। लगभग 85,000 की लागत से आयोजित इस सेवा परियोजना से बड़ी संख्या में श्रद्धालु लाभान्वित हुए। इस अवसर पर जीडी पब्लिक स्कूल की ओर से रोटरी क्लब के सदस्यों को सम्मानित भी किया गया। क्लब की अध्यक्ष रोटेरियन समीक्षा गौतम एवं सचिव रोटेरियन गुंजन अग्रवाल ने कहा कि पितृपक्ष के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा करना क्लब के लिए अत्यंत संतोष एवं सौभाग्य का विषय है। क्लब के सभी सदस्यों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

सड़क दुर्घटना में चाचा भतीजा की मौत

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। गया- बोधगया रोड पर हवाई अड्डा के निकट सड़क हादसे में चाचा-भतीजे की मौत हो गई। दोनों बाइक से बोधगया की ओर से लौट रहे थे, तभी गया एयरपोर्ट के पास उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसा रात में हुआ, लेकिन परिजनों को इसकी जानकारी अगले दिन सुबह मिली। मृतकों की पहचान बिमलेश (28) और रॉकी रॉय (25) के रूप में हुई है। दोनों मूल रूप से गया जिले के परैया प्रखंड स्थित बड़ेला गांव के रहने वाले थे। गया शहर के हनुमान नगर के पास भी उनका घर बताया जाता है।

पिंडदानियों ने पुलिस व्यवस्था की सराहना की

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। पितृपक्ष मेला महासंगम-2026 में बेगुसराय से आए पिंडदानी द्वारा गया पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था, विधि-व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं के प्रति सहयोगात्मक व्यवहार की सराहना की गई। श्रद्धालुओं ने कहा कि जिला प्रशासन ने पितृपक्ष मेला में आनेवाले लोगों के लिए अच्छी व्यवस्था की है।

दुर्गा पूजा को लेकर बहेरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

डोभीः दुर्गा पूजा एवं काली पूजा को लेकर बहेरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्थानीय गणमान्य लोग, जनप्रतिनिधि, पूजा समितियों के लाइसेंसधारी एवं वॉलेंटियर शामिल हुए। बैठक की जानकारी देते हुए बहेरा थानाध्यक्ष रविरंजन कुमार ने बताया शाम छह बजे बताया गया पूजा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर लोगों से सुझाव लिए गए। साथ ही पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। उपस्थित लोगों से आपसी भाईचारा एवं शांति बनाए रखते हुए पर्व मनाने की अपील की गई।

अबकी बार मुखिया ईमानदार के नारे के साथ महापरिवर्तन आंदोलन ने भरी हुंकार

कुर्था (एनएसबी)। कुर्था डाकबंगला परिसर में शुक्रवार को महापरिवर्तन आंदोलन के तहत प्रखंड शिष्ट मंडल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायतों के सर्वांगीण विकास, भ्रष्टाचार मुक्त समाज के निर्माण और आगामी पंचायत चुनाव में ईमानदार जनप्रतिनिधियों के चयन पर जोर दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी विनय कुमार सिंह ने आंदोलन का नारा दिया। अबकी बार मुखिया ईमानदार। उन्होंने कहा कि पंचायतों की तस्वीर बदलने के लिए ईमानदार और कर्मठ नेतृत्व जरूरी है। यदि मुखिया ईमानदारी और निष्पक्षता से काम करेंगे, तो विकास योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वयन होगा और ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान भी तेजी से हो सकेगा। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे जाति, धर्म और व्यक्तिगत संबंधों से ऊपर उठकर उम्मीदवार की ईमानदारी, कार्यक्षमता और विकास के प्रति प्रतिबद्धता के आधार पर अपना प्रतिनिधि चुनें। विनय कुमार सिंह ने प्रत्येक पंचायत में पंचायत शिष्ट मंडल गठित करने की अपील करते हुए कहा कि इसकी जिम्मेदारी योग्य, ईमानदार और कर्मठ व्यक्ति को मुखिया प्रत्याशी के रूप में आगे लाने की होनी चाहिए। ऐसा जनप्रतिनिधि चुना जाना चाहिए, जो बिना किसी भेदभाव के पंचायत के विकास में अपना योगदान दे सके। उन्होंने कहा कि गांवों में होने वाले छोटे-मोटे विवादों और स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए भी सामूहिक पहल जरूरी है। पंचायत शिष्ट मंडल आपसी बातचीत और समझदारी के जरिए विवादों को स्थानीय स्तर पर सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इससे सामाजिक सद्भाव मजबूत होगा और अनावश्यक विवादों में कमी आएगी।



पीसी करते आईपीएस अधिकारी।

मविवि, बोधगया में विशेषज्ञों ने बताए डिजिटल टूल्स, साहित्यिक शोध और अकादमिक लेखन के गुर

बोधगया (एनएसबी) मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के एफडीपी सेल द्वारा आयोजित छह दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम डिजिटल टूल्स एंड एआई इन रिसर्च मेथडोलॉजी के पाँचवें दिन शुक्रवार को चार सत्र हुए। यह आयोजन 5 से 10 अक्टूबर तक यूजीसी-एमएमटीटीसी (सीयूएसबी, गया), कुलाधिपति कार्यालय (लोक भवन) और बिहार उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से चल रहा है। पहला सत्र ऑनलाइन रहा। इसमें जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली के कंप्यूटर साइंस विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. खालिद रजा ने एआई फॉर डेटा एनालिसिस एंड इंटरप्रिटेशन इन साइंटिफिक रिसर्च पर व्याख्यान दिया। उन्होंने मशीन लर्निंग (सुपरवाइज्ड, अनसुपरवाइज्ड व रिइन्फोर्समेंट), डीप लर्निंग और एनएलपी को समझाया तथा स्वास्थ्य, ऑटोमोबाइल व शिक्षा में इसके उपयोग बताए। प्रतिभागियों ने ह्यवेकाह्य सॉफ्टवेयर पर डिसीजन ट्री का अभ्यास किया। संचालन डॉ. दिव्या मिश्रा ने किया, रैपोर्टियर डॉ. प्रियंका सिंह रहीं और समापन टिप्पणी डॉ. राहुल सिंह ने की। दूसरा सत्र भी ऑनलाइन रहा। आईआईटी पटना की मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ. प्रियंका त्रिपाठी ने बियॉन्ड क्लोज रीडिंगः ब्लेंडिंग डेटा एंड नैरेटिव इन लिटरेरी रिसर्च पर विचार रखे। उन्होंने मात्रात्मक-गुणात्मक डेटा, वर्णनात्मक-अनुमानात्मक विश्लेषण और सहभागी आख्यान शोध पर चर्चा की। उन्होंने अमिता बावीस्कर की कृति इन द बेली ऑफ द रिवर (1995) का उदाहरण देते हुए डेटा को कहानी में पिरोने का महत्व समझाया। संचालन डॉ. परम प्रकाश राय ने किया, रैपोर्टियर डॉ. संजय कुमार (अंग्रेजी) रहे और समापन टिप्पणी डॉ. वंदना कुमारी ने की। तीसरे ऑनलाइन सत्र में जामिया मिलिया इस्लामिया (शिक्षा संकाय) की डॉ. आरुम खान ने एआई-बेस्ड टूल्स इन रिसर्च विषय पर साहित्य-समीक्षा, संदर्भ-प्रबंधन और शोध सामग्री विश्लेषण में एआई टूल्स के विवेकपूर्ण उपयोग की जानकारी दी।



डीएम ने विष्णुपद क्षेत्र में दो घंटे तक स्वयं संभाली कतार व्यवस्था

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। 15 दिवसीय प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला 2026 का शनिवार को समापन हो जाएगा। लेकिन अपने पूर्वजों के प्रति श्रद्धा एवं धार्मिक आस्था के साथ बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों का गयाजी आगमन लगातार जारी है। देश के विभिन्न राज्यों से पहुंच रहे श्रद्धालु गया जी के विभिन्न वेदियों एवं घाटों पर अपने पितरों का तर्पण एवं पिंडदान कर रहे हैं। तीर्थयात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा मेला क्षेत्र में भीड़ प्रबंधन, सुगम आवागमन, सुरक्षा, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की सतत निगरानी की जा रही है।



आज होगा समापन

जिला पदाधिकारी विष्णुपद मंदिर के गर्भगृह में पहुंचे, जहां उन्होंने तीर्थयात्रियों से सीधे संवाद कर मेला के दौरान उपलब्ध कराई जा रही व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जिला प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना की तथा राज्य सरकार की ओर से उपलब्ध कराई गई सुविधाओं के प्रति संतोष व्यक्त किया। श्रद्धालुओं ने बेहतर भीड़ प्रबंधन, प्रशासनिक सक्रियता एवं सहयोगात्मक व्यवहार को लेकर अपनी प्रसन्नता जाहिर की।पिंडदान के उपरांत बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों के रेल मार्ग से अपने गंतव्य की ओर लौटने को ध्यान में रखते हुए जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, गया सुशील कुमार ने गया रेलवे स्टेशन के बाहरी परिसर एवं प्लेटफॉर्मों का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने स्टेशन पर यात्रियों की भीड़, आवागमन की स्थिति, सुरक्षा व्यवस्था तथा उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। जिला पदाधिकारी ने स्टेशन के बाहरी परिसर एवं प्लेटफॉर्मों पर पेयजल तथा शौचालय की व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त रखने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सभी आवश्यक सुविधाओं की नियमित निगरानी की जाए तथा जहां कहीं भी कमी दिखाई दे, उसे तत्काल दूर किया जाए। किसी भी प्लेटफॉर्म पर अनावश्यक रूप से भीड़ एकत्रित न होने पाए, इसके लिए संबंधित पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ लगातार कार्य करें।

पितृपक्ष महासंगम में लगाये गये सेवा शिविर का हुआ समापन



गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। डॉ. राजेंद्र प्रसाद स्कॉलरशिप एवं वेलफेयर ट्रस्ट , गयाजी द्वारा विष्णु पद मंदिर क्षेत्र मे पितृपक्ष महा संगम मे लगाये गये सेवा शिविर का समापन हो गया । 27 सितंबर 2026 से आरंभ करके कुल 14 दिनो तक ट्रस्ट के सदस्यों ने निस्वार्थ भाव से गया श्राद्ध करने आये तीर्थ यात्रियों की शरबत , नीम्बु पानी,चाय , खिचडी , पूरी सब्जी , हलवा , ठंडई, बिस्कुट, फल इत्यादि से सेवा करने का कार्य किया . सदस्यो के अतिरिक्त आदित्य सहाय , ऋतु राज बसंत , गोलोक बिहारी ,बंगलोर के आदित्य अग्रवाल सपरिवार तथा मैरिनो बिस्कुट की ओर से नीरज सिन्हा ने भी सहयोग दिया। शिविर की गतिविधियो को याद करते हुये प्रभात शंकर , राजेश सहाय , बिभूती भूषण , मंगलेश सिन्हा , सुनील सिन्हा भाव विभोर हो गये और अगले वर्ष भी सेवा करने का संकल्प लिया .यात्रियों की प्रतिक्रियाओं के आधार पर ट्रस्ट के अध्यक्ष मुकेश वर्मा ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि मेला क्षेत्र मे साफ सफाई , निशुल्क ई रिक्शा और व्हील चेयर की सुविधा की सभी ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। प्रशासन के आदेश का पालन करते हुए ट्रस्ट ने पलास्टिक के कप का उपयोग नही किया. प्रमोद सिन्हा , रंजन सिन्हा, कुमार गौरव ,रंजना सिन्हा, गौरव सिन्हा ने भी सेवा दिया। डॉक्टर अनुपम और डॉक्टर अमित जी का योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

विधायक ने उठाई 23 ग्रामीण सड़कों की मांग, मंत्री को सौंपी सूची

कुर्था (एनएसबी)। स्थानीय विधायक पप्पू कुमार वर्मा के द्वारा क्षेत्र में सड़क संपर्क बेहतर बनाने की दिशा में पहल से लोगों में एक उम्मीद दिख रही हैं की अब क्षेत्र के कई मुख्य सड़क बेहतर हो जाएंगे। विधायक पप्पू वर्मा ने कुर्था, करपी और बंशी प्रखंड की ग्रामीण सड़कों, नाला और पुल निर्माण से जुड़ी 23 प्रमुख समस्याओं की सूची ग्रामीण विकास कार्य मंत्री को सौंपी है। विधायक की इस पहल से क्षेत्र के लोगों में खुशी देखी जा रही है। सूची में कुर्था प्रखंड के सचई, सिकरिया, गंगापुर, फुलसाथर, प्रतापपुर, ढोंधरा, राजेपुर-बदमा, मोतीपुर बाजार, पिरही, मुसाढ़ी और खेमकरनसराय सहित विभिन्न गांवों की सड़क समस्याएं शामिल हैं। वहीं, करपी प्रखंड के अईयरा, नोनिया बिगहा, कुदरासी, नादी और रामपुर में सड़क निर्माण की मांग उठाई गई है। वही बंशी प्रखंड के खटांगी, रेपुरा, नादौखर, कुरमावां और अनुआ पंचायत के विभिन्न ग्रामीण मार्गों के निर्माण की मांग की गई है। मोतीपुर बाजार में एसएच-69 के दोनों ओर नाला निर्माण तथा मुसाढ़ी के पास गंगाहर नदी पर पुल बनाने का प्रस्ताव भी सूची में शामिल है। इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलने, गांवों का संपर्क मुख्य सड़कों से मजबूत होने और जलनिकासी की समस्या दूर होने की उम्मीद है। अब क्षेत्र के लोगों की नजरें इन प्रस्तावों पर विभागीय कार्रवाई और निर्माण कार्य शुरू होने पर टिकी हैं।



मंत्री से मिलते विधायक।

2 करोड़ 94 लाख की लागत से बने पंचायत सरकार भवन में सात माह में आई दरार

कुर्था(एनएसबी)। राज्य सरकार की ओर से ग्रामीणों को पंचायत स्तर पर ही सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पंचायत सरकार भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। सरकार की इस पहल का मकसद ग्रामीणों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाने से राहत दिलाना है लेकिन अरवल जिले के कुर्था प्रखंड अंतर्गत मानिकपुर पंचायत में नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन की स्थिति निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर रही है। जानकारी के अनुसार मानिकपुर पंचायत में लगभग दो करोड़ 94 लाख रुपये की लागत से पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराया गया है। हैरानी की बात यह है कि निर्माण कार्य पूरा होने के महज सात महीने के भीतर ही भवन की दीवारों में दरारें दिखाई देने लगी हैं। इतनी कम अवधि में भवन में दरार आने से स्थानीय ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि इतनी बड़ी राशि खर्च कर बनाए गए सरकारी भवन की गुणवत्ता बेहतर होनी चाहिए थी, ताकि लंबे समय तक इसका उपयोग किया जा सके। ग्रामीणों ने भवन निर्माण में इस्तेमाल की गई सामग्री और निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की अनियमितता हुई है, तो इसकी निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से भवन का स्थलीय निरीक्षण कराने और दरार आने के कारणों का पता लगाने की मांग की है। साथ ही निर्माण कार्य की गुणवत्ता की तकनीकी जांच कराकर आवश्यक मरम्मत कराने की भी मांग उठाई है। अब देखना यह है कि संबंधित विभाग इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच के लिए क्या कदम उठाता है। फिलहाल सात महीने में ही पंचायत सरकार भवन में दरार आने का मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस संबंध में प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी गोपाल जी ने बताया कि जहां दरार आई है वह मेंन बिल्डिंग का पाट नहीं है फिर भी निर्माण एजेंसी के द्वारा लगातार 3 साल या 4 साल मेंटेनेंस करता रहेगा।



टिकारी में चिल्ड्रेन पार्क का नामकरण दिनकर के नाम पर रखने की मांग

टिकारी (एनएसबी)। शहर के एकमात्र चिल्ड्रेन पार्क के नामकरण को लेकर इन दिनों चर्चा का बाजार गर्म है। पूर्व में पार्क के प्रवेश द्वार पर ह्यराजेंद्र बाबू चिल्ड्रेन पार्कह्ल का बैनर लगाया गया था, लेकिन बाद में नगर परिषद की ओर से वहां ह्यटिकारी बाल उद्यानह्ल का बोर्ड लगा दिया गया। इसके बाद पार्क के नामकरण को लेकर नई बहस शुरू हो गई है। समाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने जिला पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी एवं नगर परिषद को पत्र भेजकर चिल्ड्रेन पार्क का नाम ह्य राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर बाल उद्यान ह्य रखने तथा परिसर में उनकी आदमकद प्रतिमा स्थापित करने की मांग की है। सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने कहा कि राजेंद्र बाबू के नाम पर मेधावी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति योजना शुरू की जानी चाहिए। इससे विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।



उन्होंने कहा कि राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर का टिकारी से ऐतिहासिक संबंध रहा है। महाराजा गोपाल शरण सिंह के आग्रह पर दिनकर ने टिकारी में अपनी कविताओं का पाठ किया था। विगत कई वर्षों से यहां दिनकर जयंती समारोह भव्य स्वरूप में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें स्कूली बच्चे उनकी रचनाओं का पाठ कर साहित्य और राष्ट्रप्रेम के प्रति अपनी रुचि प्रदर्शित करते हैं।

डोभी में विदेशी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

डोभी (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के समेकित जांच चैकी डोभी पर वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक पिकअप वाहन से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब एवं बीयर बरामद की है। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने बताया कि टाटा कंपनी की पिकअप योद्धा वाहन की तलाशी लेने पर वाहन के डाला में रद्दी जूट के बोरे के नीचे छिपाकर रखी गई शराब बरामद हुई। जांच के दौरान कुल 216 लीटर अवैध विदेशी शराब एवं 1224 लीटर बीयर बरामद की गई, जो कुल 3024 बोतल बताई गई है। मामले में विकेश कुमार (26 वर्ष), पिता गंगम यादव, वार्ड-5, कमरुद्दीनपुर, थाना सिंघौल, जिला बेगूसराय निवासी को गिरफ्तार किया गया है। कार्रवाई में छापामार दल के उमेश चंद्र राय, राहुल तिवारी, उत्तम कुमार, दीपक कुमार सहित मधनिषेध सिपाही, सैप बल एवं गृह रक्षक जवान शामिल रहे।

डीएम के जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम में दो दर्जन से अधिक लोगों ने रखी अपनी समस्याएं

अरवल (एनएसबी)। जिला पदाधिकारी ने आयोजित किया जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम, विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों का किया गया त्वरित निष्पादन जिला पदाधिकारी अमृषा बैस द्वारा कार्यालय प्रकोष्ट में जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनता से साक्षात्कार में लगभग 34 नागरिकों के द्वारा अपनी समस्याओं से जिला पदाधिकारी को अवगत कराया गया। प्राप्त शिकायतें मुख्य रूप से नली-गली, भूमि विवाद, वासगीत पर्चा, परिमार्जन, अतिक्रमण, कब्जा, मारपीट, दाखिल खारिज, मनरेगा, राशन कार्ड, आवास योजना, प्रखण्ड कार्यालय, अंचल कार्यालय, थानाध्यक्ष कार्यालय, भूमि सुधार उप समाहर्ता कार्यालय, अनुमंडल कार्यालय, विद्युत विभाग, आपदा विभाग, शिक्षा विभाग, आईसीडीएस कार्यालय एवं शिक्षा विभाग से संबंधित थे। जनता से साक्षात्कार में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखी, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिया गया कि जनता की समस्याओं का समाधान शेष मामलों का त्वरित और पारदर्शी तरीके से करें। अरवल प्रखण्ड स्थित ग्राम परासी निवासी रेखा कुमारी द्वारा बताया गया कि मैं अत्यंत गरीब परिवार के सदस्य हूँ तथा राशन की सख्त जरूरी है। मेरे आवेदन को बिना जाँच किये ही प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा अस्वीकृत कर दिया गया है। राशन कार्ड बनवाने की कृपा प्रदान की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी अरवल एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को नियमानुसार जाँच कर आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। सोनभद्र वंशी सूर्यपुर प्रखण्ड स्थित ग्राम बखोरी बिगहा के ग्रामिणों द्वारा बताया गया कि शिवलखन सिंह एवं उनके परिवार द्वारा सार्वजनिक सामुदायिक भवन को अवैध तरिके से कब्जा कर नीजी कार्य एवं शराब का सेवन किया जा रहा है।



लोगों की समस्याएं सुनते डीएम।

संक्षिप्त खबरें

वृद्ध महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

हाजीपुर(दैनिक नवसंदेश) बेलसर थाना क्षेत्र के हजपुरा गांव में एक वृद्ध महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। घटना के बाद परिजन और स्थानीय लोग इकट्ठा हो गए। परिजनों द्वारा घटना की सूचना बेलसर थाने की पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही बेलसर थाना अध्यक्ष प्रवीण कुमार अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और कागजी कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया। मृतक की पहचान बेलसर थाना क्षेत्र के हजपुरा गांव निवासी लक्ष्मण सिंह के 70 वर्षीय पत्नी मीना देवी के रूप में हुई है। घटना के संबंध में मीरा देवी के परिजन जितेंद्र सिंह ने बताया कि मीरा देवी की इकलौती बहू रेणु देवी से घर में काम करने को लेकर लगातार झगड़ा लड़ाई हो रहा था। इसी विवाद को लेकर बहु रेणु देवी ने जहरीला पदार्थ दे दिया या खुद से जहरीला पदार्थ खाली है। इसकी स्पष्ट जानकारी हमें नहीं है। लेकिन बहू रेणु देवी से ही घर के कामकाज को लेकर लगातार विवाद हो रहा था। इस संबंध में बेलसर थाना अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने बताया कि हजपुरा गांव में पारिवारिक कलह से तग आकर एक महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। लिखित आवेदन प्राप्त होते ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

अधिवक्ताओं ने संघ के अध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा व महासचिव संजय कुमार सिन्हा

पटना सिटी(दैनिक नवसंदेश) अधिवक्ता संघ पटना सिटी के चुनाव को लेकर शुक्रवार को मतों की गिनती के बाद देर शाम चुनाव परिणाम की घोषणा चुनाव पदाधिकारी कंचन कुमार एवं तीन सदस्यीय कमेटी सदस्य सत्येन्द्र नाथ पांडेय, संजय कुमार और शैलेश कुमार पांडेय ने की. चुनाव अधिकारी ने बताया कि 26 पदों के लिए हुई गुरुवार को हुई वोटिंग के बाद शुक्रवार का मतों की गिनती के उपरांत अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा व महासचिव संजय कुमार सिन्हा बनाये गये है. चुनावन पदाधिकारी कंचन कुमार ने बताया कि विजेता हुए नवीन सिन्हा को 296 मत और महासचिव बने संजय कुमार सिन्हा को 260 मत आया. अधिवक्ता संघ के सत्र 2026-28 के पदाधिकारियों के लिए होने वाले चुनाव में उपाध्यक्ष के तीन, कोषाध्यक्ष के एक पद, संयुक्त सचिव और सहायक सचिव के तीन तीन पद, आडिटर के दो पद और कार्यकारिणी सदस्य के सात एवं वरीय कार्यकारिणी सदस्य के पांच पदों के लिए चुनाव हुआ था.

अनुशासित हो करे पढ़ाई

पटना सिटी(दैनिक नवसंदेश) अभिभावक शिक्षक गोष्ठी गायघाट स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय गुलाजरबाग में प्राचार्या प्रो श्रुति तेतरवे की अध्यक्षता में.सत्र 2026- 30 के लिए विद्यार्थियों के लिए आयोजित हुई. संगोष्ठी में प्राचार्या ने कॉलेज के नियम,अनुशासन,शैक्षणिक व सह शैक्षणिक गतिविधियों से अवगत कराते हुए नियमित कक्षा में अनुशासित होकर पढ़ाई करने को कहा. कार्यक्रम का संचालन डॉ उषा यादव ने की. इस दौरान अभिभावकों ने भी अपने विचार रखे.कार्यक्रम का संचालन डॉ उषा यादव ने की. आयोजन मे सेमेस्टर वन की विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया. कार्यक्रम में सहायक प्रोफेसर व विद्यार्थी भी शामिल थे.

उत्पाद विभाग ने जब्त की अंग्रेजी शराब दो पकड़ाया

30 लाख रुपये है कीमत,पकड़े गये से पूछता

पटना सिटी(दैनिक नवसंदेश) दीदारगंज थाना के दीदरगंज पुल के पास के पास ट्रक से उत्पाद मद्य निषेध विभाग की टीम ने गुप्त सूचना पर छापेमारी करते हुए अंग्रेजी शराब बरामद किया है.इस मामले में दो को गिरफ्तार किया गया है.उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त प्रेम प्रकाश ने बताया कि गुप्त सूचना पर मद्य निषेध निरीक्षक अजीत कुमार कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने छापेमारी कर शराब बरामद किया गया है. जब्त किये गये शराब 248 कार्टन में रखे दो हजार 232 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया है. इस मामले में हाजीपुर के राजा पाकर निवासी विशाल कुमार और सुमित कुमार को गिरफ्तार किया गया है.जब्त शराब की अनुमानित कीमत 30 लाख रुपये है. सहायक आयुक्त ने बताया कि इस मामले में पूछताछ से पता चला कि झारखंड से लाया गया था. हाजीपुर में ले जाना था. छापेमारी दल में दारोगा सोनम कुमारी,सअनि अजीत कुमार व डब्लू कुमार,सिपाही अभिजीत,राजकुमार,प्रदीप व सुरेंद्र शामिल थे.

मालसलामी में युवक की संदिग्ध मौत,पुलिस कर रही तफ़्तीश

पटना सिटी(दैनिक नवसंदेश) मालसलामी थाना के बड़ी नगला मुहल्ला निवासी 46 वर्षीय अरविंद कुमार मेहता की मौत हो गयी है. परिजनों की शिकायत पर मौके पर पहुंची मालसलामी थाना की पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेजा. थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट हो पायेगी. हालांकि मृतक के परिजनों का आरोप है कि पत्नी और ससुराल पक्ष के लोगों की प्रताड़ित करते हुए साजिश के तहत हत्या कर दी है. एफएसएल की टीम ने भी नमूना संग्रह किया था. थानाध्यक्ष ने बताया कि परिजनों के आरोपों की जांच की जा रही है. अभी लिखित आवेदन नहीं मिला है. थानाध्यक्ष के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ में यह बात सामने आयी कि थी कि गुरुवार की रात उसकी तबीयत खराब हो गयी थी. परिवार के लोग निजी उपचार केंद्र में उपचार कराया था. वहां से घर लाने के बाद वो सो गया. सुबह में मृत मिला था. पुलिस घटना से जुड़े हर बिंदु पर छानबीन कर रही है.

वाणिज्य मंच के पुनः जिला संयोजक बने संजीव गुप्ता



आरा (दैनिक नवसंदेश)। प्रतिष्ठित व्यवसायी संजीव गुप्ता को पुनः भाजपा वाणिज्य मंच के जिला संयोजक बनाया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज की अनुशंसा पर प्रदेश द्वारा पत्र जारी किया गया है। प्रदेश महामंत्री एवं संभाग प्रभारी नितिन अभिषेक, क्षेत्रीय प्रभारी प्रभाकर मिश्रा, जिला प्रभारी राजेश सिन्हा के मार्गदर्शन, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी व संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया के निर्देश पर वाणिज्य प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता द्वारा संजीव गुप्ता को जिला संयोजक बनाया गया है।

कुख्यात लिलि सिंह उर्फ अंशुमन उर्फ चांद पर 50 हजार का इनाम

आरा (दैनिक नवसंदेश)। सहार थाना क्षेत्र के एकवारी निवासी वांछित एवं फरार अपराधी लिलि सिंह उर्फ अंशुमन उर्फ चांद की गिरफ्तारी के लिए बिहार सरकार ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने दी। उन्होंने बताया कि लिलि सिंह मादक पदार्थ तस्करी समेत सात गंभीर आपराधिक मामलों में संलिप्त है। लंबे समय से फरार चल रहा है। वह सहार थाना क्षेत्र के एकवारी गांव निवासी सुनील कुमार का पुत्र है। सरकार ने गिरफ्तारी के लिए 50 हजार रुपये की पुरस्कार राशि स्वीकृत की है। पुलिस के मुताबिक, लिलि सिंह सात गंभीर आपराधिक मामलों में वांछित है। इनमें मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े मामले भी शामिल बताए गए हैं। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास कर रही है और संभावित ठिकानों पर छापेमारी एवं तकनीकी निगरानी के माध्यम से कार्रवाई की जा रही है।

हथियार, कारतूस एवं अंग्रेजी शराब के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

आरा (दैनिक नवसंदेश)। टाउन थाना पुलिस द्वारा सूचना के आधार पर बड़ी घटना को अंजाम देने से पहले ही दो बदमाश को गिरफ्तार कर लिया गया। उनकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के उजियार टोला बांध के पास से की गयी। तलाशी के दौरान उनके पास से एक देशी पिस्टल, तीन कारतूस, दो मोबाइल एवं दो लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। इसके अलावा उनके पास रहे बाइक को जब्त कर लिया गया। गिरफ्तार बदमाशों में टाउन थाना क्षेत्र के उजियार टोला मोहल्ला निवासी मंगरु बिंद का पुत्र जीतू कुमार एवं उसी मोहल्ले के निवासी बसावन प्रसाद का पुत्र राकेश उर्फ रॉकी है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने प्रेस नोट जारी कर दी। उन्होंने बताया कि टाउन थाना पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी की थाना क्षेत्र केके उजियार टोला बांध के पास एक बाइक पर सवार दो संदिग्ध लड़के हथियार के साथ किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। सूचना के पश्चात टाउन थाना पुलिस जैसे उजियार टोला बांध के पास पहुंची तो, देखा कि अपाची बाइक सवार दो संदिग्ध व्यक्ति पुलिस की गाड़ी को देखकर भागने का प्रयास करने लगे। तभी सशस्त्र बल के सहयोग से उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

बिजली तार गलाने की फैक्ट्री का उद्भेदन, चोरी के समान के साथ 3 गिरफ्तार



गोरौल(दैनिक नवसंदेश) वैशाली पुलिस ने बेलसर थानान्तर्गत सरकारी बिजली के तार को चोरी कर गलाकर बेचने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए चोरी के सामान तथा 01 वैन के साथ 03 अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

बेलसर थाना क्षेत्र अंतर्गत पटेढ़ा बुजुर्ग सहित आसपास के क्षेत्रों में बिजली के तार काटकर एल्युमिनियम चोरी करने की घटनाएँ सामने आ रही थीं। इस संबंध में प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर वरीय पुलिस अधीक्षक, वैशाली के निर्देशन में स्थानीय पुलिस एवं विद्युत विभाग के कनीय अभियंता के साथ गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए मामले की जांच प्रारंभ की। इसी क्रम में पुलिस को गुप्त सुचना मिली कि बेलसर थाना क्षेत्र अंतर्गत पटेढ़ा बुजुर्ग में कुछ व्यक्तियों द्वारा चोरी किए गए बिजली के तारों से एल्युमिनियम निकालकर उसकी ईंट बनाई जाती है तथा उसे विभिन्न स्थानों पर बेच दिया जाता है। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पटेढ़ा बुजुर्ग स्थित दीपक राम के बथान पर छापेमारी किया गया। जहाँ से बेलसर थाना निवासी दीपक राम एवं पश्चिमी चंपारण जिला के मुफसिल थाना निवासी विक्की कुमार को गिरफ्तार किया गया साथ ही इनके निशानदेही पर पटेढा टोक बृजकिशोर कुमार पिता शंकर राय को गिरफ्तार किया गया तथा मौके से 01 महिन्द्रा वैन, एल्युमिनियम की 117 सिल्लियाँ (लगभग 292.5 किलोग्राम), 06 गोलाकार एल्युमिनियम सिल्लियाँ (लगभग 30 किलोग्राम), एल्युमिनियम तार पिघलाने की भट्टी में प्रयुक्त लगभग 81 किलोग्राम की लोहे का बाल्टी तथा बिजली के तार के लगभग 600 टुकड़े (लगभग 50 किलोग्राम), लोहे का रड लगा करघी-02, लोहे का तावा-01, लोहे का बेलचा-01, लोहे का सरसी-02, लोहे का छोलनी-02, लोहे का साचा-05, कोयला 50 कि0ग्रा0 बरामद किए हैं। इसके अतिरिक्त चोरी में प्रयुक्त एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू भी जब्त किया गया है।गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ कर गिरोह के अन्य सदस्यों एवं चोरी की घटनाओं में उनकी भूमिका के संबंध में आगे की जांच की जा रही है।

बेलसर पी एच सी प्रभारी निगरानी टीम के हत्थे चढ़े

वेतन-इंसेंटिव कमीशन मामले में प्रभारी सहित तीन धराये



गोरौल (दैनिक नवसंदेश)। वैशाली जिले के पटेढ़ी बेलसर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अस्पताल प्रभारी कामिनी प्रसाद समेत तीन कर्मियों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार कर्मियों में प्रधान सहायक धीरेंद्र कुमार और डाटा ऑपरेटर हिमांशु कुमार शामिल हैं।निगरानी टीम तीनों को अपने साथ मुख्यालय ले गई।मिली जानकारी के अनुसार,पटेढ़ी बेलसर पीएचसी में शुक्रवार दोपहर अचानक निगरानी टीम पहुंची और कार्रवाई शुरू कर दी।इस दौरान अस्पताल प्रभारी समेत तीन कर्मियों को हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया गया। कार्रवाई से अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया।बताया जाता है कि आयुष्मान आरोग्य स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी सीएचओ जयपाल सिंह से वेतन एवं इंसेंटिव की राशि के भुगतान के एवज में कथित तौर पर दस प्रतिशत कमीशन की मांग की गई थी। इस संबंध में निगरानी अन्वेषण ब्यूरो को शिकायत मिली थी।शिकायत के आधार पर टीम ने मामले की जांच की और इसके बाद पीएचसी में छापेमारी की।निगरानी टीम की इस कार्रवाई को स्वास्थ्य विभाग में कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।हालांकि, मामले में आरोपों की पूरी स्थिति और आगे की कानूनी कार्रवाई से संबंधित आधिकारिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

डिजिटल साक्षरता एवं साइबर क्राइम पर एक दिवसीय प्रखण्ड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन



बिदुपुर (दैनिक नवसंदेश) वैशाली समाज कल्याण संस्थान और डिजिटल डेमोक्रेसी इनिशिएटिव के संयुक्त प्रयास से डिजिटल साथी : डिजिटल साक्षरता के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को सशक्त बनाने का जगरुकता अभियान बिदुपुर प्रखण्ड के पंचायतो में विगत तीन माह से किया गया है। उक्त कार्यक्रम के तहत आज एक दिवसीय प्रखण्ड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन संस्थान के प्रशिक्षण कक्ष में किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि चांदनी सुमन साइबर डी एस पी, साइबर क्राइम ब्रांच , हाजीपुर, वैशाली के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। डी एस पी महोदया के द्वारा डिजिटल साक्षरता एवं साइबर क्राइम से होने वाले अपराध और उसकी रोकथाम पर प्रमुखता से प्रकाश डाला । सम्बोधन में उन्होंने साइबर अपराध से बचाव एवं सुरक्षित इंटरनेट का इस्तेमाल करने के बारे में भी बताया एवं सोशल मीडिया, ऑनलाइन फ्रेंडशिप, साइबर ठगी, फर्जी लिंक, और व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से होनेवाले जोखिमों के बारे में भी अवगत कराया । फोन पर ओ टी पी मांगने वाले, फ्रॉड बैंक अधिकारी बनकर व्यक्तिगत जानकारी मांगने वाले, डिजिटल अरेस्ट करने वाले जैसे अनजान लोगों से सावधान रहने के बारे में जानकारी दिया। साइबर अपराध से संबंधित घटना होने पर स्थानीय थाना एवं साइबर थाना में अविलंब शिकायत दर्ज कराएं ताकि अपराधियों पर अविलंब कार्यवायी किया जा सके। साइबर घटना की जानकारी टोल फ्री नंबर 1930 पर दी जा सकती है। साथ ही उन्होंने व्हाट्सप्प के माध्यम से हो रही हैकिंग के बारे में बताया तथा लोगों को टू स्टेप वेरीफिकेशन को इस्तेमाल करने और उन्हे हमेशा ऐक्टिव रखने को कहा।

कार्यशाला के दौरान साइबर विशेसज्ञ अधिवक्ता रंजीत कुमार के द्वारा साइबर अपराध एवं उससे बचाव पर पी पी टी के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया गया।कार्यक्रम के दौरान बिदुपुर ब्लाक के पंचायत प्रतिनिधि , विध्यालय प्रतिनधि, साइबर थाना के प्रतिनिधि, जीविका दीदी, गठित डिजिटल चौपाल से जुड़े हुए चयनित डिजिटल मित्र और पी एल जी सदस्यों, युवा प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, कौशल किशोर ह्यविकलह्व ने किया।

नशे के कारोबार के खिलाफ महनार अनुमंडल में छापेमारी तेज, दो दिनों में तीन गिरफ्तार

चांदपुरा के भीखनपुर से 20 ग्राम कोटा बरामद, चोरी के 18 मीटर तार के साथ एक अन्य आरोपी गिरफ्तार



महनार(दैनिक नवसंदेश) ऑपरेशन नीलकंठ के तहत महनार अनुमंडल क्षेत्र में नशे के कारोबार के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी है। पिछले दो दिनों में चांदपुरा और देसरी थाना क्षेत्रों में कार्रवाई कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों मामलों में करीब 60 ग्राम कोटा बरामद किया गया है। वहीं, चोरी के तार के मामले में भी एक प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। शुक्रवार को महनार अनुमंडल पुलिस कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान एसडीपीओ प्रवीण कुमार ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में चांदपुरा थानाध्यक्ष शालिनी कुमारी को भीखनपुर के पास कोटा बेचने की सूचना मिली। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार किया। उसके पास से 49 डिब्बियों में रखा करीब 20 ग्राम कोटा बरामद हुआ। एसडीपीओ ने बताया कि एक दिन पहले देसरी थाना क्षेत्र में रेलवे स्टेशन के पास करीब 40 ग्राम कोटा के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया था। दोनों को जेल भेज दिया गया है। वहीं, चांदपुर थाना कांड संख्या 47/26 के प्राथमिकी अभियुक्त विक्की कुमार (20), पिता मुनटुन पासवान, निवासी मुस्तफापुर, थाना बिदुपुर को चोरी के 18 मीटर तार के साथ गिरफ्तार किया गया है। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

शहिद सोनू के परिजनों से मिलने पहुंचे महुआ के पूर्व विधायक डॉ मुकेश रोशन

महुआ (दैनिक नवसंदेश) महुआ प्रखंड क्षेत्र के शेरपुर मानिकपुर पंचायत के मोहनपुर गांव निवासी शहीद सोनू कुमार के पैतृक आवास पर शुक्रवार को महुआ के पूर्व विधायक डॉक्टर मुकेश रौशन पहुंचे। शहीद सोनू के घर पर पहुंच कर शहीद के तैल चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित की।उसके बाद परिजनों को ढाढस बंधाया।



इस मौके पर पूर्व विधायक डॉक्टर मुकेश रौशन ने स्थानीय प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाया कि एक शहीद का पार्थिक शरीर को देखने तक स्थानीय प्रशासन शहीद के घर तक नहीं पहुंचा। ये बहुत ही गंभीर बात है। वही पूर्व विधायक डॉक्टर मुकेश रौशन शहीद सोनू कुमार सिंह की मां बिना देवी, पत्नी माला कुमारी, दोनों पुत्र अर्नव और लड्डू शहीद के बड़े भाई दिलीप कुमार सिंह और परिवार के सभी सदस्यों से मिल कर जो भी सरकारी लाभ है उसे जल्द से जल्द उपलब्ध कराने की बातें कही। इस मौके पर उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी से शहीद सोनू कुमार सिंह के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की। इस मौके पर पूर्व विधायक डॉक्टर मुकेश रौशन के साथ सुनील सिंह, रणविजय यादव, मनीष राज धर्मेंद्र कुमार सिंह श्रीराम सिंह राजा सिंह सहित दर्जनों लोग शहीद के घर पहुंचे थे।

प्रेमचंद की पुण्यतिथि पर निर्माण रंगमंच द्वारा कफन की शानदार प्रस्तुति

बज्जिका नाट्य रूपांतरित कहानी कफन' का सफल मंचन किया, दर्शकों ने सराहा



हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश) प्रेमचंद की पुण्यतिथि के अवसर पर गांधी स्मारक पुस्तकालय के जगदीशचंद्र माथुर मंच पर निर्माण रंगमंच, हाजीपुर की ओर से 925वीं प्रस्तुति 'कफन' का बज्जिका नाट्य रूपांतरित का सफल मंचन किया गया। नाटक का बज्जिका नाट्य रूपांतरण एवं निर्देशन वरिष्ठ रंगकर्मी क्षितिज प्रकाश ने किया। नाटक का शुभारंभ समाजिक कार्यकर्ता संजय वर्मा, बज्जिका कवि व नाटककार अखौरी चंद्रशेखर, अनिल चौरसिया, रंगकर्मी देवेंद्र गुप्त, साहित्यकार संजय शांडिल्य, ने संयुक्त दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अतिथियों का स्वागत क्षितिज प्रकाश ने किया। वक्ताओं ने निर्माण के रंगयात्रा की सराहना की। वरिष्ठ साहित्यकार अखौरी चन्द्र शेखर ने कहा की थिएटर में प्रस्तुतियों का सफर तय कर निर्माण ने हाजीपुर को सांस्कृतिक पहचान दी है। अतिथि संजय वर्मा ने बज्जिका भाषा की विस्तार से चर्चा की।कहा की कफन का यह नया इंटरप्रिटेशन आज के समय में बेहद प्रासंगिक है। शोषण के खिलाफ यह मौन विद्रोह छात्रों को जरूर देखना चाहिए। ऐसी प्रस्तुति से युवाओं में साहित्य के प्रति रुचि बढ़ेगी। हम संस्था के इस प्रयास का स्वागत करते हैं। सामाजिक कार्यकर्ता अनिल चौरसिया ने कहा की घीसू-माधो को आलसी नहीं, विद्रोही के रूप में दिखाना साहसिक प्रयोग है। यह नाटक गरीब की पीड़ा को सामने लाता है। निर्माण रंगमंच ने इस बार 'कफन' को परंपरागत आलस्य की कहानी से अलग, अपनी भाषा बज्जिका में शोषण के खिलाफ मौन विरोध के रूप में प्रस्तुत किया। इस अवसर पर निर्माण की ओर वरिष्ठ महिला रंगकर्मी किरण देवी आम्रपाली रंग सम्मान से सम्मानित किया। मौके पर नाट्य प्रेमी, कलाकार, साहित्यकार व बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे। अंत में रंगमंच एवं फिल्म के वरिष्ठ कलाकार नाना पाटेकर के निधन पर दो मिनट का मौन श्रद्धांजलि दी गई। नाटक में कलाकारों ने अपने जीवंत अभिनय कहानी को साकार किया। क्षितिज प्रकाश - घीसू , रविशंकर पासवान (माधो), रघुआ चोर की भूमिका में प्रफुल्ल कुमार के अभिनय ने खूब तालियां बटोरीं। बिट्ठल नाथ सूर्य (चौधरी), विवेक यादव, रोहित गोस्वामी, रणधीर कुमार, विनोद हाजीपुरी और डॉ. कपिलेश्वर, आनंद कुमार,विक्की कुमार सहित महिला कलाकार किरण देवी, सुनीता कुमारी, और अनुप्रिया ने सशक्त अभिनय किया। रूप सज्जा रंगकर्मी प्रो अमरेश श्रीवास्तव, वस्त्र पलक राय एवं पुष्पम, लाइट यशवंत राज व तरुणेश और संगीत लक्की राज, उदघोषणा विट्ठल नाथ सूर्य ने किया।

संक्षिप्त खबरें

रुपये के विवाद में सास ने बहू को लाठी से पीटा,सिर फटा

कटेया (दैनिक नवसंदेश) कटेया थाना क्षेत्र के सूकसेनवा पांडेय पट्टी गांव में रुपये के विवाद को लेकर सास द्वारा बहू की पिटाई करने का मामला सामने आया है।इस दौरान लाठी से सिर पर चोट लगने के कारण बहू घायल हो गई। पुलिस को दिए आवेदन में राकेश कुशवाहा की पत्नी मीना देवी ने बताया कि उन्होंने अपनी ननद सुमन देवी को एक व्यक्ति से 50 हजार रुपये कर्ज लेकर दिए थे।इसमें से 17,500 रुपये वापस मिल गए थे,जबकि शेष 32,500 रुपये बकाया थे।रुपये लौटाने के लिए उन्होंने अपनी ननद से कई बार रुपए मांगे,लेकिन वादा करने के बावजूद उन्हें रुपये वापस नहीं मिले। इसी बात से नाराज होकर वह अपनी ननद का मोबाइल लेकर आ गईं और कहा कि रुपये लौटाने पर मोबाइल वापस कर देंगी।तीन अक्टूबर को करीब एक बजे इसी विवाद को लेकर उनकी सास धुना देवी उनसे झगड़ा करने लगीं।आरोप है कि गाली-गलौज करते हुए उन्होंने लाठी से मीना देवी के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह बेहोश होकर गिर गईं और उनका सिर फट गया।पीड़िता ने अपनी सास पर अक्सर मारपीट करने का भी आरोप लगाया है।वहीं पुलिस ने पीड़िता के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

मारपीट व चेन छीनने का आरोप, मां-बेटी पर प्राथमिकी

कटेया (दैनिक नवसंदेश) कटेया थाना क्षेत्र के लखराव चट्टी में शौचालय के विवाद को लेकर महिला से मारपीट और सोने की चेन छीनने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने मां-बेटी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। दर्ज प्राथमिकी में सुनील शर्मा की पत्नी मायावती देवी ने आरोप लगाया है कि एक अक्टूबर की शाम करीब चार बजे विकास शर्मा की पत्नी नीलम देवी और उनकी बेटी दीपा कुमारी ने गाली-गलौज करते हुए बाल पकड़कर उन्हें जमीन पर पटक दिया। इसके बाद लात-मुक्के और लाठी-डंडे से मारपीट की,जिससे उनके पेट और शरीर में अंदरूनी चोटें आईं।बचाने पहुंचीं उनकी देवरानी सरिता देवी और रिक्षा देवी के साथ भी मारपीट की गई।आरोपितों पर शौचालय की दीवार तोड़ने का प्रयास करने और सोने की चेन छीनने का आरोप भी लगाया गया है।पीड़िता ने बताया कि शौचालय के बदले वर्ष 2023 में 45 हजार रुपये दिए गए थे।पुलिस पीड़ित महिला के दिए आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।



जमसड़ बाजार और इटवा में महावीरी अखाड़ा मेला में युवाओं ने किया शौर्य का प्रदर्शन

उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) उचकागांव थाना क्षेत्र के जमसड बाजार और इटवा धाम पर महावीरी अखाड़ा मेला का आयोजन किया गया। जमसड़ बाजार में आयोजित हुए महावीरी अखाड़ा मेले में रघुवा, जमसड़, त्रिलोकपुर व त्रिलोकपुर टोला का महावीरी अखाड़ा जुलूस शामिल हुआ। जबकि इटवा धाम पर आयोजित हुए महावीरी अखाड़ा मेले में उजरा नारायणपुर, सलेमपट्टी, धर्मन टोला, बलभद्रपट्टी व इटवा गांव का महावीरी अखाड़ा जुलूस शामिल हुआ। जिसमें लाठी, केसरिया ध्वज व महावीर जी की प्रतिमा के साथ युवकों ने जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान युवकों ने अपने-अपने जुलूस में लाठी भांजकर अपने शौर्य का जमकर प्रदर्शन किया। डीजे की धुन पर युवक खूब थीरकते नजर आए। विधि व्यवस्था को लेकर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार झा, बीडीओ मनोज कुमार पडित, राजस्व अधिकारी अनमोल त्रिपाठी, अपर थानाध्यक्ष टिंकू कुमार, दरोगा आनंद कुमार सिंह, जमदार कन्हैया लाल सिंह, आसिफ रसूल खान सहित कई पदाधिकारी एवं पुलिस बल के जवान मौके पर तैनात थे।

36 लीटर देसी शराब के साथ बाइक सवार दो बालक निरुद्ध

यूपी से बिहार आ रहे थे दोनों, उत्पाद विभाग की टीम ने जांच के दौरान पकड़ा

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) कुचायकोट थाना क्षेत्र के बथना कुटी बाजार के समीप एनएच-27 पर उत्पाद विभाग की टीम ने बाइक सवार दो विधि विरुद्ध बालकों को 36 लीटर देसी शराब के साथ निरुद्ध किया।दोनों उत्तर प्रदेश की ओर से बाइक से बिहार आ रहे थे।तलाशी के दौरान उनके पास से 180 पीस देसी शराब के टेट्रा पैक बरामद किए गए।उत्पाद अधीक्षक अमृतेश कुमार ने बताया कि उत्पाद विभाग की टीम बथना कुटी बाजार के पास एनएच-27 पर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान उत्तर प्रदेश की ओर से आ रही एक बाइक को रोककर तलाशी ली गई।तलाशी के क्रम में बाइक सवार दोनों बालकों के पास से 180 टेट्रा पैक देसी शराब बरामद हुई, जिसकी कुल मात्रा 36 लीटर थी।शराब बरामद होने के बाद उत्पाद विभाग की टीम ने दोनों विधि विरुद्ध बालकों को निरुद्ध कर लिया।आवश्यक पूछताछ के बाद दोनों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित न्यायालय में भेज दिया गया।



लग्जरी कार से 342 लीटर देसी शराब बरामद, गोरखपुर का युवक गिरफ्तार

फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) श्रीपुर पुलिस ने शुक्रवार को थाना क्षेत्र के मिश्र बतरहा बाजार से 342 लीटर देसी शराब बरामद की है।शराब नदी लग्जरी कार को भी जब्त कर लिया गया। इस कार्रवाई में पुलिस ने उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के बांसगांव थाना क्षेत्र के पिपरिया गांव निवासी नेवास चैहान को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में मुजफ्फरपुर शराब ले जाने की बात सामने आई है। थाना अध्यक्ष सिंपी कुमारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली के थाना क्षेत्र के मिश्रा बत्रा के रास्ते सफेद रंग के कार से शराब की तस्करी की जा रही है। गश्ती दल के सहयोग से वाहन जांच अभियान के क्रम में शराब लदी का को पकड़ लिया गया ।गिरफ्तार आरोपित के स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।



बरारी जगदीश में शराब के नशे में देवर ने महिला को पीटा

उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) उचकागांव थाना क्षेत्र के बरारी जगदीश गांव में शराब के नशे में एक व्यक्ति ने 52 वर्षीय महिला प्रमिला देवी के साथ गाली-गलौज किया गया। वहीं विरोध करने पर उनके कूल्हे पर कुदाल के बेट से हमला कर बुरी तरीके से घायल कर दिया। घटना चार अक्टूबर की शाम की है। घायल महिला का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। मामले में घायल महिला प्रमिला देवी के आवेदन पर अपने देवर वशिष्ठ सहनी के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

जिलाधिकारी के जनता दरबार में सुनी गईं आम लोगों की समस्याएं, अधिकारियों को समय सीमा में निष्पादन का निर्देश

समस्तीपुर। एनएसबी। जिले के आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान और जन शिकायतों के त्वरित निष्पादन के उद्देश्य से जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने समाहरणालय में आयोजित जनता दरबार में लोगों की शिकायतें सुनीं। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी ने आवेदकों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में आए लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। प्राप्त आवेदनों के आधार पर संबंधित मामलों की प्रकृति को समझते हुए अधिकारियों को जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा गया। जिन मामलों में स्थलीय जांच आवश्यक है, उनमें संबंधित पदाधिकारियों को मौके पर जाकर स्थिति का आकलन करने और नियमानुसार उचित कदम उठाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों का निष्पादन निर्धारित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनके समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। किसी भी मामले में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए।

चित्रकला प्रतियोगिता में नाजिस नूर ने मारी बाजी

जिले में हासिल किया प्रथम स्थान

फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) जिला स्थापना दिवस के अवसर पर एस.एस. बालिका उच्च विद्यालय, गोपालगंज में आयोजित जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में सहयोगी उच्च विद्यालय सह इंटर कॉलेज, बथुआ बाजार, फुलवरिया प्रखंड की कक्षा 10वीं की छात्रा नाजिस नूर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय, प्रखंड एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में गोपालगंज जिले के सभी प्रखंडों से छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच नाजिस नूर ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मक सोच, मेहनत और कलात्मक कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार और पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। इस उपलब्धि के लिए 2 तारीख को अंबेडकर भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपर समाहर्ता द्वारा नाजिस नूर को मेडल देकर सम्मानित किया गया। जिला स्तर पर मिली इस सफलता ने विद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में विद्यार्थियों की प्रतिभा को एक नई पहचान दी है। नाजिस नूर की इस शानदार सफलता पर सहयोगी उच्च विद्यालय सह इंटर कॉलेज, बथुआ बाजार के विद्यालय परिवार की ओर से भी उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार ने छात्रा को मेडल, ₹500 नकद पुरस्कार तथा अन्य सामग्री प्रदान कर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। विद्यालय परिवार के इस सम्मान का उद्देश्य छात्रा का उत्साह बढ़ाना और अन्य विद्यार्थियों को भी अपनी प्रतिभा निखारने के लिए प्रेरित करना है। इस सफलता के पीछे छात्रा की मेहनत और लगन के साथ-साथ उनके मार्गदर्शक शिक्षक लाल बाबू कुमार (फाइन आर्ट्स शिक्षक) का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनके मार्गदर्शन, प्रोत्साहन और उचित दिशा-निर्देश ने नाजिस नूर को प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। शिक्षक लाल बाबू कुमार के सहयोग और छात्रा की मेहनत के सार्थक परिणाम के रूप में यह उपलब्धि सामने आई है। विद्यालय परिवार ने छात्रा नाजिस नूर और उनके मार्गदर्शक शिक्षक लाल बाबू कुमार को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस उपलब्धि से विद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं को भी कला, शिक्षा एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। नाजिस नूर की यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि विद्यार्थी की प्रतिभा, निरंतर मेहनत और शिक्षक के सही मार्गदर्शन से सफलता की नई ऊँचाइयों को प्राप्त किया जा सकता है।



जिला विधिक सेवा प्राधिकार, द्वारा बाढ़ पीड़ितों के बीच राहत सामग्री का वितरण

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) गोपालगंज जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में कल दिनांक 08.10.2026 को अपराह्न में गोपालगंज प्रखंड अंतर्गत कठघरवा पंचायत के खाप मकसुदपुर गांव में बाढ़ पीड़ित परिवारों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया गया स उक्त राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम की अध्यक्षता गोपालगंज प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गीता गुप्ता द्वारा किया गया स कार्यक्रम का उद्देश्य बाढ़ से प्रभावित परिवारों को आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराना तथा आपदा की इस कठिन परिस्थिति में उनके साथ संवेदनशीलता एवं सहयोग का भाव प्रकट किया गया स कार्यक्रम में व्यवहार न्यायालय के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गीता गुप्ता के अलावा प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय धीरेंद्र कुमार सिंह, जिला अपर एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम कुमार सिंह, कैलाश जोशी, राजेन्द्र कुमार पाण्डेय, राकेश रंजन सिंह विवेक कुमार त्रिपाठी, जिला अपर एवं सत्र न्यायाधीश सप्तम, सब जज अमरेंद्र कुमार राज, अनूप कुमार उपाध्याय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अनूप कुमार उपाध्याय के अलावा अन्य एस डी एम एवं अन्य कार्यपालक पदाधिकारीगण भी उपस्थित थे स इस कार्यक्रम में लगभग 200 से अधिक बाढ़ प्रभावित पीड़ित परिवारो के बीच राहत सामग्री का वितरण न्यायिक पदाधिकारीगण द्वारा किया गया स जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत सामग्री पहुंचाने के साथ-साथ उन्हें विधिक सहायता एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक भी किया गया । कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि आपदा की घड़ी में प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता एवं सहयोग उपलब्ध कराने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार हमेशा प्रतिबद्ध है।



(जिला जज बाढ़ पीड़ितों के बीच वितरण करती सामग्री)

उचकागांव में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत महिलाओं की हुई जांच

उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) प्रखंड मुख्यालय स्थित उचकागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार के दिन शिविर लगाकर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दौरान प्रशिक्षित एएनएम शोभा कुमारी के देखरेख में अस्पताल में आने वाली गर्भवती महिलाओं की हीमोग्लोबिन, बीपी, वजन, वीडीआरएल, एचआईवी आदि की जांच की गई। वही निशुल्क आयरन व कैल्शियम की दवा उपलब्ध कराई गई। इस दौरान प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक मनोज कुमार ने गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान भोजन में उपयोगी पोषक तत्व, कैल्शियम व आयरन गोली खाने के लाभ और गर्भावस्था के दौरान बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह की नौ तारीख को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शिविर लगाकर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की जाती है। वहीं निशुल्क दवा का वितरण किया जाता है। मौके पर अस्पताल में कार्यरत काफी संख्या में जीएनएम, एएनएम, आशा कार्यकर्ता एवं गर्भवती महिलाएं उपस्थित थीं।



(जांच करते चिकित्सक)

एडीएम राजेश्वरी पांडेय के ठिकानों पर एसवीयू की छापेमारी

आय से 100 फीसदी अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) गोपालगंज की अपर जिला दंडाधिकारी (एडीएम) राजेश्वरी पांडेय के ठिकानों पर शुक्रवार को विशेष निगरानी इकाई (एसवीयू) की टीम ने छापेमारी की। उन पर ज्ञात आय से 100 फीसदी अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। आरोपों के सत्यापन के बाद निगरानी टीम ने तलाशी अभियान शुरू किया है। मिली जानकारी के अनुसार राजेश्वरी पांडेय के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत मिली थी। इसके बाद एसवीयू ने आरोपों का सत्यापन किया और उनके ठिकानों पर तलाशी की कार्रवाई शुरू की। फिलहाल छापेमारी के दौरान बरामद संपत्ति और दस्तावेजों के संबंध में आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आयी है। जांच पूरी होने के बाद ही मामले में स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। राजेश्वरी पांडेय बिहार प्रशासनिक सेवा की अधिकारी हैं और बीपीएससी की 47वीं बैच से संबंधित बतायी जाती हैं। गोपालगंज में एडीएम के पद पर तैनाती से पहले वह विभिन्न जिलों और विभागों में जिम्मेदारी संभाल चुकी हैं। उनके पूर्व पदस्थापनों में पूर्णिया में सीनियर डिप्टी कलेक्टर, योजना एवं विकास विभाग में ओएसडी, धमदाहा में एसडीएम, बारसोई में एडीएम और मोतिहारी में आपदा प्रबंधन से जुड़ी जिम्मेदारी शामिल रही है। राजेश्वरी पांडेय का मूल निवास रोहतास जिले के करगहर क्षेत्र स्थित ठोहसन गांव बताया जाता है। एसवीयू की टीम तलाशी के दौरान संपत्ति से जुड़े दस्तावेजों और अन्य तथ्यों की पड़ताल कर रही है। छापेमारी में क्या-क्या मिला है, इसकी जानकारी जांच पूरी होने के बाद ही सामने आने की उम्मीद है।



(एडीएम राजेश्वरी पांडेय का फाईल फोटो)

दुर्गा पूजा में डीजे बजाने पर रहेगा प्रतिबंध, पंडालों में सीसीटीवी अनिवार्य

शांति समिति की बैठक में प्रशासन ने दिए निर्देश

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) कुचायकोट प्रखंड में आगामी दुर्गा पूजा(दशहरा) पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर शुक्रवार को कुचायकोट थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता अंचल पदाधिकारी मनोरंजन कुमार शुक्ला ने की।इसमें पंचायत प्रतिनिधियों और पूजा समितियों से जुड़े लोगों ने भाग लिया।बैठक में पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने और प्रशासनिक दिशा-निदेर्शों का पालन करने पर जोर दिया गया।बैठक को संबोधित करते हुए सीओ मनोरंजन कुमार शुक्ला ने कहा कि पर्व-त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में सभी की सहभागिता जरूरी है।सार्वजनिक स्थलों पर पूजा पंडाल स्थापित करने वाली समितियों को प्रशासन से अनुमति लेनी होगी। साथ ही प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा।थानाध्यक्ष दर्पण सुमन ने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।निर्धारित मानकों के अनुरूप लाउडस्पीकर ही बजाए जा सकेंगे।सभी पूजा पंडालों के परिसर और आसपास सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य होगा।इसके अलावा अग्निशमन विभाग द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों का भी पालन करना होगा।उन्होंने कहा कि प्रतिमा विसर्जन के दौरान निर्धारित मार्ग से ही जुलूस निकालना होगा।साथ ही निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रतिमा विसर्जन सुनिश्चित करना होगा।प्रशासन ने पूजा समितियों और पंचायत प्रतिनिधियों से पर्व के दौरान आपसी सौहार्द बनाए रखने तथा विधि-व्यवस्था कायम रखने में सहयोग करने की अपील की।बैठक में जितेंद्र चैबे, गुड्डू सिंह, मनीष सिंह, धर्मेंद्र मिश्रा, मन्नु सिंह, चंद्रकांत सिंह, बड़ा बाबू मिश्र, प्रकाश कुशवाहा, लक्ष्मी नारायण सिंह और विवेक सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



कटेया थाना में शांति समिति की बैठक

पूजा और जुलूस को लेकर जारी किए गए सख्त दिशा-निर्देश

कटेया (दैनिक नवसंदेश) कटेया थाना परिसर मे थाना अध्यक्ष अवधेश कुमार के नेतृत्व मे प्रखंड विकाश पदाधिकारी अर्चना कुमारी ,अंचलधिकारी सुजाता राज की मौजूदगी मे आगामी त्योहारों के मद्देनजर शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूजा समितियों, आयोजकों एवं स्वयंसेवकों के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने, अफवाह फैलाने तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जारी दिशा-निदेर्शों के अनुसार, पूजा पंडालों का निर्माण निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप करना होगा। पंडाल में प्रवेश एवं निकास के लिए पर्याप्त व्यवस्था, अग्निशमन यंत्र, आपातकालीन मार्ग तथा बिजली की सुरक्षित व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। पंडाल के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगाने और उनकी रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखने का भी निर्देश दिया गया है। भीड़ नियंत्रण के लिए पर्याप्त संख्या में प्रशिक्षित स्वयंसेवकों की तैनाती अनिवार्य होगी। प्रशासन ने डीजे एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों के इस्तेमाल को लेकर भी स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। निर्धारित ध्वनि सीमा और समय का पालन करना होगा। बिना अनुमति डीजे बजाने तथा आपत्तिजनक, अश्लील या किसी समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले गीतों के प्रसारण पर रोक रहेगी। जुलूस एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में किसी भी प्रकार की भड़काऊ गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पूजा समितियों को जुलूस निकालने से पहले निर्धारित मार्ग, समय और आवश्यक अनुमति सुनिश्चित करनी होगी। जुलूस के दौरान यातायात बाधित नहीं करने, सड़क पर अनावश्यक अतिक्रमण नहीं करने तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है। बिजली के तारों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल प्रशासन को सूचना देने को कहा गया है। प्रशासन ने सोशल मीडिया पर भ्रामक, आपत्तिजनक या सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाली सामग्री प्रसारित नहीं करने की हिदायत दी है। किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तत्काल पुलिस को देने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की गई है। पूजा समितियों को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि आयोजन में शामिल सभी सदस्य एवं स्वयंसेवक जारी दिशा-निदेर्शों का पालन करें। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि त्योहारों के दौरान शांति, सद्भाव और सुरक्षा बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



(बैठक में मौजुद अधिकारी व अन्य)

कुचायकोट सीएचसी में अब 63 तरह की पैथोलॉजिकल जांच की सुविधा

जांच के लिए निजी लैब और जिला मुख्यालय जाने से मिलेगी राहत

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) कुचायकोट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कुचायकोट में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक नई पहल की गई है।अब अस्पताल में खून और पेशाब समेत 63 तरह की पैथोलॉजिकल जांच की सुविधा मिलेगी।स्वास्थ्य विभाग की ओर से जांच सेवाओं का विस्तार करते हुए शुक्रवार से इसकी शुरूआत की गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. श्याम सुंदर कुमार ने जांच प्रक्रिया का शुभारंभ किया।उन्होंने बताया कि पहले अस्पताल में सीमित जांच की सुविधा उपलब्ध थी।अब जांच का दायरा बढ़ने से मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही विभिन्न प्रकार की जांच कराने में सहूलियत होगी।इससे उन्हें जांच के लिए निजी लैब या जिला मुख्यालय जाने की परेशानी से राहत मिलेगी और समय की भी बचत होगी।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि अस्पताल में हीमोग्लोबिन, टीएलसी,प्लेटलेट काउंट और कंप्लीट ब्लड काउंट (सीबीसी) समेत खून एवं पेशाब की कुल 63 तरह की जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।जिन जांचों के लिए आवश्यक मशीनें अस्पताल में उपलब्ध नहीं हैं, उनके सैंपल प्रतिदिन जिला मुख्यालय स्थित लैब में भेजे जाएंगे।उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय की लैब में भेजे गए सैंपल की जांच रिपोर्ट अगले दिन संबंधित मरीज के मोबाइल पर उपलब्ध करा दी जाएगी।इसके बाद मरीज रिपोर्ट दिखाकर चिकित्सक से आवश्यक परामर्श ले सकेंगे।जांच सुविधाओं के विस्तार से मरीजों को समय पर बीमारी की पहचान कराने और उचित उपचार प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

